वाराणसी, शुक्रवार, 11 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 273, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अंदर- विराट की नई कामयाबी: टी-20 फॉर्मेट में चार हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैट्समैन

अंदर- आखिर डिम्पल को ही क्यों अखिलेश ने उतारा ?

# मैनपुरी में मुलायम की दो बहुओं में होगी टक्कर!

## उपचुनाव में रोमांचक मुकाबला, आमने-सामने हो सकती हैं डिम्पल और अपर्णा

**मैनपुरी लोकसभा सीट**

**सपा ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को बनाया प्रत्याशी, अखिलेश खुद करेंगे चुनाव का संचालन**

**भाजपा हाईकमान ने अपर्णा को दिल्ली बुलाया, देर शाम तक अपर्णा के साथ चली बैठक, आज हो सकता है नाम का ऐलान**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा गढ़ बन चुकी मैनपुरी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी अपना कब्जा बना सकती है। भाजपा ने यूपी में जिस तरह से कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ अमेठी में सेंध लगाई है। कुछ वैसी ही तैयारी अब मैनपुरी को लेकर भी कर रही है।

सपा संरक्षक धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव (नेताजी) के परलोक सिधार जाने से रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा की सीट पर पांच दिसंबर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा भी बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। समाजवादी पार्टी की तरफ से नेताजी की बड़ी बहू कन्नौज की पूर्व सांसद डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद बीजेपी इस सीट पर बड़ा दांव खेल सकती है। नेताजी की दोनों बहुएं चुनाव में आमने-सामने हों सकती हैं। भाजपा मैनपुरी से नेताजी की छोटी बहू अपर्णा यादव बिष्ट को लोकसभा उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बना सकती है।

अगर भाजपा ने अपर्णा को प्रत्याशी बना दिया,तो मैनपुरी में नेताजी की दोनों बहुओं में उनकी विरासत संभालने का बड़ा ही दिलचस्प चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं। नेताजी के चले जाने से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव को गुरुवार को सपा द्वारा पार्टी का प्रत्याशी बनाने की घोषणा की गई है। माना जा रहा है कि अब भाजपा उनके खिलाफ नेताजी की छोटी बहू अपर्णा यादव को मैदान में उतार सकती है।

सूत्रों की माने तो भाजपा हाई कमान ने गुरुवार को सपा द्वारा डिम्पल यादव को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद नेताजी की छोटी बहू अर्पणा यादव विष्ट को दिल्ली तलब कर लिया। दिल्ली पहुंचने के बाद देर शाम तक भाजपा हाईकमान के साथ अर्पणा की बैठक चली। बताया जा रहा है कि बैठक में भाजपा ने अर्पणा को मैनपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार भी कर लिया है। शुक्रवार को भाजपा अर्पणा को प्रत्याशी बनाने की घोषणा भी कर सकती है। बताया जा रहा है कि बीजेपी ने इससे पहले नेताजी जी के छोटे भाई शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को चुनाव लड़ाना चाह रही थी। लेकिन शिवपाल इस पर तैयार नहीं हुए।



मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी के नाम का एलान कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। सपा ने गुरुवार को उनके नाम की घोषणा कर दी। बता दें कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी मैनपुरी से उम्मीदवार के तौर पर डिंपल यादव के अलावा तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव के नाम पर विचार कर रही थी, लेकिन बृहस्पतिवार को डिंपल यादव के नाम पर मुहर लग गई है। डिंपल इससे पहले कन्नौज से सांसद रह चुकी हैं। फिरोजाबाद से भी चुनाव लड़ी थी, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। डिंपल यादव के चुनाव का संचालन खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। *कासं*

# हिंदुत्ववादी पीएम नरेंद्र मोदी को अल्टीमेटम दें

**स्वामी बोले**

**रामसेतु नहीं बना धरोहर तो 2024 में हारेगी बीजेपी**

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राज्यसभा सांसद रह चुके सुब्रमण्यम स्वामी ने फिर से अपनी ही सरकार और पार्टी को असहज किया है। उनका कहना है कि रामसेतु को सरकार धरोहर घोषित नहीं कर रही है। अगर ये सिलसिला चलता रहा तो 2024 में बीजेपी बुरी तरह से हारेगी। या फिर हिंदुत्ववादी ताकतें मोदी को ही हटाकर बीजेपी को चुनाव में शानदार जीत दिलाएंगी। उनका कहना है कि हिंदुत्ववादी ताकतों को चाहिए कि पीएम मोदी को वो आखिरी अल्टीमेटम दें।



उधर, रामसेतु मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में भी स्वामी के तेवर खासे तल्ख दिखे। रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर दायर स्वामी की याचिका पर आज सुनवाई होनी थी। लेकिन केंद्र ने फिर से स्थगन की अपील कर दी। स्वामी ने कोर्ट से कहा कि 8 साल से ये सिलसिला जारी है। हर बार केंद्र कोई न कोई तर्क देकर मामले की सुनवाई को टलवा देता है। स्वामी ने ये बात तब कही जब इस मामले में अपना पक्ष रखने के लिए केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से 2 सप्ताह का और समय मांगा। सीजेआई चंद्रचूड़ सिंह और जस्टिस हिमा कोहली की बेंच के समक्ष स्वामी ने कहा था कि केंद्र ने 13 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा था। लेकिन अभी तक हीलाहवाली ही चल रही है। उनका कहना था कि एक चिट्ठी में कहा गया है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता आज नहीं आ सकेंगे। उसके बाद केंद्र की तरफ से दो सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए मांगा गया।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

# सीएम योगी आज वाराणसी में सात जेटी का उद्घाटन और 8 का करेंगे शिलान्यास

**वाराणसी।** भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा 11 नवंबर को वाराणसी के रविदास घाट पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सात जेटी का उद्घाटन और आठ जेटी का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ दोपहर दो बजे से दो दिवसीय पीएम गतिशक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन का आयोजन बड़ालापुर स्थिति दीनदयाल हस्तकला संकुल में होगा। वाराणसी से लेकर कोलकाता के बीच कुल 60 जेटी बनाए जाने हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में सात जेटी तैयार हुए हैं, जिनमें वाराणसी के रविदास घाट, रामनगर, कैथी, चंदौली में बलुआ, गाजीपुर में कलेक्टर घाट, बलिया में उजियार घाट बरौली और शिवपुर शामिल हैं। उद्घाटन वाराणसी के रविदास घाट से 11 नवंबर को सुबह 11 बजे होगा, जबकि इस मौके पर आठ जेटी का शिलान्यास भी किया जाना है। विशिष्ट अतिथियों के अलावा दो हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था रविदास घाट पर की जा रही है। इस कार्यक्रम के बाद दोपहर दो बजे से पीएम गति शक्ति मल्टीमॉडल जलमार्ग शिखर सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम के माध्यम से बांग्लादेश, भूटान, नेपाल देशों के अलावा कई राज्यों को भी जोड़ने की कोशिश होगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सवार्नंद सोनेवाल, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री श्रीपत नायक, कैबिनेट मंत्री महेंद्र पांडेय, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आदि शामिल होंगे।

## ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मामले की सुनवाई को बेंच गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मामले की सुनवाई के लिए शुक्रवार को पीठ का गठन करेगा। हिंदूवादी संगठन की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन ने गुरुवार को इस मामले पर तुरंत सुनवाई की मांग की। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करने की बात कही है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को कुछ हिंदू भक्तों की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलों पर ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा देने का आदेश 12 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम कल दोपहर 3 बजे एक बेंच का गठन करेंगे।

# आजम नहीं लड़ पाएंगे रामपुर उप-चुनाव

**झटका**

**दोषसिद्धि पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी खारिज, सेशन कोर्ट ने सुनाया अपना फैसला**

**लखनऊ।** नफरती भाषण देने के मामले में निजली अदालत के फैसले पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी रामपुर की सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने रामपुर की सेशन कोर्ट को आज ही आजम खां की दोषसिद्धि के अपील के स्टे प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करने और फैसला देने के आदेश दिए थे। इस संबंध में कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब रामपुर उपचुनाव का रास्ता साफ हो गया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय एमपी एमएलए सेशन कोर्ट (न्यायाधीश आलोक दुबे की कोर्ट में) आजम खां के मामले पर सेशन कोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। आजम खां की तरफ से पूर्व अपर महाधिवक्ता इमरान उल्लाह बहस की। उन्होंने पूर्व में दिए गए फैसले का हवाला दिया।सपा नेता आजम खां को 27 अक्तूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई थी। कोर्ट से तीन साल की सजा मिलने के बाद अगले दिन 28 अक्तूबर को उनकी विधायकी रद्द कर दी और रामपुर विधानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग ने पांच नवंबर को रामपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव कराने का एलान कर दिया था। उपचुनाव के लिए गजट अधिसूचना 10 नवंबर को जारी होनी थी। उप चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य भी 10 नवंबर से शुरू होना था। इस बीच सपा नेता आजम खां ने सात नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर दाखिल की थी। उन्होंने सरकार की मंशा और चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में सुनवाई हुई। सपा नेता आजम खां ने बुधवार को ही सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की।



## तमिलनाडु के मदुरै की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**मदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै जिले के उसिलांबट्टी के पास गुरुवार को एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। विस्फोट के बाद फैक्ट्री में आग लग गई। इस हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहे 5 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 मजदूर घायल हैं। सिंधुपट्टी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया ब्लास्ट इतना जोरदार था कि फैक्ट्री में काम कर रहे 5 मजदूरों के शरीर के चीथड़े उड़ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। एसपी मदुरै ने इस हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया विस्फोट की वजह अभी तक पता नहीं चली है। जांच की जा रही है, जल्द ही कारण पता चल जाएगा। मृतकों की पहचान अम्मावासी, वल्लारासु, गोपी, विकी और प्रेमा के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में घायलों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इससे पहले सितंबर में तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले की एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। जिसमें 7 मजदूरों की मौत हुई थी जबकि कई मजदूर घायल हो गए थे। इससे पहले जुलाई में नेवेली लिग्नाइट पावर प्लांट में विस्फोट हुआ था। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 17 लोग घायल हो गए थे।

**सितंबर में तमिलनाडु के कुड्डालोर में 7 की हुई थी मौत**

# उत्तर बंगाल को अलग करने की हो रही साजिश

**ममता का आरोप**

**सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की योजना**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल को राज्य से अलग करने के लिए बिहार और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से आग्नेयास्त्रों की तस्करी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस उद्देश्य के लिए वीआईपी वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है और इस तरह के प्रयासों को रोकने के लिए जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने अधिकारियों से कड़ी निगरानी रखने को भी कहा, उनका कहना है कि कुछ लोगों की योजना दिसंबर से राज्य में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मतदाता सूची को अपग्रेड करने में शामिल अधिकारियों से कहा कि वे 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके लोगों को इसमें शामिल करें और किसी को भी धार्मिक पहचान से बाहर न करें। एक बैठक में सीएम बनर्जी ने आरोप लगाया कि साजिश रची जा रही है और कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लगभग 30 प्रतिशत मतदाताओं को नई सूची से बाहर कर दिया गया है। ममता बनर्जी ने बैठक में कहा कि मैं अधिकारियों से अनुरोध करती हूं कि चुनाव आयोग के नियम के अनुसार सभी का नाम शामिल करें।



## पहले दिन मैनपुरी में नहीं हुआ कोई नामांकन

**मैनपुरी।** लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के लिए कलक्ट्रेट पर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पहले दिन कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए नहीं पहुंचा। वहीं भाजपा नेता सतीश पाल ने एक पर्चा खरीदा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई।

# यूएस वीजा चाहने वाले भारतीयों के लिए गुड न्यूज

**यूएस ने उठाया कदम**

**एच और एल वर्क वीजा के लिए 100,000 स्लॉट भी खोले गए**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा की चाहत रखने वाले भारतीयों के लिए खुशखबरी है। एक तरफ जहां वीजा के लिए वेटिंग पीरियड कम किया जा रहा है। वहीं, एक लाख नए वीजा स्लॉट भी खोले गए हैं। इस दिशा में कुछ अहम कदम उठाए जा चुके हैं और नियमों में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा एच और एल वर्क वीजा के लिए 100,000 स्लॉट भी खोले गए हैं। अमेरिकी एंबेसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। इस साल अमेरिका ने भारतीय छात्रों को 82,000 स्टूडेंट वीजा जारी किया है। इसके बाद अगली प्राथमिकता अन्य वीजा से जुड़े वेटिंग पीरियड को खत्म करनी है। इनमें एच और एच कैटेगरी के अनिवासी वर्क वीजा के साथ प्रतिष्ठित एच-1बी वीजा, बी-1 बिजनेस वीजा, बी-2 टूरिज्म वीजा और शिपिंग व एयरलाइंस कंपनियों के क्रू के लिए वीजा भी शामिल हैं।

अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका शुरूआत में इन श्रेणियों में अप्लाई करने वालों पर आक्रामक ढंग से फोकस करेगा। इसके लिए ड्रॉप बॉक्स सुविधा का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा फर्स्ट टाइम अप्लाई करने वालों से पहले उन्हें तरजीह दी जाएगी उन्हें पहले वीजा दिया जा चुका है। इंटरव्यू क्लियर करने वाले सभी लोगों को वीजा जारी किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक कोशिश हो रही है कि वेटिंग पीरियड जितना हो सके कम किया जाए। साल 2023 के जून-जुलाई तक इस लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश रहेगी। इसके अलावा प्राथमिकता अमेरिका में मौजूद एच-1बी वीजा होल्डर भारतीयों को दी जाएगी, जो परिवार से मिलने के लिए देश आना चाहते हैं। इसके बाद पहली बार अप्लाई करने वालों पर फोकस किया जाएगा। भारत में गर्मियों तक स्टाफ 100 परसेंट हो जाएगा। अमेरिका भी इस कोशिश में लगा हुआ है। इसके लिए अस्थायी कर्मचारियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ ही भारतीयों के अप्लीकेशंस को प्रोसेसिंग के लिए रिमोट लोकेशंस पर भेजा जा रहा है।

# सरकार ने आधार के नियमों में किए बदलाव

**पहल**

**10 साल पूरा होने पर दस्तावेजों को करना होगा अपडेट**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने आधार के नियमों में संशोधन कर आदेश जारी कर दिए हैं। केंद्र द्वारा जारी आदेश के मुताबिक आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम से कम एक बार इसमें अपडेट करना जरूरी होगा।

इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आधार में अपडेट होने से केंद्रीय पहचान डेटा रिपोजिटरी में संबंधित जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी। मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आधार धारक आधार के नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कम से कम एक बार पहचान और निवास प्रमाणपत्र वाले दस्तावेजों का अपडेट करा सकते हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल नहीं होंगे पवार

**हेल्थ बनी बाधा**

**आदित्य ठाकरे शुक्रवार को यात्रा में होंगे शामिल**

**नांदेड़।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार स्वास्थ्य कारणों से कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। रमेश ने पत्रकारों को यहां संबोधित करते हुए कहा कि पवार (81) ने पहले इस पैदल यात्रा में शामिल होने पर सहमति जताई थी।

कांग्रेस के संचार महासचिव रमेश ने कहा कि हाल ही में वह (पवार) अस्पताल में भर्ती हुए थे और आराम करने की डॉक्टरों की सलाह के मद्देनजर वह यात्रा में शामिल नहीं होंगे। भारत जोड़ो यात्रा में शरद पवार की बेटी और एनसीपी की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सूले, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और एनसीपी नेता जितेंद्र आव्हाड, इस पैदल यात्रा में शामिल होने के लिए नांदेड़ पहुंच गए हैं। ये नेता राहुल गांधी की सार्वजनिक सभा में गुरुवार शाम को शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस रैली में शामिल होंगे। रमेश ने कहा कि पवार जब अस्पताल में थे तो राहुल गांधी ने उनसे बातचीत की थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पवार ने यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी सहमति जताई थी, आराम करने की डॉक्टरों की सलाह के कारण वह यात्रा में भाग नहीं लेंगे। शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे शुक्रवार को इस यात्रा में शामिल होंगे।



# गुजरात में भाजपा के 84 विधायकों का पत्ता साफ

## मोरबी ब्रिज हादसे में पानी में कूदकर लोगों को बचाने वाले को भी टिकट

**बदनामी से तौबा**

**रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को टिकट, कांग्रेस से आने वाले कई नेताओं को दिया टिकट**

**गांधीनगर।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को पहली लिस्ट जारी की। 180 विधानसभा सीटों में से अभी 160 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल घाटलोढ़िया से चुनाव मैदान में उतरेंगे। यहां उनके खिलाफ कांग्रेस की एमी यागनिक हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की जगह डॉ. दर्शिता शाह राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ेगीं। वहीं पार्टी ने वर्तमान सरकार में शामिल 5 मंत्रियों का भी टिकट काट दिया है। इनमें राजेंद्र त्रिवेदी और प्रदीप परमार जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं।

मोरबी में भाजपा ने मौजूदा विधायक बृजेश का टिकट काट दिया है। उनकी जगह पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। मोरबी पुल हादसे के वक्त कांतिलाल लोगों की जान बचाने के लिए मच्छू नदी में कूदे थे। उन्होंने जल्द रेस्क्यू के लिए वीडियो भी पोस्ट किया था। रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा को जामनगर उत्तर से टिकट दिया गया है। प्रद्युमन सिंह जडेजा (अबडासा), कुवरजी बावड़ियां (जसदन), जवाहर चावडा (मानावदर), हर्षद रिबडीया (विसावदर), भगा बारड (तालाला), अश्विन कोटवाल (खेडब्रह्मा), जीतू चौधरी (कपराडा) को बीजेपी से टिकट दिया गया है। ये सभी नेता 2017 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे। अब बीजेपी की ओर से मैदान में हैं।





टिकटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बुधवार को मीटिंग हुई थी। करीब 3 घंटे चली मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह शामिल हुए थे। मीटिंग में गुजरात की 182 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की गई।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा ने 84 विधायकों का टिकट काट दिया है, जबकि 75 विधायक को फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। स्पीकर डॉ. निमाबेन आचार्य का भी टिकट कट गया है। राजकोट की चारों सीट पर पार्टी ने नए चेहरे को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में होने वाली मीटिंग से पहले ही गुजरात के पूर्व सीएम, डिप्टी सीएम समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। इन नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को पत्र लिखकर चुनाव न लड़ने की घोषणा की।

भाजपा और कांग्रेस को प्रत्याशी चयन में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। इन दोनों दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती जातीय समीकरणों को साधकर उम्मीदवार उतारना है। इस चुनाव में बड़े और छोटे 18 समुदायों ने दलों से टिकट मांगा है। भाजपा से पाटीदार समुदाय ने 50 लोगों को टिकट देने को कहा। वहीं प्रजापति 10, कोली 72, ठाकोर 8, जैन 10-15, क्षत्रिय 25, अहीर 12, ब्राह्मण 10, इसके अलावा बंजारा, माली, भोई, राणा, खारवा, मेर, वाघेर जैसी अन्य छोटी जातियों ने भी अलग सीटों की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी ने मोरबी के पूर्व विधायक कांतिलाल अमृतिया को टिकट दिया है। पार्टी ने सीटिंग विधायक बृजेश मेरजा का टिकट काट दिया है। कांतिलाल वहीं शख्स हैं, जिन्होंने मोरबी पुल हादसे के दौरान जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी थी। इन्होंने कई लोगों की जान बचाई थी। 30 अक्टूबर की शाम मोरबी की मच्छू नदी पर बना ब्रिज टूट गया था। इस हादसे में 135 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 177 लोगों को रेस्क्यू किया गया था।

SUPERCON
Durable, Hygienic, Strong Quality Products
उत्तम गुणवत्ता के श्रेष्ठतम टिकाऊ उत्पाद
ठोस प्लास्टिक के दरवाजे, पल्ले एवं खिड़कियों की चौखट
विशेषताएं
1. पानी एवं सीलन से सुरक्षित
2. ऐंठने या टेढ़े होने का डर नही ।
3. अवधि 50 वर्ष एवं अधिक।
4. रख-रखाव का खर्च कुछ नहीं।
5. दीमक एवं कीड़े-मकोड़ों का असर नहीं।
6. आग फैलती नहीं खुद बुझ जाती है।
7. डिजाइन एवं साइज आवश्यकता अनुसार उपलब्ध।
MAKE IN INDIA
वितरक - जैन एजेन्सीज
व्यापारिक पूछताछ आमंत्रित
17A नील काटेज, मलदहिया, वाराणसी,
फोन-0542-2207486, मो. 9554220883

दारोगा गोली कांड

# रोहनिया एसओ और चौकी प्रभारी सस्पेंड

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रोहनिया थाना क्षेत्र में बीते दिनों लक्सा थाने पर तैनात दारोगा अजय कुमार यादव को गोली मारने की घटना को कमिश्नरेट पुलिस ने गंभीरता से लिया और पुलिश कमिश्नर ए सतीश गणेश ने रोहनिया थाना एसओ विमल कुमार मिश्र और चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया। घटना के अनावरण के लिए लालपुर पांडेयपुर थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित कर अपराधियों को दबोचने के लिए लगाया गया। एसआईटी में 10 तेज तर्रार दारोगाओं को शामिल किया गया है। वहीं दूसरी तरफ लालपुर पांडेयपुर थाना का प्रभार परमहंस गुप्ता को दिया गया है।

**कार्रवाई**

**दस तेज तरार दारोगाओं की टीम दबोचेगी बदमाशों को**

दरोगा अजय यादव को गोली मारकर पिस्टल लूटने की वारदात के बाद पुलिस टीमें जगह-जगह दबिश दे रही हैं। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने तेज तर्रार पुलिसकर्मियों की टीमें के साथ अपराधियों की छानबीन में जुटीं हैं। आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हाइवे के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है वहीं सीसीटीवी फुटेज की शिनाख्त के लिए आमजन से भी पुलिस संपर्क कर रही है।

लक्सा थाने पर तैनात दरोगा अजय यादव जगतपुर में भवन निर्माण करा रहे हैं। इसी दौरान मंगलवार की शाम बाइक से पहुंचे तीन बदमाश उनसे उलझ गए। दरोगा ने भी दो बदमाशों को पकड़ लिया था तभी एक बदमाश ने तीन गोलियां मारकर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना ने कमिश्नरेट पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताया।

## सड़क हादसे में चार घायल

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत भदोही मार्ग पर गुरुवार को टोटो और बाइक और टोटो (ईरिक्शा) की टक्कर में चार लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायलों की पहचान ओमप्रकाश, रामेश्वर विश्वकर्मा, राजू और सुनीता हैं।

## छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

**चिरईगांव।** चौबेपुर थानांतर्गत ढाब क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरहा निवासी राकेश यादव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना बुधवार की रात सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ में घटी। मामले की जानकारी होने पर घर में मातम पसर गया। परिजनों का रोकर हाल बेहाल है। परिजनों की माने तो राकेश इन दिनों प्रयागराज में रह कर प्रसाशनिक सेवा की तैयारी कर रहा था। बुधवार किसी प्रतियोगी परीक्षा का फार्म जमा के सिलसिले में वह सुल्तानपुर गया था। फार्म जमा करने के बाद वापस लौटते समय लम्भुआ रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिवार को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में छोटा है, बड़े भाई बृजेश यादव आर्मी में तैनात हैं। इसके अलावा तीन बहनें है। होनहार युवक के मौत की दुखद घटना से पूरे ढाब क्षेत्र में मातम पसर गया है। घरवाले डेडबॉडी के इंतजार में हैं।

# पेट्रोलपम्प कर्मी से धोखाधड़ी करने वाला हुआ गिरफ्तार

**धरा गया**

**तीन महीने पहले भी कचहरी स्थित एक पेट्रोल पंप पर की थी धोखाधड़ी**


पुलिस की गिरफ्त में धोखेबाज

**वाराणसी।** पेट्रोलपम्प कर्मी से फुटकर लेने के बहाने धोखाधड़ी कर पैसे चोरी करने के मामले मे वांछित अभियुक्तगण राजन मिश्रा और ऋषि कुमार को लालपुर-पाण्डेयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से देशी तमंचा और 1.21 लाख नकदी बरामद हुई। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। पुलिस की माने तो इनका एक गिरोह है जो पेट्रोल पंप पर सेल्समैनों को निशाना बनाता है और धोखाधड़ी कर नौ दो ग्यारह हो जाता है। बीते बुधवार को सुबह करीब नौ बजे दीपू सिंह जो लालपुर स्थित एक पेट्रोल पंच का सेल्समैन है उसके यहां बाइक सवार राजन मिश्र और ऋषि कुमार पहुंचे। यहां दोनों ने दीपू को 2-2 हजार की नोट देकर 500-500 रुपये की नोट का छुट्टा मांगने के बहाने से धोखाधड़ी कर 500-500 के 40 नोटों में से 20 नोट छिपा लिया और 20 हजार की जगह 10 हजार रुपये वापस देकर भाग निकले। पीड़ित इस मामले में लालपुर पांडेयपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक ग्रुप है और जिस जगह जाते हैं वहां टारगेट तलाशने के बाद उसे अपनी बातों में उलझाकर धोखाधड़ी कर भाग निकलते हैं। धोखाधड़ी से प्राप्त पैसे आपस में बांट लेते हैं। तीन महीने पहले भी वाराणसी कचहरी स्थित एक पेट्रोल पंप पर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी लालपुर प्रदीप कुमार यादव, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, उपनिरीक्षक मुकेश यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## धरना-प्रर्दशन में तोड़फोड़ के आरोपी पूर्व सांसद को जमानत

**वाराणसी।** तोड़फोड़ और सरकारी काम में बाधा डालने सहित अन्य आरोपों से संबंधित 13 साल पुराने मामले में चंदौली के पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने आज वाराणसी की कोर्ट में सरेंडर किया। वाराणसी की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पंचम) /एमपी-एमएलए कोर्ट उज्ज्वल उपाध्याय की कोर्ट ने 20-20 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत में पूर्व सांसद की ओर से अधिवक्ता रेयाजउद्दीन उर्फ बंटी खान ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार तत्कालीन थाना प्रभारी कैंट डीपी आर्या ने 16 सितंबर 2009 को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह कई थानों की फोर्स के साथ समाजवादी पार्टी के धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर जिला मुख्यालय पर मौजूद थे। उसी दौरान सांसद चंदौली रामकिशुन यादव के साथ पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, विधायक अब्दुल समद अंसारी समेत सैकड़ों लोग जुलूस की शक्ल में वहां पहुंचे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह लोग उग्र हो गए और पुलिस से उलझ गए और तोड़फोड़ करने के साथ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने लगे।

# शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**सफलता**

**दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक मुकदमें, पुलिस को सरगना सहित चार की तलाश**

**कार, स्कूटी समेत चोरी के आभूषण और 54 हजार नकदी बरामद**


चोरों के साथ पुलिस के अधिकारी

**वाराणसी।** कमिश्नरेट के दो थाने सारनाथ और मंडुवाडीह पुलिस के संयुक्त वर्कआउट में दो शातिर चोरों की गिरफ्तारी हुई। इनमे से एक पर तो अकेले गाजीपुर जिले में दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त कार, स्कूटी और चोरी के जेवरात को बरामद किया। अभियुक्तों की पहचान छोटू बिन्द उर्फ साहिल उर्फ बाबा निवासी मिश्रौलिया रौजा गाजीपुर और मनीष गुप्ता निवासी सुजावलपुर थाना गाजीपुर के तौर पर हुई।

पुलिस की माने तो शहर में आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर हुई चोरी की वारदात में ये दोनों शातिर शामिल थे। बीते चार नवंबर को कृष्णा नगर कालोनी लेदूपुर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और गहने सामान बेचकर आपस में बांटे थे। 20 अक्टूबर को अटल नगर कालोनी मवईया चोरी की वारदात को अंजाम इन्हीं सब ने दिया। 30 अक्टूबर को पुराना आरटीओ मवईयां के पास और उसी रात शांति नगर कालोनी मवईया में चोरी की थी। एक नवंबर को तिलमापुर आशापुर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अगले दिन दो नवंबर को जानकी विहार कालोनी लेदूपुर में एक मकान को निशाना बनाया और चोरी की। आठ अगस्त को सरस्वती नगर नगर कालोनी महेशपुर चोरी की। 29 अक्टूबर को को शिव शंकर नगर कालोनी भुल्लनपुर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस की माने चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले ये सब स्कूटी से उक्त कॉलोनी का रेकी करते और फिर तैयारी में लग जाते थे। रात को कार से निकलते और चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इनके गिरोह का सरगना राजेन्द्र है जो चोरी के जेवरात को जौनपुर में किसी सोनार के यहां खपाता था। वहीं ये दोनों चोरी करके उक्त कार से गाजीपुर निकल जाते थे। इनके सभी के गिरोह में अन्य चार अभियुक्तों की धर पकड़के लिए टीम लगी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मंडुवाडीह थाना पुलिस के सौरभ पांडेय चौकी प्रभारी लहरतारा, उपनिरीक्षक पंकज कुमार हेडकांस्टेबल अजय कुमार राय,क्राइम ब्रांच से सूर्यभान सिंह वहीं सारनाथ थाना पुलिस से उपनिरीक्षक अखिलेश वर्मा, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह, हेडकांस्टेबल रामबाबू और कांस्टेबल रामानंद शामिल थे।

# जमानती काम पुलिस लाइन में होने का विरोध

**पिंडरा।** पिंडरा तहसील के वकीलों ने गुरुवार को पुलिस शांति भंग के आशंका में किये चालान का जमानत पुलिस लाइन में लिए जाने नाराज वकीलों ने नारेबाजी की और राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु को पत्रक सौंपा।

तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वकील सुबह बैठक कर 151 तथा 107/16 की कार्रवाई पिंडरा तहसील स्थित सीओ कार्यालय करने की मांग को लेकर नारेबाजी की और एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम कार्यालय पर अधिकारी नहीं मिले तो शाम को बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंच राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु को मांग संबन्धित पत्रक सौंपा। वकीलों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों के थाने मजिस्ट्रेट की कार्रवाई के बाबत सुनवाई पुलिस लाइन में करते हैं ऐसे में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए उसे पिंडरा स्थित तहसील परिसर में कार्यालय स्थापित करने की मांग की। इस दौरान बार अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, अशोक पण्डेय, जयसिंह, श्याम सिंह, हरिश्चंद्र पटेल, अशोक कुमार, श्याम सिंह समेत अनेक वकील रहे।

## बंदियों से अब शनिवार को होगी मुलाकात

वाराणसी। जेल अवकाश के साथ-साथ रविवार के दिन बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात अब नहीं होगी। रविवार के स्थान पर शनिवार को बन्दियों के परिजन मुलाकात कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल 2022 सरकार द्वारा लागू कर दिया गया है। जिसमें जेल अवकाश के साथ-साथ रविवार के दिन बंदियों से उनके परिजनों की मुलाकात नहीं होगी। जेल अधीक्षक जिला कारागार ने बताया कि रविवार के स्थान पर शनिवार को बन्दियों के परिजन मुलाकात कर सकेंगे।

## संक्षेप

### ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**सेवापुरी।** चौखंडी रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को दोपहर पारिवारिक कलह से उबकर एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कपसेठी थाना क्षेत्र के भीटकुरी गांव निवासी दीनदयाल यादव उम्र (28) ने चौखंडी रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर गुरुवार को दोपहर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली मृतक दो बच्चों का पिता बताया गया। मां-बाप का एकलौता पुत्र था घटना की सूचना लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूत्रों की मानें तो घटना का कारण कुछ रिश्तेदारों द्वारा उसकी जमीन हड़प लिए जाने का मामला भी झन कर आ रहा है।

### चाय-पान की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**रोहनिया।** रोहनिया के मोहनसराय पुलिस चौकी के पास बिरजू गुप्ता की चाय पान की दुकान में बुधवार रात भोर में लगभग तीन बजे आग लग गई। आशंका है कि शरारती तत्वों ने आग लगाई। इससे दो गुमटी सहित रखे सामान जलकर राख हो गये। दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह बुधवार को रात में लगभग 10 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सूचना मिलने पर दुकानदार बिरजू गुप्ता ने आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। गुमटी में रखे सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार बिरजू गुप्ता ने मोहनसराय पुलिस चौकी पर तहरीर दी।



### अज्ञात शव की नहीं हुई पहचान,पुलिस ने कराया दाह संस्कार

**लोहता।** लोहताथाना क्षेत्र के लोहरापुर वरुणा नदी किनारे दफन हुई लाश को निकाला गया उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। लोहता पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद डेडबॉडी का अंतिम संस्कार कर दिया। लोहता पुलिस पोस्टमार्टम के बाद अस्पताल में बॉडी को पहचान के लिए फिलहाल 72 घंटों तक सुरक्षित रखा था। लोहता प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि छह नवम्बर को लोहरापुर गांव स्थित वरुणा नदी में एक अज्ञात शव पानी में उतराया मिलने पर ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लिया गया। बरामद शव कफन में लिपटा था आस-पास के लोग भी शिनाख्त नही कर सके। पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अज्ञात शव जो एक बुजुर्ग महिला का था जिसकी उम्र लगभग 75 वर्ष थी, पीएम कराने के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

### मिष्ठान की दुकान में 17 हजार की चोरी

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के कुड़ी बाजार में सड़क किनारे पान और मिठाई की दुकान में 17 हजार की चोरी हुई। घटना की जानकारी दुकानदारों को सुबह हुई जब दुकान खोलने पहुंचे। भुक्तभोगी ने चोरी की शिकायत बड़ागांव थाना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी गुड्डू की पान की दुकान के दरवाजे का पल्ला आगे से तोड़ कर चोर अंदर घुसे और कैश बॉक्स में रखे फुटकर सहित सिगरेट और गुटखा चोरी करने के बाद पास में ही एक मिष्ठान की दुकान को निशाना बनाया। चुराने के बाद पास में ही स्थित बिरजू की मिठाई के दुकान के पीछे लगे दरवाजे का पल्ला तोड़कर अंदर प्रवेश करने के बाद कैश बॉक्स से 17 हजार नकदी निकाल कर चंपत हो गये।

### युवक ने नदी में लगायी डुबकी, लेकिन नहीं आया बाहर

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतगर्त गुरुवार को एक युवक नदी में नहाने उतरा युवक नदी में डूबकी लगाई लेकिन नदी से बाहर नही निकला। युवक के नदी में डूबने की आशंका व्यक्त की गयी। जानकारी के अनुसार भदवा गांव निवासी प्रमोद शर्मा 36 जौनपुर जिले के बिरी बारी गांव से मजदूरी कर घर वापस लौटा था। नदी इस पार नाव से आया और अपने कपड़े उतार कर नदी में डूबकी लगाई और दुबारा पानी से बाहर नही निकला । युवक के डूबने की आशंका पर स्थानीय पुलिस को सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दानगंज अरुण प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। गोताखोरो की मदत से डूबे युवक की खोजबीन जारी है।

### केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की गंगा आरती



**वाराणसी।** केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल गुरुवार को काशी पहुँचे। शाम को वह विश्व प्रसिद्ध माँ गंगा की आरती में हुए शामिल हुए। यहाँ वैदिक रीति से होने वाली आरती को देखा साथ ही पूजन किया। आरती देख मंत्र मुग्ध हुए। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा,सचिव हनुमान यादव ने उन्हें अंग वस्त्रम व प्रसाद देकर स्वागत किया। केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल लगभग एक घण्टे तक दशाश्वमेध घाट पर मौजूद रहे।

नजारा


गंगा में इन दिनों साइबेरियन पक्षियों की बहार है।

## धोखाधड़ी के आरोपित को मिली जमानत


**वाराणसी।** धोखाधड़ी कर मृत पिता का फर्जी हस्ताक्षर कर कार को अपने नाम करवा लेने के मामले में आरोपित को जमानत मिल गई। जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने भेलूपुर निवासी संदीप कुमार गुप्ता को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की अधिवक्ता अनुज यादव व विकास सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार भेलूपुर निवासी दुर्गेश गुप्ता ने कोर्ट के माध्यम से भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था की पिता की मृत्यु के बाद उसके व उसके भाई संदीप गुप्ता के बीच सभी चीजों का बराबर-बराबर बटवारा हो गया था। सिर्फ एक कार जो पिता के नाम पर थी, वह ऐसे ही पड़ा था। इस दौरान उसके भाई संदीप गुप्ता ने पिता को जीवित दिखाते हुए फर्जी कागजात तैयार कराकर उक्त कार को परिवहन विभाग से अपने नाम पर हस्तांतरित करवा लिया। जिसके बाद वह खुद गाड़ी का मालिक बन गया।

# ठेकेदार के बेटे से डेढ़ लाख की लूट

**मामला संदिग्ध**

**बाइक सवार दो बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया**

जनसंदेश न्यूज


हरहुआ फ्लाईओवर पर जांच करती पुलिस

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच -31 वाजिदपुर गांव के पास ओवरब्रिज पर गुरुवार की सुबह लगभग 9.30 बजे बदमाशों ने बाइक सवार से डेढ़ लाख लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी होने पर एसपी सूर्यकांत त्रिपाठी, सीओ बड़ागांव अजय श्रीवास्तव थाना अध्यक्ष बड़ागांव अश्वनी चतुर्वेदी और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की।

जानकारी के अनुसार शिवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गणेशपुर निवासी उत्तम पटेल घर से डेढ़ लाख रुपए लेकर बाइक से काजीसराय स्थित निर्माणाधीन बिल्डिंग के कार्य में लगे मजदूरों को मजदूरी देने के लिए जा रहा था, हरहुआ ओवरब्रिज पहुंचा ही था कि पीछे से एक बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। उत्तम पटेल जैसे ही अपनी बाइक को रोका।

बाइक सवार दोनों बदमाशों ने पीटना शुरु कर दिया। इस बीच बचाव के लिए कुछ लोग पहुंचे तो बदमाशों ने कहा कि ये लड़कियों से छेड़खानी करता है इस लिए मारपीट रहे हैं। इसके बाद बदमाशों ने उसकी बाइक की चाभी अपने पास रख ली और पीड़ित के पास रखे 1.50 लाख रुपये छीनकर भाग निकले। भुक्तभोगी को पुलिस अपने साथ पूछताछ के लिए थाने लेकर आयी। प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध पाया गया।

# सास को जिंदा जलाने वाले दामाद को उम्रकैद

**मिली सजा**

**तीन लाख जुर्माना भी कोर्ट ने लगाया**

**वाराणसी।** सास पर पेट्रोल उड़ेल कर जिंदा जलाने के आरोपी दामाद उमापति झा को अपर जिला जज (दशम) देव कांत शुक्ला की अदालत ने दोषी ठहराया है। अदालत ने अभियुक्त उमापति झा को आजीवन कारावास और तीन लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी अशोक पाठक और वादी के अधिवक्ता देवेंद्र प्रताप सिंह ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, बिहार के मधुबनी जिले के रहिका थाना के बसौली गांव निवासी उमापति झा की शादी वाराणसी के दुर्गाकुंड मानस नगर कॉलोनी की युवती से हुई थी। 25 दिसंबर 2019 की सुबह लगभग 8.30 बजे वह घर की सफाई कर रही थीं। उस दौरान उनके ससुर नरेश कुमार टहलने के लिए घर से बाहर निकले थे और छोटी बेटी अपने कमरे में थी। उसी समय उमापति झा अपनी सास के पास आया और फोन-चैटिंग की बात को लेकर उनसे विवाद करने लगा। विवाद के दौरान ही उमापति झा ने सास के ऊपर मिट्टी का तेल उड़ेल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान सास की मौत हो गई। मरने से पहले सास ने खुद को दामाद उमापति द्वारा जलाए जाने संबंधी बयान डॉक्टर को दी थीं।

## बीए के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

चोलापुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर पुलिस चौकी के ग्रामसभा पलहीपट्टी में जौनपुर से आए 22 वर्षीय विवेक कुमार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवेक बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर खालिसपुर गांव के रणजीत कुमार का बेटा विवेक कुमार पलहीपट्टी मे एक महिला के घर आता-जाता रहा। बुधवार को भी वह महिला के घर आया था। रात में उसने उसी महिला के घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी गुरूवार की सुबह पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवक के परिवारवालों को सूचित किया। कुछ देर के बाद जौनपुर के परिजन आए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। घटना का कारण पता नही चल सका है। लेकिन जलालपुर के युवक का पलहीपट्टी में महिला के घर में फांसी लगाने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है।

# जिलाधिकारी ने किया मौका-मुआयना



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को वाराणसी दौरे को देखते हुए गुरुवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने संबंधित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अफसरों को आवश्यक निर्देश भी दिये। उन्होंने बड़ा लालपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल (टीएफसी), सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर, रविदास घाट का स्थलीय मुआयना किया। इस मौके पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी (नगर) गुलाबचंद सहित अन्य अफसर रहे। डीएम ने अधिकारियों को उनको सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करने के निर्देश दिये।

# आदर्श ग्राम सम्मेलन का आज उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

जनसंदेश न्यूज

**आगमन**

**शामिल होंगे 20 देशों के 800 से अधिक प्रतिभागी**

**वाराणसी।** इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (प्रबंध अध्ययन संस्थान) बीएचयू में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन सहित कई संस्थाओं के सहयोग से 11 नवंबर से आयोजित तीन दिवसीय आदर्श ग्राम सम्मेलन में गांवों के विकास पर मंथन किया जाएगा। देश-विदेश से आने वाले वैज्ञानिकों की मौजूदगी में होने वाली चर्चा से गांवों में विकास की संभावनाओं का द्वार खुलेगा।संस्थान के निदेशक प्रो. एसके दूबे, संकाय प्रमुख प्रो. एचपी माथुर, व्हील्स फाउंडेशन से अंबेसडर प्रदीप कपूर ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। बताया कि पहले दिन 11 नवंबर को सम्मेलन का उद्घाटन स्वतंत्रता भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। यूपी में पहली बार होने वाले इस सम्मेलन में गांवों में कृषि क्षेत्र के विकास के साथ ही स्वच्छता, बुनियादी ढांचा आदि बिंदुओं पर स्थायी मॉडल भी बनाया जाएगा। प्रदीप कपूर ने बताया कि इस दौरान बीएचयू में ग्लोबल इंस्टिट्यूट फार रूरल डेवलपमेंट एंड लीडरशिप स्टडीज का सेंटर आने वाले दिनों में बीएचयू में खोले जाने की तैयारी है। 50 से अधिक कंपनियों और विश्वविद्यालयों सहित 20 देशों के 800 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। 100 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ प्रस्तुतियां सम्मेलन का हिस्सा होंगी। सम्मेलन का उद्देश्य छह प्रमुख विषय कृषि और खेती, जल और स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण, शिक्षा और कौशल, ऊर्जा और पर्यावरण, आजीविका और ग्रामीण परिवर्तन के एजेंडे पर चर्चा की जाएगी।

बापू महाविद्यालय
सादात-गाजीपुर

सूचना/एजेंडा

साधारण सभा बापू महाविद्यालय समिति ग्राम व पोस्ट-सादात, जिला-गाजीपुर के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सूचित किया जाता है कि नियमानुसार प्रबन्ध समिति का नव निर्वाचन दिनांक 27.11.2022 (रविवार) को पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक सम्पन्न होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में आपकी भागीदारी वांछित है कृपया पूर्ण कालिक उपस्थिति एवं सक्रिय भागीदारी से अपने दायित्व का निर्वहन अनिवार्य रूप से करने का कष्ट करेंगे।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | अनंतिम सूची का प्रकाशन | 25.11.2022 | 10:00 बजे |
| 2. | अंतिम सूची का प्रकाशन | 26.11.2022 | 12:00 बजे |
| 3. | नामांकन | 27.11.2022 | 10-12:00 बजे |
| 4. | नामांकन पत्रों की जाँच | 27.11.2022 | 12-01:00 बजे |
| 5. | नामांकन पत्रों की वापसी | 27.11.2022 | 01-01:30 बजे |
| 6. | मतदान आवश्यकतानुसार | 27.11.2022 | 01.30-03 बजे |
| 7. | मतगणना एवं परिणाम की घोषणा | 27.11.2022 | सायं 04 बजे |

(डॉ0 अरविन्द कुमार सिंह)
चुनाव अधिकारी



# वाराणसी

# उपभोक्ता सेवा में बिजली कंपनियां फिसड्डी साबित

**रेटिंग**

### आरईसी ने जारी की यूपी समेत देश की 70 बिजली कंपनियों की कंज्यूमर सर्विस रेटिंग

### केस्को जहां 'ए' ग्रेड में तो पूर्वांचल-पश्चिमांचल को 'सी', बाकी को 'डी' ग्रेड मिला



**वाराणसी।** उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने में पूर्वांचल समेत उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियां फिसड्डी साबित हुई है। यह बात केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की देखरेख में रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड (आरईसी) की तरफ से पहली बार जारी की गयी कंज्यूमर सर्विस रेटिंग के आधार पर सामने आयी है।

आरईसी ने देश के 70 डिस्कॉम के करीब 30 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं की कंज्यूमर सर्विस रेटिंग पार्ट-बी जारी की है। अभी यह रेटिंग वर्ष 2020-21 के लिए जारी की गई है। इस रेटिंग को तीन भागों सामान्य, शहरी व स्पेशल केटेगरी में बांटा गया है। आरईसी की इस रेटिंग में उत्तर प्रदेश की पूर्वांचल व पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. को जहां 'सी' ग्रेड प्रदान की गयी है। वहीं, मध्यांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण कंपनियां सबसे निचले पायदान यानि 'डी' श्रेणी में शामिल की गयी हैं। इस सूची में सिर्फ कानपुर इलेक्ट्रिसिटी कंपनी यानि केस्को ही 'ए' ग्रेड में शामिल है। विभागीय सूत्रों की मानें तो इस रेटिंग से साबित होता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों का ध्यान उपभोक्ता सेवाओं पर नहीं है। इसमें सुधार की आवश्यकता है।

### रेटिंग के ये रहे पैमाने

विभागीय सूत्रों की मानें तो जारी रेटिंग में प्रमुख रूप से पूरे देश के सभी राज्यों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सेवाओं चाहे वह विद्युत आपूर्ति हो, विद्युत कनेक्शन देने का मामला हो, सही बिलिंग, मीटर लगाने या बदलने, टैरिफ कैटेगरी, ट्रांसफॉर्मर खराब होने, टूटे तार को दुरुस्त करने सहित उपभोक्ताओं से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण शामिल है। आरईसी की तरफ से एक मानक तय करके उस पर 100 मार्क के आधार पर अलग-अलग श्रेणी में ग्रेडिंग किए जाने का प्रावधान किया गया है। शहरी क्षेत्र के बिजली डिस्कॉम के तहत पूरे देश में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश की केस्को कंपनी को 'ए' श्रेणी का ग्रेड दिया गया है।

# दो और नई यूनिवर्सल वॉशिंग लाइन बनेंगी

**डीआरएम का ऐलान**

### अत्याधुनिक हाई स्पीड ट्रेनों का मेंटेनेंस होगा



सुरेश सपरा

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे द्वारा कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के पश्चिमी छोर पर यार्ड री-माडलिंग के तहत दो वाशिंग और एक सिक लाइन का निर्माण कार्य किया जा चुका है। इसके अलावा दो अन्य नई यूनिवर्सल वॉशिंग लाइन निर्माण का कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा। यह बातें गुरुवार को कैंट रेलवे स्टेशन के वीआईपी लाउंज में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान उत्तर रेलवे के डीआरएम सुरेश कुमार सपरा ने कही। बताया कि आने वाले दिनों में अत्याधुनिक हाई स्पीड ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए यूनिवर्सल वॉशिंग लाइन का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें वंदे भारत, तेजस और ऐसी भविष्य में आने वाली हाई स्पीड ट्रेनों के साफ-सफाई व मेंटेनेंस में सहूलियत होगी। बताया कि यार्ड री-मॉडलिंग का कार्य जोरों पर है। इसके लिए तीसरे प्रवेश द्वार, प्लेटफार्म नंबर 10 और 11, नए (फूटओवर ब्रीज) एफओबी और बाईपास लाइन समेत सभी कार्य मार्च 2023 तक पूरे कर लिए जाएंगे। साथ ही बताया कि आने वाले दिनों में 10 और 11 नंबर प्लेटफार्म से प्रतापगढ़ और फाफामऊ लाइन पर जाने वाली ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित ट्रेनों की सूची तैयार की जा रही है। नए प्लेटफार्म और तीसरे प्रवेश द्वार से मुख्य स्टेशन परिसर से दबाव को कम किया जा सकेगा। प्रेसवार्ता से पहले डीआरएम ने गुरुवार की सुबह स्टेशन अधिकारियों संग बैठक की। जिसमें संरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें इंट्रीगेटेड सिक्योरिटी सिस्टम के तहत स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार पर तीन लेजर स्कैनर लगाए जाने की बात कही गई। साथ ही यार्ड री-मॉडलिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर मौजूद यात्री हॉल में यात्रियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे की ओर से दिसंबर माह तक सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। जिसमें ट्रेन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी कैमरे और दो बैग स्कैनर लगाए जाएंगे।

### तीन भाग में विकसित होता इंटर मॉडल स्टेशन

उत्तर रेलवे के काशी स्टेशन को इंटर मॉडल स्टेशन के रुप में विकसित किया जाना है। जिसे तीन भागों में विकसित किऐ जाने का डीपीआर तैयार किया गया है। जिसके तहत पहले भाग में यार्ड री-मॉडलिंग, दूसरे भाग में स्टेशन अपग्रेट और तीसरे भाग में सिग्नेचर ब्रिज मालविय ब्रिज को विकसित किया जाएगा। नए सिग्नेचर ब्रिज में छह लेन की सड़क को मुख्य मार्ग और चार रेल लाइनों को काशी और व्यास नगर रेलवे स्टेशन के बीच जोड़ा जाएगा।

### 14 नवंबर से तीन नंबर प्लेटफॉर्म से चलेगी ट्रेन

यार्ड री-मॉडलिंग के तहत प्लेटफार्म नंबर तीन को हाई लेबल प्लेटफार्म के तर्ज पर विकसित किया जाना है। जिसके लिए प्लेटफार्म की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। जिसका कार्य निर्धाति समय में पूरा कर लिया जाएगा और 14 नवंबर से यहां से ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

# मारा गया डेंगू डेंजर का साथी मुन्ना मलेरिया




पुलिस कप्तान ओडोमास ने कहा डेंगू डेंजर के खात्मे तक जारी रहेगा ऑपरेशन कछुआ छाप। आईये सीधे रुख करते हैं घटनास्थल का जहां हमारे संवाददाता झगडू पांड़े मौजूद हैं। जी झगडू। हमारे दर्शकों को बतायें आज हुआ क्या...

जी भूंगरी जैसा कि आप देख रही हैं। हमारे पीछे मुन्ना मलेरिया की डेडबॉडी पड़ी हुई है। आज भोर में पुर्लिस कप्तान को सूचना मिली कि दोनों शातिर बदमाश डेंगू डेंजर और मुन्ना मलेरिया किसी का खून चूसने के फिराक में बिस्तर बाईपास के आसपास टहल रहे हैं। उसी सूचना के आधार पर जब पुर्लिस ने घेराबंदी की तो यह दोनों भींईई....भींईई की आवाज निकालते हुये पुर्लिस पर हमला बोल दिया। पुर्लिस ने जवाबी कार्यवाही करते हुये पूरे बीस राउंड हिट स्प्रे चलाया। जिसमें चार स्प्रे लगने के कारण मुन्ना मलेरिया मारा गया। वहीं डेंगू डेंजर अंधेरे का लाभ लेते हुये फरार हो गया।

### जी झगडू क्या आपराधिक इतिहास रहा है दोनों का

जी भूंगर यह दोनों बेहद खतरनाक किस्म के बदमाश हैं जिन्हें मस्किटोमाश भी कहते हैं । यह दोनों खून उगाही, चूसपहरण,छेदैती, ब्लडैति जैसी घटनाओं को अंजाम देते आ रहे हैं। फरार बदमाश डेंगू डेंजर तो ऐसी घटनाओं को दिन दहाड़े अंजाम देता आ रहा है। जी शुक्रिया झगडू पाड़े जी। आप सब बने रहिये हमारे साथ।

### वीडीए में सिंगल विंडो स्थापित, हेल्पडेस्क का विस्तार

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) में गुरुवार को लोगों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क पटल की स्थापना की गई। जिससे आने वाले दिनों में एकल संपर्क एवं निस्तारण प्रणाली से लोगों को विभागों का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। वीडीए कार्यालय आने वालों को विभिन्न विभागीय कार्यों के लिए विभागों का चक्कर काटना पड़ता है, लोगों के कार्यों के त्वरित निस्तारण व अनुभागों में लोगों और कार्मिकों के मध्य संवाद को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण में हेल्पडेस्क पटल की स्थापना की गई है। जिसके तहत अब मकान के नक्शों से संबंधित समस्त प्रकार के अभिलेखों को जमा कराया जाना, विभिन्न प्रकार के शुल्कों का भुगतान, नामांतरण शुल्क, रजिस्ट्री शुल्क आदि के भुगतान की सुविधा, आवेदन संबंधी सुविधा, निर्माण संबंधी भुगतान की सुविधा, ईएमडी धनराशि वापसी आवेदन सहित अन्य सुविधाएं हेल्पडेस्क के माध्यम से ही मिल जाएंगी।

# नौ वार्डों के क्षेत्र बढ़े, 10 के नाम बदले

**परिसीमन**

### नए परिसीमन का अंतिम प्रकाशन जारी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** निकाय चुनाव के मद्देजनर शासन ने गुरुवार की देर शाम अंतिम प्रकाशन जारी कर दिया। जिसके बाद अब निगम परिसिमन में दावा आपत्ति लेने के बाद नौ वार्डों के कक्ष विस्तार में परिवर्तन और 10 वार्डों के नाम को परिवर्तित कर दिया गया।

शासन द्वारा अंतिम परिसीमन जारी होने के बाद अब निकाय चुनाव 2022 के लिए आरक्षण पर सबकी निगह अटकी है। जिसके अंतिम प्रकाशन का इंतजार है। अंतिम परिसीमन जारी होने के बाद अब निकाय चुनाव भी जल्द होने के आसार दिखाई देने लगे हैं। पहली बार निकाय चुनाव 90 के स्थान पर 100 वार्डों पर होने से प्रशासन की ओर से भी सतर्कता बरती जा रही है। निगम सीमा में रामनगर और सूजबाद के साथ ही 84 पूर्ण और तीन आंशिक गांव निगम में शामिल हुए हैं। जिसके बाद निगम सीमा क्षेत्र में दोगुने से भी अधिक का इजाफा हो गया है। वहीं दूसरी ओर अंतिम परिसीमन में वार्डों के कक्ष विस्तार और नाम में भी परिवर्तन कर दिया गया है।

### कुल 10 वार्डों के नाम किए गए परिवर्तित

शहर में नगर निगम सीमा में आने वाले 100 वार्डों के नए परिसीमन के अनुसार 10 वार्डों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। जिसे अंतिम परिसीमन जारी कर दर्शाया गया है। इनमें वार्ड नंबर 25-नवाबगंज परिवर्तित नाम दुर्गाकुंड, इसी के अनुसार 43-हबीबपुरा को पिशाचमोचन, 67-नवापुरा को हनुमान फाटक, 69-बेनिया को आदि विश्वेश्वर, 79-गढवासी टोला को बिंदु माधव, 80-छित्तनपुरा को ओंकालेश्वर, 81-कतुआपुरा को कृतिवाशेश्वर, 82-लक्सा को सूर्यकुंड, 86-लहंगपुरा को पितृकुंड और वार्ड संख्या 93-जैतपुरा को बागेश्वरी देवी के नाम से परिवर्तित किया गया है।

### नौ वार्डों के कक्ष विस्तार में परिवर्तन

अंतिम परिसीमन में नौ वार्डों के कक्ष विस्तार में परिवर्तन किया गया है। इनमें वार्ड संख्या 2-सिगरौल, 7- छित्तुपुर, 37-दनियालपुर, 40-चेतगंज, 64-लल्लापुररा खुर्द, 80-ओंकालेश्वर, 82-सूर्यकुंड, 86-जंगमबाड़ी, 90-रामापुरा शामिल हैं।

### परिसीमन में शामिल नए वार्ड

निगम सीमा में शामिल नए गांवों पर आधिरित वार्डों का निर्धारण किया गया था। जिसमें फुलवरिया, शिवदासपुर, सलारपुर, मंडुवाडीह, दीनापुर, गोलाघाट रामनगर, रामपुर रामनगर, गनेशपुर, संदहा, कंदवा, लोढ़ान, सीरगोवर्धनपुर, रमदत्तपुर, लेदपुर, करौदी, ककरमत्ता, सुसुवाही, मडौली, सूजाबाद डोमरी वार्ड, पिसौर, लोहता, लालपुर मीरापुर बसही, छित्तपुर खास, पुराना रामनगर, भगवानपुर शामिल हैं।

# 10 बीघे अवैध प्लॉटिंग वीडीए ने करायी ध्वस्त



जेसीबी ने ध्वस्त की प्लाटिंग

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को लंका थाना क्षेत्र में अवैध 10 बीघा प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्रवाई कराई।

जिसमें नगवां वार्ड अंतर्गत प्रवीण यादव और अन्य कालोनाइजर द्वारा थाना लंका क्षेत्र के बजरंग नगर स्थित अशोक पुरम कॉलोनी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराए लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गई थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्तिकरण की कार्यवाही हुई। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभानु और क्षेत्रीय अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता के साथ स्थानीय पुलिस व टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# शहर की सड़कों पर गड्ढे बने मुसीबत



सिगरा मार्ग की हालत कुछ ऐसी है



स्मिथ स्कूल वाली रोड की हालत खस्ता है

**परेशानी**

### मुख्य मार्गों के अलावा संपर्क मार्गों को भूल जाता है विभाग

**वाराणसी।** शहर में मुख्य मार्गों के अलावा संपर्क मार्गों की हालत काफी खस्ताहाल है। इन सड़कों के गड्ढे इन दिनों मुसीबत बने हुए हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 नवंबर तक सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए थे। जिसे लेकर बीते दिनों अभियान भी चलाया गया। बावजूद इसके अभी भी कई जगहों पर सड़कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से शहर के कुल 93 मार्गों को चिन्हित तो किया गया। लेकिन उनपर पूरी तरह से कार्य नहीं हो पाया। उधर नगर निगम के अधिन आने वाले मार्गों की भी हालत कुछ ठीक नहीं है। बीते देव दीपावली से पूर्व निगम की ओर से खानापूर्ति कर गंगा घाट जाने वाले मार्गों को ही दुरुस्त किया गया। इनके अलावा अन्य बचे मार्गों की हालत को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यह हाल शहर के भीतर का है। जबकि शहर की सीमा से लगे इलाकों की सड़कों का भी बुरा हाल है। जहों दुश्वारियों के साथ लोगों को दुर्घटना का डर बना रहता है।

### इन मार्गों की सड़कें खस्ताहाल

शहर के महमूरगंज, सिगरा, सोनिया, हुकुलगंज, लोहता मार्ग, भेजूबीर सब्जी मंडी-सिंधोरा, पहड़िया-बेला मार्ग आदि मार्ग पर लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। इन मार्गों पर गड्ढों की कई भरमार है। जिसपर आवागमन के साथ दुर्घटनाओं की भी संभावना बनी रहती हैं।

### ज्ञानवापी-शृंगार गौरी केस में सुनवाई आज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-शृंगार गौरी केस के मामले में शुक्रवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई होनी है। पिछले तिथि पर अदालत में सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से ज्ञानवापी परिसर में एडवोकेट कमिश्नर की कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। इस पर हिन्दू पक्ष की ओर से प्रति आपत्ति दाखिल करना है। बातादें की पिछली तिथि पर ज्ञानवापी परिसर में कमीशन की कार्रवाई आगे बढ़ाने के लिए वादी हिंदू पक्ष की मांग व कारमाइकल लाइब्रेरी में मील गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति को संरक्षित करने की मांग की थी। इस पर आपत्ति दाखिल करने के लिए अंजुमन इंतजामिया की ओर से समय मांगने पर 100 रुपये हजार्ना दिया । इस के बाद नियत तिथि पर अंजुमन की ओर से आपत्ति दाखिल की गई । इसपर हिन्दू पक्ष की ओर से इसके जवाब में अपनी प्रति आपत्ति दाखिल करने के लिए अदालत से समय की मांग की। जिस पर अदालत ने 11 नवंबर की तिथि नियत कर दी थी।

# सौ बाल रंगकर्मी दिखाएंगे जौहर

**बाल नाट्य महोत्सव**

### नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागृह में 12 से त्रिदिवसीय होगा बाल रंगमंच



नागरी नाटक मंडली न्यास के सचिव डा. अजीत सैगल पत्रकारों से वार्ता करते हुए

**वाराणसी।** काशी में लंबे अर्से के बाद बाल नाट्य महोत्सव आयोजित होने वाला है। यह महोत्सव नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागृह में 12 नवम्बर से प्रारंभ होकर 14 नवम्बर बाल दिवस तक चलेगा। इस नाट्य महोत्सव में नगर के सौ से अधिक बाल रंगकर्मी भाग लेंगे। यह जानकारी नागरी नाटक मंडली न्यास के सचिव डा. अजीत सैगल, आयोजन सचिव डा. रतिशंकर त्रिपाठी, प्रतियोगिता संयोजक सुमन पाठक ने गुरुवार को आयोजन स्थल पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि महोत्सव में कुल छह नाटकों का मंचन विभिन्न संस्थाओं की ओर से किया जायेगा।

प्रतियोगिता की शुरूआत निर्देशक सलीम राजा के निर्देशक में बालरंग मंडल की प्रस्तुति नानी की कहानी से होगी। इसके लेखक केपी सक्सेना हैं। दूसरी नाट्य प्रस्तुति सुमन पाठक के निर्देशन में नाटक का चक्कर नागरी नाटक मंडली की होगी। इस नाटक के लेखक दिनेश भारती हैं। 13 नवम्बर को आर्य महिला नागरमल मुरारका मॉडल स्कूल के बच्चे विलियम शेक्सपियर की कृति मेकबेथ के मंचन की चुनौती स्वीकार करते नजर आयेंगे। इसका निर्देशन भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या श्रीवास्तव ने किया है। दूसरा नाटक उमेश भाटिया के निर्देशन में पूर्वांचल का नायक नाटक का मंचन होगा। तीसरे दिन आलोक पांडेय के निर्देशन में डाकघर नाटक का मंचन होगा। तीसरे दिन प्रस्तुति की शुरूआत दिल्ली पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति 'पंचलाइट' से होगी। फणीश्वर नाथ रेणु की कहानी का निर्देशन राहुल मुखर्जी ने किया है। डब्ल्यू एच स्मिथ मेमोरियल स्कूल के बच्चों द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर की कहानी 'डाकघर' के मंचन के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा इसका निर्देशन आलोक पांडेय करेंगे। इस महोत्सव का उद्घाटन छह बालरंगकर्मी करेंगे। पत्रकारवार्ता में वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक पांडेय, सलीम राजा भी मौजूद थे।

### डेंगू के मद्देनजर गांवो में लिए गये रक्त के नमूने

काशी विद्यापीठ। इन दिनों तेजी से फैल रहे डेंगू को लेकर काशी विद्यापीठ विकास खंड के हरपालपुर, कोरौता, डिहवा, मूड़ादेव समेत आठ से दस गांव हाट स्पाट हो गये हैं। जिसे लेकर स्वास्थ्य महकमा एलर्ट मोड में आ गया है। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर के अधिक्षक डा. रामबली सिंह के निर्देश पर हाट स्पाट गांवों में स्वास्थ्य दल ने पहुंचकर बीमार लोगों के रक्त के नमूने लेने के साथ ही दवाओं का छिड़काव भी किया गया। बचाव के लिए स्वास्थ्य संबंधित जानकारी भी दी गयी। कुछ में संभावित डेंगू के लक्षण भी पाए गये हैं। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि पहले के वर्षों में इन गांवों में डेंगू के रोगी मिले थे, इस आधार पर उक्त गांवों को हाट स्पाट के रूप में चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय स्वास्थ्य कर्मियों को हमेशा निगरानी रखने का निर्देश भी जारी किया गया है। 24 से 48 घंटे के जांच रिपोर्ट आने की संभावना जतायी।

परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
एम्बुलेन्स एवं इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. विनोद कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
एफ.ए.आई.एस., एफ.आई.सी.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in e-mail : vinod_sarthak21@rediffmail.com

# गांवों में घर के बाहर कचरा फैलाया तो लगेगा अर्थदंड

जनसंदेश न्यूज

**कवायद**

### ग्राम पंचायतों में आगामी जनवरी से आरंभ होगा डोर टू डोर कूड़ा उठान, कचरा निस्तारण

### ग्राम पंचायतें तय करेंगी घर-घर से कचरा एकत्र करने और जुर्माने की धनराशि का मानक




**वाराणसी।** सूबे की ग्राम पंचायतों में गंदगी फैलायी को जुर्माना भरना होगा। इस दिशा में कुछ जिलों में यह कार्य आरंभ हो चुका है लेकिन वाराणसी में आगामी वर्ष जनवरी माह से इस पर अमल किये जाने की उम्मीद है। जिसके तहत न सिर्फ डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए प्रत्येक घर से एक मुश्त फीस लेंगे बल्कि घर के बाहर कचरा फैलाया तो अर्थदंड देना होगा। यदि बार-बार कचरा फैलाते रहे और जुर्माना नहीं दिया तो राजस्व वसूली की तर्ज पर संबंधित घर से अर्थदंड वसूलेंगे।

घर-घर कूड़ा उठान समेत कचरा फैलाने पर लिये जाने वाले अर्थदंड का मानक ग्राम पंचायतें अपनी-अपनी खुली बैठकों में निर्धारित करेंगी। अलग-अलग ग्राम पंचायत में जुर्माने की धनराशि भिन्न हो सकती है। आरंभिक चरण में ओडीएफ प्लस के तहत चिह्नित 56 गांवों में इसकी शुरुआत होगी। उसके बाद गंगातट के 36 गांवों में यह व्यवस्था लागू करने के लिए अलग से कार्ययोजना बनाकर मंजूरी के लिए शासन को भेजेंगे। जिले के प्रत्येक गांव को साफ-सुथरा रखने, स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तर पर की जा रही पहल का सूत्रधार केंद्र सरकार का स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) है।

इसी के अंतर्गत विभिन्न चरणों में ओडीएफ, ओडीएफ प्लस और ओडीएफ डबल प्लस जैसे चरणों में कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में ओडीएफ प्लस के तहत जनपद के चिह्नित 56 ग्राम पंचायतों में सोकपिट, सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक बैंक, कूड़ा संग्रह केंद्र, घरों के गंदे पानी के लिए नालियां आदि के निर्माण समेत कचरा ढोने के लिए ई-रिक्शा ट्रॉली की व्यवस्था की जानी है। इसके लिए शासन के निर्देश पर सर्वे कराते हुए तैयार कार्ययोजना विभागीय मुख्यालय को भेजी गयी थी।

हालांकि दस ग्राम पंचायतों में इस कार्य को अमली जामा पहनाने के लिए शासन ने पहले चार करोड़ रुपये जारी किये थे। उन गांवों में संबंधित कार्य आरंभ कराये गये। उसके बाद शासन ने कुल 56 ग्राम पंचायतों में यह कार्य कराने के लिए 22 करोड़ रुपये जारी किये। चिह्नित ग्राम पंचायतों में संबंधित निर्माण कार्य चल रहे हैं। अपर जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 56 ग्राम पंचायतों में कूड़ा उठान, कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की प्रक्रिया निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आरंभ होगा। उम्मीद है कि आगामी जनवरी माह से यह प्रक्रिया शुरु कर दी जाएगी। घर-घर कूड़ा उठान के लिए ई-रिक्शा ट्रॉली की भी खरीद की जाएगी। इन कार्यों में लगाए जाने वाले मैनपावर को वेतन देंगे या मानदेय, यह भी तय होना है।

रिटेल डायरेक्ट्री

B.Ed. सत्र 2022-23
में प्रवेश लेने हेतु उ. प्र. का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज
30 सितम्बर से हो रही कार्उसलिंग के लिए कॉलेज में सम्पर्क करें
बी.एड. काउंसलिंग कोड

| | | |
|---|---|---|
| SV 2673 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SV 2674 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SP 2982 | के.एस.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मरदापुर, दौलतनगर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2983 | के. एस. वी. संस्थान, हुरमुजपुर, बक्सुपुर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2999 | कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, मरदापुर, दौलतनगर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 3000 | कृष्ण सुदामा संस्थान, मरदापुर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |

कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित कोर्सेस
BAMS I D. PHARMA I ANM/GNM I NURSING I POLYTECHNIC I B.Ed. I D.El.E.D.
B.A.IB.Sc.IB.ComIB.C.A.IB.B.A.IM.A.IM.Sc.IM.ComIB.LibIM.LibIYOGA
7522803001, 7522803011, 7522803036, 7522803050, 7422803005, 9838186060
Website : www.ksgoi.in I Admission Link : https://ksgoi.in I scholar/userreg.phg

# लिखित आश्वासन पर छात्रों का धरना स्थगित

**बीएचयू**

### फीस वृद्धि के खिलाफ सिंहद्वार पर धरना-प्रदर्शन से यातायात हुआ प्रभावित

### छात्रों ने सौंपा पत्रक, कमेटी ने दिया 45 दिन में रिपोर्ट सौंपने का भरोसा

जनसंदेश न्यूज



बीएचयू कमेटी के सदस्य को पत्रक सौंपते आंदोलनकारी छात्र

**वाराणसी।** बीएचयू में फीस वृद्धि के विरोध में लंका स्थित सिंह द्वार पर बैठे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े छात्रों और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार दोपहर धरना स्थगित कर दिया। बीएचयू प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन मिला, तभी आंदोलनकारी माने। बीएचयू प्रशासन के प्रतिनिधमंडल की कमेटी ने 45 दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का आश्वसन दिया है।

बता दें कि एबीवीपी बीएचयू इकाई की तरफ से फीस वृद्धि के खिलाफ पिछले 27 दिनों से आंदोलन किया जा रहा था। बीते बुधवार की शाम से ही फीस वृद्धि के खिलाफ एबीवीपी से जुड़े छात्र और कार्यकर्ता सिंह द्वार बंद कर धरना दे रहे थे। सिंह द्वार बंद होने से यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि मुख्य द्वार पर दोनों तरफ के छोट गेट आवाजाही के लिए खुले रहे। यातायात चालू कराने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस ने आंदोलनकारियों को मनाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे फीस वृद्धि वापस होने तक धरना-प्रदर्शन समाप्त करने को तैयार नहीं थे।

बता दें कि आंदोलनकारी छात्रों और बीएचयू प्रशासन के बीच बुधवार की रात हुई वार्ता पूरी तरह विफल रही थी। आंदोलनकारी छात्रों का कहना था कि जब तक उन्हें लिखित में फीस वृद्धि वापसी का आश्वासन नहीं दिया जाता है या कमेटी की डेडलाइन नहीं तय की जाती, तब तक वे सिंह द्वार नहीं खोलने देंगे।

गुरुवार को बीएचयू प्रशासन ने फीस वृद्धि पर गठित समिति ने लिखित रूप में यह आश्वासन दिया 45 दिनों के भीतर छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस दौरान आंदोलनकारी छात्रों ने कमेटी को पत्रक भी सौंपा था। इसके बाद एबीवीपी ने धरने को खत्म कर दिया और सिंह द्वार को खोल दिया गया। आंदोलन का नेतृत्व बीएचयू इकाई के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने किया।

### फीस वृद्धि मामला : समिति ने आरंभ की संवाद प्रक्रिया

**वाराणसी।** बीएचयू में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से कुछ पाठ्यक्रमों के लिए नई फीस लागू करने के संबंध में कुछ विद्यार्थी समूहों की तरफ से उठाए गए विषयों पर गौर करने के लिए गठित समिति ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में विद्यार्थी प्रतिनिधियों से चर्चा की। समिति इस विषय पर विद्यार्थी समूहों के साथ संवाद स्थापित कर रही है। विद्यार्थी प्रतिनिधियों ने समिति के समक्ष अपने विचार रखे। चर्चा के दौरान समिति ने निर्णय लिया कि इस विषय पर सभी तथ्यों का अवलोकन किया जाएगा तथा 25 दिसम्बर या उससे पहले रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। बता दें कि विद्यार्थी समूहों की तरफ से प्रस्तावित फीस के स्वरूप तथा छात्रावासों के शुल्क को लेकर उठाए गए विषयों पर चर्चा के लिए कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. यशवंत सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

## जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला 15 को

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से उत्त प्रदेश कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई, के संयुक्त तत्वावधान में 15 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करौंदी, परिसर में किया जा रहा है। इस वृहद रोजगार मेला में देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 से अधिक नेशनल/मल्टीनेशनल कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस वृहद रोजगार मेला में प्रमुख रूप से कई स्थानीय कम्पनी भी भाग लेंगी। आयोजित वृहद रोजगार मेला में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई से प्रशिक्षित अभ्यर्थी तथा सेवायोजन विभाग में पंजीकृत अभ्यर्थियों के अतिरिक्त हाईस्कूल, इण्टर, बीए, एमए, बीटेक, एमटेक, एमबीए, बीसीए, बीबीए उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे।

## सनबीम लहरतारा के आदित्य व देवांश क्विज के नेशनल चैम्पियन



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित यू-जीनियस क्विज प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चैम्पियन बन कर एक बार फिर सनबीम लहरतारा के छात्र आदित्य जायसवाल व देवांश गुप्ता ने काशी का मान बढ़ाया है।

जनपद स्तर व प्रदेश स्तर में जीत दर्ज कराते हुए ये दोनों मेधावी छात्र मुंबई में आयोजित फाइनल राउण्ड में शिरकत करने पहुंचे। 26 शहरों के 100 से अधिक विद्यालय के प्रतिभागियों को पछाड़ कर सनबीम लहरतारा के यह दोनों प्रतिभाशाली छात्र नेशनल चैम्पियन बने। मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन बैंक के समूह के प्रबंध निदेशक व सीईओ सुश्री मणीमेखलाई मौजूद थीं।

उन्होंने विजेताओं को चमचमाती ट्राफी के साथ एक लाख रूपये, प्रमाणपत्र व अन्य उपहार भेंट किया। सनबीम शिक्षण समूह के अध्यक्ष डा. दीपक मधोक व निदेशिका भारती मधोक ने विजयी छात्रों को बधाई दी। उप निदेशिका अमृता बर्मन ने हर्ष व्यक्त किया।

### अन्नपूर्णा मंदिर में सत्रह दिवसीय महाव्रत 13 से शुरू

**वाराणसी।** मां अन्नपूर्णा का महाव्रत आरंभ होने जा रहा है। अन्नपूर्णा मंदिर में 17 दिवसीय महाव्रत 13 नवम्बर, रविवार से शुरू होगा। जिसका 17 वें दिन 29 नवंबर को समापन होगा। धान का श्रृंगार अगहन माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को होगा। यह महाव्रत 17 वर्ष 17 महीने 17 दिन का होता है। परंपरा के अनुसार इस व्रत के प्रथम दिन प्रातः मंदिर के महंत शंकरपुरी महराज स्वयं अपने हाथों से 17 गांठ के धागे भक्तों को देते हैं। माता अन्नपूर्णा के इस महाव्रत में भक्त 17 गांठ वाला धागा धारण करते हैं। इसमें महिलाएं बायीं व पुरुष दाहिने हाथ में इसे धारण करते हैं। इसमें अन्न का सेवन वर्जित होता है। केवल एक वक्त बिना नमक का फलाहार किया जाता है। इस अनुष्ठान का उद्यापन 29 नवंबर को होगा। उस दिन भगवती मां की धान की बालियों से श्रृंगार होगा। इस दिन मां अन्नपूर्णा के गर्भगृह समेत मंदिर परिसर को सजाया जायेगा। प्रसाद स्वरूप धान की बाली 30 नवंबर को प्रातः से मंदिर बंद होने तक आम भक्तों में वितरण किया जायेगा। महंत शंकरपुरी ने कहा माता अन्नपूर्णा का व्रत-पूजन दैविक, भौतिक का सुख प्रदान करता है और अन्न-धन, ऐश्वर्य की कमी जीवन पर्यन्त नहीं होती है।

## ज्योतिष के विविध पक्षों पर विद्वानों का मंथन शुरू

**बीएचयू**

### संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

### संस्कृत का विद्वान अपने जीवन में यश व कीर्ति को प्राप्त करता है : सीमा द्विवेदी

जनसंदेश न्यूज



बीएचयू के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग की तरफ से आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता

**वाराणसी।** बीएचयू के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में गुरुवार को 'ज्योतिष शास्त्र में पुरुषार्थ चतुष्टय' विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। दुनियाभर से जुटे विद्वानों ने फलित ज्योतिष, पंचांग, नक्षत्र विज्ञान आदि विषयों पर विमर्श शुरू किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत का विद्वान कभी दुःखी नहीं होता। अपने जीवन में यश एवं कीर्ति को प्राप्त करता है। उन्होंने वैज्ञानिकता एवं लोक प्रसिद्धि पर उदाहरण देकर ज्योतिष के अन्तरराष्ट्रीय ख्याति को बताया।

सम्मानित अतिथि अर्जुन प्रसाद वास्तोला (नेपाल) ने ज्योतिष एवं पंचांग की प्रशंसा करते हुए मुहूर्तादि को सनातन परम्परा का आधार बताया तथा पंचांगों की एकरूपता की बात की। पूर्व संकाय प्रमुख प्रो. चंद्रमा पांडेय ने पुरुषार्थ चतुष्टय की विशद् विवेचना प्रस्तुत की। उन्होंने शास्त्रों के संरक्षण एवं अध्ययन पर बल दिया।

उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि वेद विहित यज्ञों का आधार ज्योतिष है तथा ज्योतिष का आधार काल है। वेद को सम्यक प्रकार से जानने के लिए वेदांगों के माध्यम से ही समझा जा सकता है। अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो. कमलेश झा ने की। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवर्तन प्रो. गिरिजाशंकर शास्त्री व संचालन प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद प्रो. विनय पांडेय ने दिया।

सम्मेलन को प्रो. रामचंद्र पांडेय, प्रो. उमाशंकर शुक्ल, प्रो. माधव प्रसाद पांडेय, डॉ. निगम पांडेय, डॉ. मधुसूदन मिश्र, कृष्ण परसाई, डॉ. राजा पाठक आदि ने संबोधित किया। संगोष्ठी में नेपाल, भूटान के अलावा जोधपुर, जयपुर, दक्षिण भारत, तिरुपति, महाराष्ट्र और दिल्ली से विद्वान पहुंचे हैं।

## बिना वेद के भारतीय संस्कृति अधूरी है

**बोले प्रो. हरे राम त्रिपाठी**

### डीएवी पीजी कॉलेज में दस दिवसीय वैदिक गणित कार्यशाला का उद्घाटन

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** इस लौकिक जगत की उत्पत्ति का आधार वैदिक गणित ही है, जिसके मूल में वेद है। जिन दो साहित्य को सबसे प्राचीन माना जाता है उनमें से एक वेद है। बिना वेद के भारतीय संस्कृति अधूरी है और संपूर्ण वैदिक और संस्कृत वांगमय गणित पर ही आधारित है। उक्त बातें गुरूवार को डीएवी पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग में शुरू हुए दस दिवसीय वैदिक गणित की कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरे राम त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पूरे विश्व में अग्रणी रही है, इसे पुनः विश्व पटल पर स्थापित करना है तो हमें इसे जन जन तक पहुंचाना होगा। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह और मंत्री/प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव सारस्वत अतिथि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ. दीपक कुमार शर्मा व स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. मिश्रीलाल, प्रो. पूनम सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. त्रिपुर सुन्दरी ने दिया। मौके पर डॉ. पीके सेन, प्रो. सतीश कुमार सिंह, डॉ. रविकांत त्रिपाठी, डॉ. संध्या आदि मौजूद रहे।

### मतदेय स्थल बदले जाने पर उप निर्वाचन अधिकारी से मिले सपाई

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उप निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जाने, मतदान स्थल दूसरे वार्डों में स्थापित किये जाने, बीएलओ के मनमानेपन आदि शिकायतों के बाबत उनको पत्रक सौंपा। उप निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि किसी बीएलओ ने लापरवाही बरती है तो उसके खिलाफ अवश्य कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जितेंद्र यादव, विजय जायसवाल, शिव प्रकाश सिंह, संतोष यादव बबलू, अजय चौधरी, जमाल अहमद आदि शामिल थे।

### भोजपुरी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए करेंगे सत्याग्रह

**वाराणसी।** भोजपुरी मंच के अध्यक्ष शंभू राय ने कहा कि भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर सत्याग्रह किया जायेगा। कहा कि भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कर भोजपुरी समाज का सम्मान बढ़ाया जाना चाहिए। पराड़कर स्मृति भवन में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री राय ने कहा कि दो करोड़ लोगों की बोलने वाली भोजपुरी भाषा देश में उपेक्षा की शिकार है। जबकि इसे पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए।

### निपुण भारत की सफलता में शिक्षकों की भूमिका अहम्

**पिंडरा।** प्राथमिक विद्यालय थाना प्रथम पर गुरुवार को शिक्षक संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बीईओ देवीप्रसाद दूबे ने कहा कि मिशन निपुण की सफलता शिक्षकों के कार्य कुशलता के परिणाम पर निर्भर है। शिक्षकों को इसके लिए नवाचारी शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने का प्रयास करना होगा। अध्यक्षता ग्राम प्रधान जय सिंह ने की। संचालन शिक्षक संकुल मायाशंकर ने किया। इस दौरान सर्वेश सिंह गौरीश सिंह, सुनील सिंह, अनिल, संजय, रामकृपाल आदि उपस्थित थे।

## विश्वनाथ से बड़ा कोई ईश्वर नहीं : देवी प्रसाद



**उद्‌गार**

### मैहर माता शारदा पीठाधीश्वर का काशी आगमन

**वाराणसी।** माता शारदा मैहर धाम के पीठाधीश्वर सद्गुरुदेव देवी प्रसाद महाराज एवं उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रधान पुजारी पवन पांडेय शास्त्री महाराज का गुरुवार को भक्तों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से आए भक्तों ने 'जगदम्ब भवानी' और 'जय माता दी' का उद्घोष किया। इस दौरान स्वामी देवी प्रसाद महराज ने भक्तों से 'काशी की महिमा का बखान किया।

उन्होंने कहा काशी योग, अध्यात्म और मोक्ष की नगरी है. बाबा विश्वनाथ से बड़ा योग का कोई ईश्वर नहीं। उन्होंने कहा की जिसे काशी वास मिला है उसे स्वयं स्वयंभू ने अपने शरण में लिया है।

कहा की धरती पर कोई भी ऐसी नगरी नहीं जिसे नाथ विश्वनाथ हो, मात्र काशी नगरी ही ऐसी है जो बाबा के आशीर्वाद से चल रही है। भौतिक युग में यदि मोक्ष की कामना है तो भगवत शरण में जाना होगा।

## मनबढ़ों ने सांसद निधि से हुआ निर्माण कराया ध्वस्त

**दबंगई**

### हरहुआ ब्लॉक के कोईराजपुर में मांगलिक कार्यों के लिए बने भवन के शौचालय, स्नानागार आदि को ढहाया

जनसंदेश न्यूज

**हरहुआ।** स्थानीय ब्लॉक के कोईराजपुर में सांसद निधि से केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडये ने जिस 'मांगलिक कल्याण मंडप' का निर्माण 2018-19 में कराया था, उस भवन से था बनाये गये स्नानागार, शौचालय और यूरिनल को दो दिन पहले कुछ दबंगों ने जेसीबी लगवाकर धव्सत करा दिया। प्रकरण को लेकर ग्राम प्रधान मोदी यादव ने जहां अनभिज्ञता व्यक्त की है वहीं कार्यकारी खंड विकास अधिकारी अवधेश सिंह ने जांच कराने की बात कही है।

जानकारी के मुताबिक डॉ. पांडेय से अपनी सांसद निधि से 10.76 लाख रुपये की लागत से इस मंडप को बनवाया था। ताकि गांव में मांगलिक कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए ग्रामीणों को असुविधा का सामना न करना पड़े। कुछ मनबढ़ों ने न सिर्फ शौचालय, स्नानागार व यूरिनल को ढहा दिया बल्कि मौके पर अनुष्ठ कराते हुए वहां एक नये निर्माण की तैयारी भी शुरु करा दी।

चर्चा है कि नया निर्माण कराने के बाद मनबढ़ निकट की खाली बंजर भूमि को अपने कब्जे में ले लेंगे। प्रकरण में पूछे जाने पर ग्राम प्रधान मोदी यादव ने बताया कि मैं लखनऊ से आज ही लौटा हूं। सो, अभी मामला मेरे संज्ञान में आया है। अफसरों से इसकी शिकायत करेंगे। वहीं, कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी अवधेश सिंह ने पूछने पर बताया कि सरकारी संपत्ति तोड़ने का आदेश किसी को को नहीं दिया गया है। मामले की पड़ताल करा रहे हैं। एक ग्रामसभा सचिव को जांच के लिए भेजा गया है।

## ...जब अनाथ बच्चों से अभिभावक जैसे मिले सीडीओ

**सराहनीय प्रयास**

### कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों संग हर माह के दूसरे शनिवार को करेंगे लंच

### मुख्य विकास अधिकारी ने निजी फोन नंबर देकर हर प्रकार की समस्या के समाधान का दिया भरोसा

### बच्चों के नजदीकी हेल्थ सेंटर व थानों को रखना होगा ध्यान, बच्चों का पैतृक संपत्ति में होगा नामांतरण



कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके बच्चों से सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को मुलाकात की

**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को उन बच्चों से मुलाकात की जो कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके हैं। इन बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के जरिये लाभांवित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने न सिर्फ उन बच्चों के साथ किसी अभिभावक की तरह विस्तार से बातचीत की बल्कि उन्हें अपना व्यक्तिगत फोन नंबर देते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो सीधे उनके बात करें। उन्होंने सभी बच्चों को प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को अपने घर पर साथ में लंच करने के लिए आमंत्रित किया।

विकास भवन सभागार में यह आयोजन था। इस मौके पर सीडीओ ने बच्चों से उनकी रुचि, स्वास्थ्य, परिवार के बारे में जानकारी ली। बच्चों की पैतृक संपत्ति में उनका नामांतरण करवाने के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजने के निर्देश दिये। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित थाने और चिकित्सा संबंधी इमरजेंसी के लिए नजदीकी हेल्थ सेंटर को भी अवगत कराने को कहा। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय और बाल संरक्षण अधिकारी निरुपमा सिंह ने श्री नागपाल को जनपद में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के अंतर्गत किये जा रहे कार्य और अबतक की प्रगति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत आठ बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। सभी बच्चों के खाते में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने दस लाख रुपए जमा किये हैं जो उन्हें 23 साल की उम्र पूरी होने पर मिलेंगे। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर बच्चों को स्टाइपेंड मिलना आरंभ हो जाएगा। फिलहाल दो बच्चे 18 साल के हो चुके हैं। बैठक में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव, मंडलीय बाल संरक्षण सलाहकार रिजवाना परवीन, राजकुमार तथा विजय भी रहे।

## संक्षेप

### धान की प्रजातियों का किया मूल्यांकन



**मिर्जामुराद।** कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) पर कलेक्ट्री फार्म स्थित अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र (ईरी) के संयुक्त प्रयास से स्थापित फसल संग्रहालय में प्रदर्शित धान की विभिन्न प्रजातियों का गुरुवार को मूल्यांकन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने बताया की धान की विभिन्न प्रजातियों में बालियों व तिलर की संख्या, पौधों की ऊंचाई एवं रोगों का प्रभाव आदि के मानक देखे गये। जिले में इन प्रजातियों को अपनाने से किसान लाभांवित होंगे। इस अवसर पर डॉ. नवीन, डॉ. अमितेश, श्रीप्रकाश, डॉ. राहुल, डॉ. मनीष आदि वैज्ञानिक समेत कई किसान उपस्थिति रहे।

### देल्हना में नैपियर घास की रोपाई

**काशी विद्यापीठ।** अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में रखे गये निराश्रित गोवंशों को भोजन में पोषणयुक्त नैपीयर घास देंगे। इसके लिए स्थानीय विकास खंड के देल्हना गांव में तैयार किये गये चरागाह में नैपियर घास रोपे जा रहे हैं। बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह ने बताया कि काशी विद्यापीठ विकास खंड के इस गांव में नैपियर घास की रोपाई लगभग पूरी हो चुकी है। ब्लॉक के कोटवां और अलाउद्दीनपुर में भी इसके लिए खेत तैयार किया जा रहा है। संबंधित ग्राम सचिवों को इस बारे में आवश्यक निर्देश दिये गय हैं।

### कौशिक की बसपा में वापसी

**वाराणसी।** बहुजन समाज पार्टी से पूर्व में निष्कासित किये गये कौशिक पांडेय को संगठन में पुनः इंट्री दी गयी है। बसपा जिलाध्यक्ष राजेश भारती ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कौशिक पांडेय पूर्व में कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रहे हैं और वह विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की ओर से प्रत्याशी भी बनाए जा चुके हैं।

### प्रतियोगिता की तैयारियां कर लें पूर्ण

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के बरियासनपुर में आगामी 19 नवंबर को आयोजित होने वाले 'खेलो बनारस-2022' के लिए गुरुवार को खंड विकास अधिकारी सरिता गुप्ता ने तैयारी बैठक की। उन्होंने कंपटीशन में अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण तय समय के भीतर करा लेने पर बल दिया। साथ ही प्रतियोगिता से जुड़ी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करा लेने के निर्देश दिये। मीटिंग में बीईओ स्कंद गुप्ता, डॉ. अमित सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि रहे।

### डेंगू प्रभावित गांवों में फॉगिंग



**चिरईगांव।** सीडीओ हिमांशु नागपाल के निर्देश पर स्थानीय विकास खंड में डेंगू प्रभावित मरीजों के गांवों में गुरुवार को फॉगिंग करायी गयी। ब्लॉक के एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरहां गांव की घनी आबादी, बाजार, ग्राम पंचायत बनकट, जाल्हूपुर, सथवां आदि इलाकों में यह कार्य अभियान के तौर पर कराया गया।

### अतिक्रमण हटवाकर वसूला जुर्माना

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक के थैले का प्रयोग करने वाले दुकानदारों और वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर 18,900 रुपये जुर्माना वसूला गया। प्रवर्तन दल ने सारंग तलाब रोड पर अतिक्रमण हटवाने के साथ, सिगरा से साजन तिराहा, मल्दहिया, तेलीया बाग, चौका घाट, मकबूल आलम मार्ग से पुलिस लाइन तिराहा, कचहरी, सर्किट हाउस, भोजुवीर तिराहा, संत अतुलानंद विद्यालय, हरहुआं, चांदमारी, भोजुबीर, पुलिस लाइन तिराहा, चौकाघाट, लहरतारा आदि क्षेत्रों के सड़क और पटरी से अतिक्रमण हटवाकर मार्ग खाली करवाया गया। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जुर्माना कर लगभग दो गाड़ी सामान जब्त किया गया।

### सीएम के आगमन से पूर्व सड़कों को चमकाया

**रोहनिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के शाहंशाहपुर में आगमन होने को लेकर गुरुवार को सफाई कर्मियों ने राजातालाब, भीमचंडी, जख्खिनी, मातलदेई, बढईनी, भवानीपुर, मोहनसराय बाईपास आदि चौराहे सहित राजातालाब से जक्खिनी मार्ग और मोहनसराय से अदलपुरा मार्ग के किनारे झाड़ू लगाकर साफ सफाई की।

### एम म्यूज, ललित कला और अर्थशास्त्र की परीक्षा तिथि घोषित

**वाराणसी।** मंचकला विभाग में एम म्यूज द्वितीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 14 और चतुर्थ सेमेस्टर की 22 को होगी। जबकि ललित कला विभाग के स्नातक द्वितीय समेस्टर के छात्रों के विषय स्किल डेवलपमेंट एवं माइनर-मेजर पाठ्यक्रम की परीक्षाएं विभाग में 11 के बजाय 15 को निर्धारित की गई हैं। वहीं अर्थशास्त्र विषय के स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षार्थियों की मौखिकी परीक्षा (दसवां प्रश्न पत्र) 16 को सुबह नौ बजे से विभाग में होगी।

### सतुआ बाबा आश्रम में षष्ठ सतुआ बाबा की श्रद्धांजलि सभा आज

**वाराणसी।** ब्रह्मलीन जगद्गुरु विष्णु स्वामी सम्प्रदायाचार्य यमुनाचार्य महराज षष्ठ सतुआ बाबा की दसवीं पुण्यतिथि 11 नवम्बर को दोपहर 12 बजे श्रद्धाजंलि सभा के रूप में मनायी जायेगी। महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठ गोरखपुर के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस मौके पर वैष्णवाराधन भंडारा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त साधु-संतों के अलावा अन्य श्रद्धालुजन भी भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थल त्रयंबकेश्वर भवन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर (सतुआ बाबा आश्रम के बगल में मणिकर्णिकाघाट) रखा गया है। कार्यक्रम स्थल त्रयंबकेश्वर भवन जाने के लिए सतुआ बाबा आश्रम मणिकर्णिकाघाट की तरफ से आया जा सकता है।

### राजकीय हाई स्कूल ठठरा में प्रशिक्षण शिविर शुरू

**मिर्जामुराद।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जिला इकाई के बैनर तले गुरुवार को तीन दिवसीय प्रगतिशील स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर राजकीय हाई स्कूल ठठरा में शुरू हुआ। प्रशिक्षकों ने कहा कि स्काउट का यह प्रशिक्षण खेल-खेल में एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। प्रशिक्षण के पहले दिन छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउटिंग, स्काउट गाइड आंदोलन, सिद्धांत, उद्देश्य, सेल्यूटिंग, रिपोर्टिंग आदि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार से हुआ। मुख्य अतिथि प्रभारी प्रधानाध्यापिका वीणा गौंड थीं। संचालन प्रदीप चतुर्वेदी ने किया। धन्यवाद स्काउट गाइड प्रभारी डॉ. विशालाक्षी देवी ने किया। इस दौरान गीता सिंह, श्वेता, पूजा, कमलेश उपाध्याय, उमेश केसरी आदि थे।



# महिला अस्पताल की दुर्व्यवस्था के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन


जिला महिला अस्पताल में धरना देते छात्र

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** जिला महिला अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यवस्थाओं को लेकर छात्रों ने सीएमएस की अनुपस्थिति में उनके आफिस के सामने धरने पर बैठ नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। साथ ही आठ सूत्रीय पत्रक सौप कर समस्याओं के समाधान की मांग की। छात्रनेता व सामाजिक कार्यकर्ता रिपुन्जय रमण पाठक रानू ने बताया कि महिला अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाले मरीजों का अल्ट्रासाउंड नही हो रहा।

अस्पताल में लाखों रुपए की अल्ट्रासाउंड मशीन सिर्फ धूल फांकने के लिए रखी गई है। अल्ट्रासाउंड ना होने की वजह से गरीब महिलाओं को प्राइवेट जांच कराने मं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को शिकायत की गयी, किंतु अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ।

इस अवसर पर रोहित चौबे, लक्ष्मी पंडित, मनीष राय टिंकू, जुबेर खान, राजू वर्मा, भीम यादव, निखिल परमार, बबलू यादव, हेमंत मिश्रा, मोहित गुप्ता, एजाज अहमद, रंजन, आकाश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों का विद्युत उपकेन्द्र पर प्रदर्शन

**नगरा।** स्थानीय ब्लाक के कोठियां गांव की बिजली काटे जाने से नाराज उपभोक्ताओं ने बुधवार को नगरा पावर हाउस पर जमकर बवाल काटा। गांव की बिजली काटने से अफरा-तफरी मची हुई है। इतने कनेक्शन एक साथ काटा जाना विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली एक सप्ताह से काटकर छोड़ दिया गया है। नगरा विद्युत उपकेन्द्र से सम्बन्धित कोठियां गांव की बिजली विभाग के द्वारा काटे जाने से अन्धेरा हो गया है। इसको लेकर सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चे 10 बजते ही नगरा उपकेन्द्र पर पहुंच गये और जमकर नारेबाजी किए। गांव की बिजली काटे जाने का कारण बिल बकाया बताया जा रहा है। विभाग द्वारा कहना है कि कोठियां गांव में 135 कनेक्शन धारी उपभोक्ता हैं, जिसमे से 40 उपभोक्ता ही बिल जमा करते हैं। उनके ऊपर लगभग 15 लाख रुपये का बकाया है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि यशवन्त कुमार, पुषपराज चौहान, मंगल, मनोज, राजू, सहन्स शिवशान्ति, मानती, प्रमोद, पिन्टू, मनोज, सत्येन्द्र आदि मौजूद रहे।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बैरिया।** क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गुरुवार को बैरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते में अपनी 12 वर्षीय चचेरी बहन के साथ 25 वर्षीय युवक पकंज वर्मा ने बुधवार को बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने इस संदर्भ में बैरिया थाने में बुधवार की देर रात तहरीर दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीत कर आरोपी को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पास से गुरुवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह कहीं भागने के लिए ट्रेन पकड़ने की फिराक में था। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि उक्त पीड़िता के साथ कई बार बहला फुसलाकर उक्त युवक द्वारा दुष्कर्म किया गया था। बुधवार को एक बार फिर उक्त युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जिसकी तहरीर किशोरी के पिता ने थाने में दिया। जांचोपरान्त मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं, पीड़ित किशोरी को महिला पुलिस व उसकी मां की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए बलिया भेजा गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** बांसडीह रोड थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। एसपी राजकरन नय्यर द्वारा चलाये जा रहे महिला संबंधित अपराधों के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सघन अभियान के तहत एएसपी दुर्गा प्रसाद के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बांसडीह के नेतृत्व में यह सफलता मिली है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक दुष्कर्म का आरोपी बांसडीह रोड बाजार में मौजूद है। पुलिस ने तत्काल बांसडीह रोड बाजार की घेराबंदी कर दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के आरोपी अमित राम पुत्र झुलन राम उर्फ रामजी निवासी बंधैता, थाना फेफना को गिरफ्तार कर लिया।

# बीत गये त्योहार, ट्रेनों में भीड़ बरकरार



**परेशानी**

### आरक्षण टिकट को काउंटर पर रोज हो रही किचकिच

**बैरिया।** तमाम खास त्योहार बीत गये, लेकिन ट्रेनों की भीड़ कम होने का नाम नही ले रही हैं। लोगों को उम्मीद थी कि छठ पूजा के बाद भीड़ कम होगी। लेकिन छठ पूजा 10 दिनों से अधिक समय हो गया। बावजूद इसके ट्रेनों में भीड़ की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। छठ में घर आये लोग वापस काम पर लौटने के लिए रोज प्रस्थान कर रहे है। तभी तो रेल काउंटरों पर आरक्षित टिकट के लिए मारामारी हो रही है।

सुरेमनपुर से दिल्ली, मुंबई, पंजाब, कोलकाता, गुजरात व बंगलौर सहित दूर-दराज देश के एक कोने से दूसरे कोने तक जाने वाली ट्रेनों में अभी भी लम्बी वेटिंग है। स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्स. व पवन एक्स. में अभी भी नोरूम दिखा रहा है, यानी वेटिंग टिकट भी मिलना कठिन है। गुरुवार को रानीगंज निवासी सन्तोष को मुंबई जाना था, किंतु उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ। वह स्टेशन से वापस लौट गए। ठीक इसी तरह बैरिया निवासी अजय को सूरत जाना था। ताप्ती गंगा एक्स. में उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ। वह भी वापस लौट गए। इस तरह दर्जनों यात्री सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर मिले, जो टिकट कन्फर्म नहीं होने के कारण वापस लौटने को मजबूर हो गए। यात्रियों का आरोप है कि भले रेल प्रशासन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कराकर यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा की सुविधा मुहैया कराने का दावा कर रही है, किंतु यथार्थ के धरातल पर इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है। इस संदर्भ में स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया कि एक सप्ताह में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान

**बैठक**

### अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर दिया बल


फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक व अधिवक्ताओं के साथ बैठक करते न्यायिक अधिकारी

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के न्यायाधीश/सचिव सर्वेश कुमार मिश्र के संचालन में विश्राम कक्ष में समस्त अपर जनपद न्यायाधीश व फाइनेन्स कम्पनी के प्रबन्धक/अधिवक्तागण के साथ प्री-ट्रायल बैठक हुई। इसमें 12 नवम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने पर मंथन किया गया।

जितेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने न्यायालय में लम्बित आर्बिट्रेशन संबंधित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया को प्रेषित करें। बैठक में उपस्थित फाइनेन्स कम्पनी के प्रबन्धक/अधिवक्तागण को निर्देशित किया गया है कि आपकी कम्पनी से सम्बन्धित आर्बिट्रेशन एवं कन्सीलिएशन एक्ट के तहत न्यायालयों में लम्बित अधिक से अधिक निष्पादन वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर दिनेश कुमार मिश्रा अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-01, हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-03, महेश चन्द्र वर्मा विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट), गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-8, ओमकार शुक्ला विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट) कोर्ट सं.-5, ओमप्रकाश विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट), नितिन कुमार ठाकुर अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-2, अरूण कुमार-तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-4, प्रशान्त बिलगैया अपर जनपद न्यायाधीश/ एफटीसी प्रथम, विनोद कुमार अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी द्वितीय, गीतेश पाण्डेय अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा 13 को

**बलिया।** पटरी दुकानदार समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं भाकपा माले के नेता जैनुद्दीन की स्मृति में 13 नवम्बर, दिन रविवार को अपराह्न दो बजे शहर के चौक में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। भाकपा माले नेता लक्ष्मण यादव ने इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनैतिक व पटरी दुकानदारों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

# ज्ञानकुंज एकेडमी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**आयोजन**

### स्काउट गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण का समापन

**जनसंदेश न्यूज**



स्काउट गाइड प्रशिक्षण में शामिल बच्चियां

**सिकंदरपुर।** जिला सेवा योजन बलिया द्वारा आयोजित स्काउट गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर में ज्ञानकुंज के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारत स्काउट गाइड उप्र के निर्देशन में जिला संस्था द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जननायक प्रशिक्षण संस्थान मिड्डा में किया गया। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नौशाद अली सिद्दिकी के कुशल मार्ग दर्शन में शिविर में सहभागिता करने वाले जिले के सभी विद्यालयों के बच्चों ने भागीदारी किया।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसमें ज्ञान कुंज एकेडमी बंशी बाजार के बच्चों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर-के सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ज्ञान कुंज एकेडमी के बच्चों का स्थान अग्रणी रहा।

पल्लवी प्रथम, अमन मद्धेशिया को द्वितीय एवं भरत यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय ने बच्चों की सफलता पर बधाई दिया। कहा कि यह बच्चों की सफलता में कड़े अनुशासन एवं जीवन में नित नये कुछ करने और जीवन में कुछ नया सिखने की जिज्ञासा का सुंदर परिणाम है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. देवेन्द्र सिंह कहा कि हमारा विद्यालय जिला मुख्यालय से दूर ग्रामीण परिवेश में स्थित है। फिर भी शिक्षा-दीक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चों को तैयार किया जाता है। इस सफलता पर उन्होंने शारीरिक प्रशिक्षक कैप्टन श्रीमती रितु सिंह एवं अन्य सभी को धन्यवाद दिया। विद्यालय के अध्यक्ष ज्योति स्वरुप पाण्डेय ने बच्चों को बधाई दी। कहा कि यह सफलता बच्चों के कठोर परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या शीला सिंह ने कहा कि इस सफलता से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती रितु सिंह एवं मनोज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# पिकप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-31 बैरिया-मांझी मार्ग पर स्थित सोनबरसा गांव के समीप बलिया की तरफ जा रही पिकप ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही, उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल को राहगीरों ने सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के मठ योगेंद्र गिरि गांव निवासी लवकुश ठाकुर (25) अपने घर से बैरिया बाजार जा रहे थे। इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-31 बैरिया-मांझी मार्ग पर स्थित सोनबरसा गांव के समीप पीछे से बलिया की तरफ जा रही पिकप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया और फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायल की स्थिति गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। यहां से चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

# सेंट जेवियर्स के छात्रों का शैक्षणिक टूर संपन्न


शैक्षणिक टूर के दौरान जानकारी लेती बालिकाएं

**बेल्थरारोड।** सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली बड़ागांव द्वारा दो दिवसीय शैक्षणिक टूर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को विज्ञान सम्बन्धी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी। सभी छात्र 8 नवम्बर की सुबह स्कूल से शिक्षक व स्टाफ सहित लखनऊके लिए रवाना हो गये। लखनऊ पहुंचने के उपरांत छात्रों ने सबसे पहले आंचलिक विज्ञान नगरी का भ्रमण किया, जहां पर उन्होंने विज्ञान से संबंधित बहुत बारीकियों को सीखा व उसको अपनी पुस्तिका में लिखा। इसके उपरांत छात्रों ने जू पार्क का भ्रमण किया, जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जानवरों व पक्षियों को देखा। अगले दिन प्रातः सभी बच्चे सीएसआईआर बटानिकल गार्डेन पहुंचे। वहां पर बच्चों ने पेड़-पौधों पर हो रहे रिसर्च का अध्ययन किया। उसके बाद सभी बच्चे बायोटेक पार्क गए। वहां पर बच्चों ने बायोटेक्नोलजी संबंधित जानकारी वैज्ञानिक डॉ. उमाशंकर, शैलेन्द्र, राजीव द्वारा बारीकियों को समझा व सीखा। शैक्षणिक टूर में शीला, रमेश, अरविंद आदि शामिल रहे।

# महिला प्रधान की पिटाई का वीडियो वायरल

**बलिया।** सागरपाली आराजी माफी में महिला ग्राम प्रधान की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

वायरल वीडियो में साफ तौर देखा जा सकता है कि चार-पांच की संख्या में कुछ महिलाएं ग्राम प्रधान कलावती देवी की पिटाई कर रही है। इस दौरान आस-पास भीड़ भी जुटी है, लेकिन कोई छुड़ाने का साहस नहीं कर पा रहा है। आराजी माफी सागरपाली की ग्राम प्रधान कलावती देवी पहले किसी दूसरे शहर में रहती थीं। गांव के कुछ लोगों ने कलावती देवी को अपने खर्चे पर चुनाव लड़ाया और वो प्रधानी जीत गयी। अब कलावती देवी को जिताने वाले चाहते है वो इनके इशारे पर काम करें। लेकिन महिला प्रधान ऐसा करने से मना कर दे रही है।

इसी से खुन्नस खाए कुछ दबंगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। फेफना पुलिस के मुताबिक, ग्राम प्रधान कलावती देवी की तहरीर की तहरीर पर चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, एक नामजद आरोपी की पुलिस खोजबीन कर रही है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**रसड़ा।** क्षेत्र के रजमलपुर हाल्ट स्टेशन के समीप गुरूवार की सुबह ट्रेन से कटे हुए युवक का शव दो टुकड़े में मिलने से सनसनी फैल गयी। शव की शिनाख्त उमेश चौहान (22) पुत्र गुलाब चौहान निवासी ग्राम कंसो, थाना हलधरपुर, जिला मऊके रूप में की गयी है। ग्रामीण रेल लाइन से होकर जा रहे थे कि रेलवे ट्रैक पर युवक का दो टुकड़ों में शव देखकर हतप्रभ रहे गये। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ रसड़ा के प्रभारी आनंद सिंह सहित चौकी प्रभारी पकवाइनार औरंगजेब खां ने शव को पटरी से हटाकर शिनाख्त के बाद आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी।

# चोरों ने लाखों का सामान बर्बाद कर दिया


दुकान में चोरी की सूचना पर जुटी भीड़

**रेवती।** स्थानीय बस स्टैण्ड के समीप स्थित किराने की दुकान में बीती रात मनबढ़ चोरों ने न केवल लाखों का सामान बर्बाद कर दिया, बल्कि सीसीटीवी का डीसीआर उठा ले गये। घटना की जानकारी दुकानदार को गुरूवार की सुबह हुई।

पीड़ित दुकानदार ने एक नामजद के विरूद्ध रेवती थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार कस्बा रेवती निवासी विनोद कुमार केसरी की किराने की दुकान बस स्टैंड के समीप स्थित है।

बीती रात मनबढ़ चोर टीन शेड की दुकान के पिछले हिस्से को चांड़ कर दुकान के अंदर घुस गए तथा खाद्य पदार्थ के सामानों में तेजाब तथा हार्पिक आदि डालकर उसे बर्बाद कर दिया। यही नहीं जीरा, मरीच, सोयाबीन सहित विभिन्न सामानों को बिखेर दिया, जिससे दुकानदार के लाखों का सामान बर्बाद हो गया। चोरों ने अपना दिमाग लगाते हुए अपनी करतूत के बेजान गवाह सीसीटीवी कैमरा के डीसीआर को उठा ले गए।

### भाजपा नेत्री के घर में लाखों की चोरी



**बलिया।** नगर के सतनी सराय स्थित भारतीय जनता पार्टी के गोरक्ष प्रांत की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव के बंद पड़े मकान में चोरों ने घुसकर लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार की सुबह जब पड़ोसियों ने बंद पड़े मकान का ताला टूटा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी सूचना भाजपा नेत्री को देने के साथ ही पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके की छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। जानकारी के अनुसार सुनीता श्रीवास्तव बीमार बेटे के इलाज के सिलसिले में लखनऊमें गयी हुई थी। घर पर ताला बंद था। चोरों ने किसी समय घर के गेट का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गये और घर में बक्सा व आलमारी को तोड़कर डेढ़ लाख के जेवर तथा 25 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार की सुबह पड़ोसियों ने दरवाजे का ताला टूटा देखकर इसकी सूचना भाजपा नेत्री व कोतवाली पुलिस को दी।

## संक्षेप

### रंगोली के माध्यम से दिया विविधता में एकता का संदेश



**बांसडीह।** अंकुर पब्लिक स्कूल की बालिकाओं द्वारा गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, विद्यार्थी जीवन में शिक्षा का महत्व, विविधता में एकता का संदेश जनमानस को दिया। इस रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा छः से लेकर बारह तक की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। बालिकाओं ने द रियल मैन डोंट रेप, सेव वाटर सेव अर्थ आदि थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। रंगोली में सचित्र महिला सशक्तिकरण की भावना को उकेरने के साथ समाज को शिक्षित करने का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रबंधक तरुण प्रकाश सिंह ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में राजू सिंह, विनय मिश्रा, आसिफ, राजीव सिंह, फलक नाज मौजूद रहकर निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रधानाचार्य डा. नीतू सिंह ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर शिखा सिंह, काजल गुप्ता, मुस्कान, सुप्रिया, चांदनी, रिसिका, प्रोनिता आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

### सभासद ने डीएम व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया के वार्ड 12 के मतदाता सूची में अनियमितता को लेकर सभासद अमित कुमार दुबे ने गुरूवार को डीएम और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सभासद श्री दुबे ने बताया कि वार्ड नंबर 12 की मतदाता सूची में भारी धांधली की जा रही है। इसमें माडल तहसील में निर्वाचन कार्य देख रहे दो कर्मचारी अपने एक प्रत्याशी रिश्तदार को लाभ पहुंचाने के लिये बीएलओ के बिना जानकारी के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मतदाता सूची में गड़बड़ी कर रहे है। श्री दुबे ने बताया कि इसके अतिरिक्त31 अक्टूबर 2022 को जन सामान्य के लिये मतदाता सूची जारी की गयी थी, उसमें भी घोर अनियमितता की गयी है। इस पर मैंने आपत्ति पत्र दर्ज करायी थी। पत्रक सौंपने वालों ने मांग किया कि उक्त प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अखिलेश यादव, अमित सिंह, प्रकाश मिश्रा, सत्यमय सिंह, राहुल सिंह, बिट्टू सिंह, नितिन सिंह, धर्मेश सिंह, निखिल राय आदि मौजूद रहे।

### समाज के बच्चों को करें शिक्षित : डॉ. संजय निषाद

**रेवती।** मत्स्य पालन मंत्री डा. संजय निषाद ने स्थानीय नगर स्थित रामलीला भूमि पर पहुंच कर गुरुवार को कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का मंत्र देते हुए कहा कि राम और निषादराज में बहुत घनिष्ठता थी। उन्होंने सुख-दुःख में साथ चलने के लिए राजी होकर अपने नीयत कार्यों को पूरा करने में अंत तक निर्वाह किया। ऐसे में हमें एकजुट रहना होगा। कहा कि मछुआरों के विभिन्न कार्यों के लिए धन आ चुका है। साहनी बिरादरी के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के लोगों का काफी पैसा नशापान करने में बर्बाद हो जाता है। इस पर नियंत्रण करना होगा। उन्नति का मंत्र देते हुए मंत्री ने कहा कि समाज के बच्चों को शिक्षित करना आवश्यक है। शिक्षित समाज निश्चित रूप में उच्च पदाधिकारी का पद प्राप्ति कर उन्नति करेगा। इस अवसर पर अमित, सुभाष साहनी, नारद साहनी, अक्षय साहनी, सुरेंद्र साहनी आदि मौजूद रहे।

### इंडिया टीम की जीत के लिए किया पूजन



**बलिया।** शहर के बालेश्वर मंदिर में सोनी तिवारी नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा बीजेपी की तरफ से टीम इंडिया की जीत के लिए पूजन और आरती किया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री सोनी तिवारी ने कहा कि सेमीफाइनल में भारत इंग्लैंड को हराकर जरूर फाइनल में पहुंचेंगी और फाइनल में भी जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान सोनी दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में टीम इंडिया की जीत के लिये प्रार्थना की। कहा कि सेमीफाइनल का मैच भारत के लिये अहम है और टीम इंडिया जरूर इसे जीतेंगी। करोड़ों भारतीयों की दुआएं भारतीय टीम के साथ है। इस अवसर पर प्रीति पाण्डेय, सुनीता राय, सुनीता वर्मा, आरती सिंह, मीरा, कंचन उपाध्याय आदि मौजूद रही।

### हृदयनारायण अध्यक्ष एवं महामंत्री बने सत्येन्द्र

**बलिया।** उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ बलिया का अधिवेशन गुरुवार को लोनिवि के सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी अजय सिंह, अविनाश उपाध्याय, राजेश कुमार पांडेय एवं रविन्द्र सिंह की देखरेख में चुनाव कार्यक्रम हुआ। इसमें अभिमन्यु दूबे को संरक्षक, हृदय नारायण दूबे को अध्यक्ष, रविन्द्र तिवारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिवजी राम को उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र सिंह को महामंत्री, रामअवध यादव को कोषाध्यक्ष, नागेन्द्र प्रताप को संयुक्त मंत्री, अरूण कुमार को संगठन मंत्री प्रथम, मुक्तिनाथ सिंह को संगठन मंत्री द्वितीय, रविन्द्र पाल को आडिटर, ओमप्रकाश श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी, दूधनाथ व योगेन्द्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। संचालन हृदय नारायण दूबे ने किया।

### पुलिस ने कच्ची शराब व लहन को किया नष्ट




**बांसडीह।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में बांसडीह पुलिस ने राजपुर स्थित भाई जी के बारी के सटे सुरहा ताल में तैयार किए जा रहे अवैध रूप से कच्ची शराब का जखीरा बरामद करते हुए मौके पर ही शराब व लहन को नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार राजपुर के भाई जी के बारी से सटे सुरहा ताल से बांसडीह कोतवाली पुलिस ने देशी शराब बनाने का जखीरा, जिसमें लगभग 10 कुंतल लहन, शराब व उपकरण को बरामद करते हुए सबकुछ मौके पर ही नष्ट पर कर दिया। सर्किल आफिसर राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कच्ची शराब बनाने पर कड़ी निगरानी रखी गई है। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप धंधा को पनपने नही दिया जायेगा। पुलिस टीम में राहुल कुमार, जयप्रकाश यादव, राकेश सिंह, मुजीब, असलम, अमित मौर्या, कृष्णकांत आदि शामिल रहे।

### गंगा दूतों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बलिया।** नेहरू युवा केंद्र बलिया के तत्वावधान में नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अन्तर्गत दो दिवसीय गंगा दूतों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत राम सिंघासन किसान इंटर कालेज में हुई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गंगा दूतों को संबोधित करते हुए जिला परियोजना अधिकारी शलभ उपाध्याय ने कहा कि जब हम अपनी धार्मिक पुस्तकों पर नजर डालते हैं तो पता चलता है कि जिस गंगा की आज हम अवहेलना कर रहे हैं, उसे धरती पर लाने के लिये भगीरथ ने वर्षों तपस्या की थी। लेकिन वर्तमान परिवेश में गंगा नदी में प्रदूषण काफी बढ़ गया है, जो कि चिंता का विषय है। गंगा की निर्मलता को बनाए रखने के लिए लिए सर्व समाज को विशेष तौर से युवा वर्ग को आगे आना होगा। जिला प्रशिक्षक नितेश पाठक व नंदनी सिंह ने विस्तार से गंगा दूतों को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर पंकज कुमार, सुमित, आदर्श, दिव्यांशु, शिवम, सूरज, पप्पू यादव, राकेश पांडेय, रिंकी, निक्की, सुजाता सोनी आदि उपस्थित रहे। संचालन वर्धन पाठक व ओमकार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### दमदारी से निकाय चुनाव लड़ेगी जदयू: अवलेश



**बलिया।** निकाय चुनाव का बिगुल बजने वाला है। चुनाव लड़ने वाले दावेदार अभी से मैदान में आ चुके है और जोरदार मेहनत भी कर रहे है। इस बार के निकाय चुनाव में पुरे दमखम के साथ बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू भी बलिया में सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में अपना प्रत्याशी उतारेगी। गुरुवार को पीडब्लूडी गेस्ट हउस में जनता दल-यू के प्रदेश महासचिव और निकाय चुनाव के पूर्वांचल प्रभारी अवलेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के कुल 12 सीटों पर जदयू प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी हो जाएगी।

# जल निगम ने बिना कनेक्शन भेजा बिल, लोगों में आक्रोश

**मनमानी**

## आक्रोशित कार्डधारकों ने कोटे की दुकान पर किया बवाल

जनसंदेश न्यूज

**ऐसे लोगों की सूची बनाकर प्रेषित करें कोटेदार**

**बैरिया।** इस बाबत पूछने पर आपूर्ति निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिन लोगों का कनेक्शन नही है, उन्हें राशन दिया जाएगा। कोटेदार को चाहिए कि ऐसे लोगों की सूची बनाकर मुझे प्रेषित कर दे। जिसे मैं उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को भेज दूं। जिनका कनेक्शन ही नही है।, उनसे बिल का पैसा कैसे वसूला जाएगा।

**बैरिया।** सरकारी व्यवस्था में लापरवाही जनता के लिए मुसीबत बन जाता है। ठीक इसी तर्ज पर बिना कनेक्शन जल निगम द्वारा पेयजल का बिल भेजे जाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कोटेदार के साथ बवाल किया। सवाल करते हुए पूछा कि कनेक्शन ही नही है तो बिल कहा से आ गया। वहीं, कोटेदार का कहना था कि कनेक्शनधारियों की विस्तृत जानकारी मेरे पास नही है। ऊपर से आदेश है कि उन्ही कार्डधारकों को खाद्यान्न देना है जो पेयजल का बिल जमा करेगा।

मामला श्रीकांतपुर ग्राम पंचायत का है, जहां के कोटेदार विश्वनाथ प्रसाद गुरुवार को राशन वितरण करना शुरू किए। राशन लेने के लिए आये लोगों से सूची दिखाते हुए कोटेदार ने लोगों से पेयजल का बिल जमा करने को कहा और जल निगम द्वारा कनेक्शन धारियों की भेजी गई सूची को दिखाया। उस सूची में सावन राम व उनके पुत्र पप्पू राम का अलग-अलग जल निगम के पेयजल का कनेक्शन दिखाया गया है।

इसी तरह पूर्व प्रधान भृगुनाथ यादव व उनकी पुत्र बधू बसंती देवी पत्नी बृजेश यादव के नाम अलग-अलग कनेक्शन दिखाया गया है। इनके परिवार में जल निगम द्वारा कोई कनेक्शन नही दिया गया है। इसी तरह पूजा पत्नी धनेश, ओमप्रकाश पुत्र गंगा, अनिल ठाकुर पुत्र मुनेश्वर ठाकुर, गुड़िया पत्नी सन्देश सहित दर्जनों लोग ऐसे थे, जिनके नाम से जल निगम ने पेयजल का बिल भेज दिया है, पर मौके पर कनेक्शन नही है। कोटेदार ने कहा कि पहले पेयजल का बिल जमा कीजिये, तब राशन मिलेगा। यह सुन लोग भड़क गए और कहासुनी व वाद-विवाद होने लगा। कई गांवों में इस तरह की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

## 93 रिक्त पदों के लिए 18 नवम्बर तक करें आवेदन

**बलिया।** जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से जनपद न्यायालय में कुल 93 रिक्त पदों के सापेक्ष पुनर्नियुक्ति किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, से आशुलिपिक, लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन पत्र आय प्रमाण पत्र व स्वस्थता प्रमाण पत्र के साथ 18 नवंबर को सायं 05 बजे तक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पास प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त हुए आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। पुनर्नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अभ्यर्थी 19 नवंबर को प्रातः 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होंगे। साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा ने दी है।

# अंतरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिता संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** कुंवर सिंह पीजी कालेज में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की ओर से अंतरमहाविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता सृजन 2022-23 के अन्तर्गत कोलाज एवं पेंटिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन प्राचार्य प्रो. अंजनी कुमार सिंह के निर्देशन एवं प्रो. अशोक कुमार सिंह, संयोजक प्रो. संजय के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय की ओर से डा. सरिता पाण्डेय, डॉ. रजनी चौबे आदि की उपस्थिति रही।

निर्णायक नम्रता द्विवेदी एवं हनी तिवारी रहीं। मुख्य अतिथि प्रो. सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है ईमानदारी एवं सपर्पण भाव से अपने भावों को अभिव्यक्त करना। संचालन डॉ. मनजीत सिंह ने तथा आभार संयोजक प्रो. संजय ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. माला, प्रतिभा सिंह, डॉ. सुबोध मणि त्रिपाठी, डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. हेमंत सैनी, अभिलाष सिंह, डॉ. शकुंतला, प्रो. सत्यप्रकाश सिंह, प्रो. सच्चिदानन्द, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद पटेल, रामावतार उपाध्याय, डॉ. आनन्द, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

**निर्णायक की भूमिका में नम्रता व हनी तिवारी रहीं**

**चित्रकला में नौशीन नाज प्रथम**

**बलिया।** चित्रकला में नौशीन नाज बांसडीह महाविद्यालय प्रथम, ईशा गुप्ता गुलाब देवी द्वितीय, प्रियंका प्रजापति किसान पीजी कालेज रक्सा, शालिनी कुमारी विश्वविद्यालय, मोहित वर्मा बजरंग पीजी कालेज रहे। वहीं, कोलाज प्रतियोगिता में शालिनी सिंह बांसडीह महाविद्यालय, सुरभि, सुमन बिन्द, गौरीशंकर करनई, शिम्पी, टीडी कालेज, आफरीन परवीन रहीं।

**संक्षेप**

## नागाजी सविमं में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर बैरिया में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सह जिला कार्यवाह अरुण मणि रहे। विशिष्ट अतिथि तुलसी राम, अरविन्द सिंह चौरहा एवं अनिल कुमार सिंह रहे। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र पाण्डेय ने कराया। तुलसी राम ने कहा कि हमारे छात्रों की बुद्धि और सामान्य ज्ञान की अत्यधिक प्रशंसा की जाती है। मैं इस विद्यालय के प्रत्येक छात्र से दूसरों के प्रति सम्मान जुटाने के लिए भी आग्रह करता हूं। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि सम्मान एक व्यक्ति या संस्था के लिए प्रशंसा के रूप में एक उत्साहजनक भावना है। हमें गर्व होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने गांव में खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल का मैदान होने की बात कही है। अरविन्द सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बालक का सर्वांगीण विकास कैसे होगा? उसको ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाता है। विज्ञान प्रश्न मंच क्षेत्र में प्रथम स्थान भैया ओम जी, भैया देवांश तथा भैया कुंवर प्रशान्त सिंह, शारिरिक खेलकूद में बहन शिवांगी, प्रान्त में विज्ञान प्रश्न मंच में बहन सिम्मी सिंह, भैया प्रत्युष, भैया सारांश तथा खेलकूद में भैया राहुल, सोनू, आशीष, अजय, बहन आकांक्षा, बहन आद्या, बहन रिया, बहन प्रज्ञा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जिले में बनाये जायेंगे 25000 सदस्य

**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी हित चिंतक अभियान के छठवें दिन गोरक्ष प्रांत के प्रांत सह मंत्री मंगल देव चौबे द्वारा दुबहड़ प्रखंड के शंकरपुर गांव के मदर टेरेसा विद्यालय में समस्त स्टाफ एवं विद्यालय के प्रबंधक पवन चौबे समेत कुल 50 लोगों को परिषद का हित चिंतक बनाया गया। साथ ही शंकरपुर में जनसंपर्क के माध्यम से लगभग 500 सदस्य बनाए गए। श्री चौबे ने बताया कि परिषद द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान 20 नवंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत बलिया जिले के 600 गांव में कुल 25000 सदस्य बनाए जाएंगे। श्री चौबे ने कहा कि 2024 में विश्व हिंदू परिषद अपने 60 साल पूर्ण करेगा। उसके पूर्व प्रत्येक गांव तक विश्व हिंदू परिषद की समिति हो, ऐसा हम सभी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को केंद्र बिंदु बनाकर तीन साल पर चलाया जाने वाला हित चिंतक अभियान पूरे जोर-शोर और कार्यकर्ताओं में बने उत्साह के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। कहा कि सदस्यता अभियान में जिले के सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका अति सराहनीय है। इस प्रकार से हम सभी अपने लक्ष्य की ओर प्रत्येक ग्राम में समिति के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

# प्रशासनिक स्तर पर जोर-शोर से चल रही तैयारियां

**निकाय चुनाव**

## चेयरमैन एवं सभासद पद के प्रत्याशी की खर्च सीमा तय

बलिया। आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। प्रशासनिक स्तर से तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उधर, निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिये नौ से 12 लाख और सभासद पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के दो लाख खर्च सीमा निर्धारित की है। वहीं, नगर पंचायत के उम्मीदवार 2. 50 लाख खर्च कर सकेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के चुनावी खर्च के साथ नामांकन पत्रों का मूल्य, जमानत धनराशि भी तय कर दी है। वैसे निकाय चुनाव को देखते हुए चुनाव लड़ने वाले दावेदार आरक्षण के इंतजार कर रहे है। नगर पंचायत में सभासद पद के प्रत्याशी 50 हजार रूपये धनराशि खर्च सीमा तय कर दी है। अध्यक्ष पद के सामान्य के लिये नामांकन पत्र की कीमत पांच सौ और जमानत राशि आठ हजार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला उम्मीदवार के लिये नामांकन पत्र का मूल्य 250 रुपये और जमानत राशि चार हजार निर्धारित की गयी है। नगर पालिका सभासद सामान्य के लिये नामांकन पत्र की कीमत दो सौ और जमानत राशि दो हजार रुपये तय की गयी है। जबकि पिछड़ा और अन्य वर्ग के लिये नामांकन पत्र की कीमत 100 रूपये और जमानत राशि एक हजार रुपये तय की गयी है।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद के सामान्य उम्मीदवार के लिये नामांकन पत्र की कीमत 250 और जमानत राशि पांच हजार रखी गयी है, जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ा व महिला वर्ग के लिये नामांकन पत्र 125 और जमानत राशि 2500 रूपये है। इसी प्रकार से नगर पंचायत के सभासद सामान्य पद के लिये जमानत राशि दो हजार और नामांकन पत्रों की कीमत 100 रूपये है, जबकि अनुसूचित व पिछड़ा वर्ग के लिये जमानत राशि एक हजार और नामांकन पत्र 50 रूपये है।

> निकाय चुनाव के लिये आयोग से नामांकन शुल्क व जमानत की राशि निर्धारित की दी है। इस राशि में इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है।
>
> श्यामनंदन तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

## आरएसएस के कार्यालय का उद्घाटन

**नगरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला रसड़ा के तत्वावधान में खण्ड नगरा में कुंज (कार्यालय) का उद्घाटन पं. दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय भवन के प्रथम तल पर किया गया। इस मौके पर विद्वान पंडित जयप्रताप शुक्ल ने वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ विधि-विधान से हवन-पूजन और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर आरती किया गया। इसमें खण्ड प्रचारक बृजेश, प्रेमप्रकाश, बंशीधर मिश्र, मनोज पाण्डेय, संजीव, आकाश, नगर विस्तारक पंकज, अरविंद नारायण सिंह, देवनारायण, कृष्ण कुमार, सौरभ, काशीनाथ जायसवाल, वेदप्रकाश, फतेह सिंह, राजू सोनी, अमरेन्द्र सोनी, राहुल शर्मा, मारकण्डेय वर्मा, अरविन्द सिंह, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का नपं कार्यालय पर धरना

**बलिया।** आदर्श नगर पंचायत मनियर के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने गुरूवार को बकाये वेतन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। नपं कार्यालय पर धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि दो माह से वेतन न मिलने के कारण यह धरना आयोजित किया गया है। कर्मचारियों के समर्थन में सभासदगण व पूर्व चेयरमैन भी आ गये और वेतन की मांग को लेकर आवाज बुलंद करने लगे। कर्मचारियों का कहना है कि हम लोगों का तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है। इस संबंध में ईओ और चेयरमैन से वार्ता की गयी, लेकिन अभी तक हम लोगों का बकाया वेतन का भुगतान नहीं हो पाया। इससे हमारे परिवार के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। धरने पर पूर्व चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, अमरेंद्र सिंह, संजीत, विनय कुमार, अंजनी कुमार, कृष्णा, दीपक कुमार, विनय कुमार, मंटू, अर्जुन, राजकुमार गुप्ता, भानु सिंह आदि मौजूद रहे। इस संबंध में चेयरमैन भीम गुप्ता ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन दो माह का बकाया है। दो माह का वेतन तीन दिन के अंदर उनके खाते में चला जाएगा। कर्मचारियों के पीएफ खाता खोलने के लिए संबंधित ठेकेदार को कहा जाएगा। चेयरमैन के आश्वासन पर कर्मचारियों का धरना समाप्त हुआ।

# कबड्डी में दूजा देवी महाविद्यालय का जलवा

जनसंदेश न्यूज

**रतसर।** जेएनसीयू के संयोजकत्व में किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा के परिसर में बुधवार को दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के साथ शुभारम्भ किया गया। प्रतियोगिता में 29 महाविद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें बालिका वर्ग की 14 व बालक वर्ग की 15 टीमें सम्मिलित हुई।

मुख्य अतिथि जेएनसीयू के प्रोफेसर फूलबदन सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कहा कि क्रीड़ा सहयोग, समानता एवं बंधुत्व का प्रतीक है। कबड्डी विशुद्ध ग्रामीण परिवेश का खेल है, जो ग्रामीण प्रतिभाओं को उभार कर राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता का अवसर प्रदान करता है। उद्घाटन मैच दूजा देवी महाविद्यालय सहतवार एवं बांसडीह की बालिका वर्ग की टीमों के बीच हुआ, जिसमें दूजा देवी महाविद्यालय की टीम 42-15 स्कोर के अंतर से विजयी रही। बालक वर्ग का उद्घाटन मैच दूजा देवी महाविद्यालय सहतवार एवं विवि कैम्पस की टीम के बीच हुआ, जिसमें दूजा देवी महाविद्यालय की टीम विजयी रही।

संचालन असिस्टेन्ट प्रो. अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अभयनाथ, डॉ. अशोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि

## जिला सम्मेलन व सम्मान समारोह 12 को

**बलिया।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तर प्रदेश शाखा बलिया द्वारा जिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 12 नवम्बर 2022 को किया गया है। सम्मान समारोह का आयोजन धर्मु कटरा गड़वार बाजार, थाने के पास 12 नवम्बर शनिवार को समय 11 बजे से होगा। इसकी जानकारी मधुसूदन सिंह ने दी है।

**संक्षेप**

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**मऊ।** 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम जनपद मऊ के अध्यक्ष भगवती सक्सेना के साथ सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा उपभोक्ता संरक्षण फोरम को अन्य अधिवक्तागण के साथ अध्यक्ष, उपभोक्ता संरक्षण फोरम के विश्राम कक्ष में बैठक आहूत की गयी। जिसमें भगवती सक्सेना अध्यक्ष जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम द्वारा कहा गया कि आगामी 12 नवम्बर 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिवक्तागण अधिक से अधिक पत्रावलियों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अभी तक 21 मुकदमें निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये है। बैठक में अधिकतम मुकदमों के निस्तारण हेतु बल दिया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा द्वारा आमजन से अपील की गयी कि अपने अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लगवाकर निस्तारण करायें जिसमें धन एवं समय की बचत होती है और आपसी विवाद भी समाप्त हो जाती है। सचिव द्वारा बैठक में यह भी बताया गया कि लोक अदालत का निर्णय अन्तिम होता है। बैठक में पुष्पलता मिश्रा, हरिद्वार राय, अशोक कुमार, योगेश कुमार, गुरु नारायन, लालबन्द राम, हरेन्द्र प्रताप सिंह, मो. आरिफ, अधिवक्तागण तथा अवधेश उपस्थित रहे।

## पीएम किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को धनराशि उपलब्ध कराने में मऊ का प्रदेश में 7वां स्थान

**मऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों के सत्यापन हेतु जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व एवम् मार्गदर्शन में भूलेख अंकन में जनपद मऊ ने वर्तमान में जारी प्रदेश स्तर की सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना फरवरी 2019 से शुरू की गई थी, जिसके तहत किसानों को 1 साल के अंदर तीन किस्तों में कुल 6000 रुपए उनके खातों में स्थानांतरित किए जाते हैं। उप निदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष जनपद के कुल 238000 सत्यापित किसानों के खातों में 12 वीं किस्त के रूप में 47.69 करोड़ प्रेषित किए गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत जनपद में अब तक सभी किस्तों को मिलाकर किसानों के खातों में 55140.62 लाख रुपए की धनराशि स्थानांतरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत पूर्व में जारी किस्तों में फर्जी किसानों का मामला संज्ञान में आने पर भारत सरकार द्वारा सभी किसानों के सत्यापन हेतु भूलेख अंकन का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिससे पात्र किसानों के ही खातों में ही धनराशि प्रेषित की जा सके।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मऊ।** गुरूवार को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान धवरियासाथ तिराहे के पास से महताब आलम पुत्र मुनौवर अहमद निवासी रहीमाबाद लाला का पुरा खुरहट थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 464/22 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## भारत में यू-20 शिखर सम्मेलन आयोजित कराने के लिए मऊ के शक्ति सिंह को मिली अहम जिम्मेदारी

**मऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख मंच जी-20 की अध्यक्षता भारत 1 दिसंबर से करने जा रहा है। इसी क्रम में मऊ निवासी शक्ति सिंह को भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा जी-20 के आयोजनों के अंतर्गत यू-20 शिखर सम्मेलन आयोजित कराने सहित विभिन्न अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तय करने वाली समिति में प्रमुख जिम्मेदारी देते हुए 6 सदस्यीय समिति में प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया है, समिति में केजीएफ फिल्म में मुख्य भूमिका निभा चुके नवीन कुमार गौड़ा जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। इस घोषणा के बाद जिले तथा आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जी-20 की अध्यक्षता के क्रम में भारत सरकार यू-20 द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन करेगी, साथ ही इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जून 2023 में एक शिखर सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न देशों के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले युवा नेता सहभागिता करेंगे। शक्ति सिंह, वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके हैं, साथ ही उन्हें भाजयुमो पश्चिम बंगाल के प्रभारी की जिम्मेदारी भी भाजपा ने दी है। यू-20 के अंतर्गत भारत के युवाओं की आवाज इस वैश्विक मंच पर पहुंचाने की योजना बनाने में शक्ति सिंह का अहम योगदान रहने वाला है।

# अधिक फसल उपज के लिए प्राकृतिक खादों का करें प्रयोग

**मऊ।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना अंतर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी/किसान मेला तथा प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कल्प वाटिका रोज गार्डन चंद्रभानपुर में किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया की रबी फसल का समय प्रारंभ हो चुका है जनपद का मुख्य फसल रबी है। उन्होंने बताया की फसल की विभिन्न प्रकार की प्रजातियां मार्केट में उपलब्ध है, उन्होंने कई बीजों के बारे में भी विस्तार से बताया साथ ही उन्होंने ने यह भी बताया की 50 प्रतिषत का अनुदान भी किसानों को बीजों की खरीद कर दिया जाता है।

फसल की अधिक उपज के लिए ऑर्गेनिक खादो का प्रयोग अधिक से अधिक करें। पराली को किसी भी दशा में न जलाएं उसे अपने खेतों में ही सड़ा दें जिससे की खाद का एक बेहतर स्त्रोत उत्पादकता के लिए तैयार हो सके। किसान मेला में उपस्थित सम्मानित किसानों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अलग-अलग फसलों के बीज वितरित किया गया।



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किसान प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन द्वारा जनपद के सभी क्षेत्रों में कृषि से संबंधित जानकारी दी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोज गार्डन में स्थित उत्कृष्ट सब्जी वेहन उत्पादन केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। उप कृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव द्वारा किसानों को रबी फसल के अधिक उत्पादकता के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा की अधिक फसल उपज करने के लिए प्राकृतिक खादो का प्रयोग अधिक से अधिक करें, जिससे फसल को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा और उस फसल को खाने से भी किसी प्रकार की बीमारी नहीं होगी। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया की रबी फसल का समय शुरू हो गया है जिसके लिए किसान बीजों की खरीद कृषि केंद्र या कृषि वैज्ञानिकों की सलाह से ही खरीद करें।

कृषि वैज्ञानिक लालचंद वर्मा ने बताया कि किस तरह से फसल की उपज दोगुना किया जाए जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सके तथा अनेकों प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही है जिसका एक कारण खेतों में फसल उगाने के लिए तरह-तरह की खादो का प्रयोग किया जाना भी है।

कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। किसान प्रदर्शनी मेला में महिला कल्याण तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन, उद्यान, कृषि, मृदा परीक्षण, गन्ना, मत्स्य एवम् स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने अपने विभाग की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एलडीएम, कृषि वैज्ञानिक, उद्यान विभाग से मिथिलेश सिंह सहित महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मऊ।** बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायत डुमराव में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय गोरखपुर के बैनर तले एक दिवसीय अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का कर्मयोगी बाबू अवधनाथ जी मानवाधिकार फाउंडेशन व खुशहाली फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएस अख्तर वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए वित्तीय साक्षरता व डिजिटल साक्षरता स्वास्थ्य एवं श्रमिक के कानूनी अधिकारों को बताया। खुशहाली फाउंडेशन के फाउंडर नर्मदा सिंह ने कुपोषण को लेकर श्रमिक जनों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और कुपोषण को लेकर सचेत रहने को कहा। कर्मयोगी अवधनाथ जी मानवाधिकार फाउंडेशन के विकास भाई ने महिलाओं के गिरफ्तारी के समय उनके अधिकारों के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी प्रदान किया। स्थाई लोक अदालत के सदस्य अभिषेक ने स्थाई लोक अदालत के बारे में श्रमिक जनों को विस्तार पूर्वक बताया। पिछले दो दिनों से श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड गोरखपुर एमएस अखतर जिले में हैं बुधवार को ग्राम पंचायत रकौली में श्रमिकों प्रशिक्षण का आयोजन कर बुधवार की शाम ग्राम पंचायत मुगेसर के नट बस्ती में श्रमिक चैपाल लगाकर उन्हें जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 श्रमिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान यशपाल सिंह, विनय सिंह, राम सिंह, ऋषिकेश सिंह, निर्मल, रोनी गौरव, धर्मवीर ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन केवीए मानवाधिकार फाउंडेशन के निदेशक ने किया।



## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** गुरूवार को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मिश्रौली रोड से थाना दोहरीघाट क्षेत्रांतर्गत जमुनीपुर में मारपीट में एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में पंजीकृत मुअसं 275/22 धारा 304 भादवि में वांछित अभियुक्त सुबचन पुत्र हीरा निवासी जमुनीपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## पंजीकृत मजदूर अपनी पुत्रियों की शादी के लिए जल्द से जल्द करें आवेदन

**मऊ।** सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि आजमगढ़ मंडल में 16 दिसम्बर 2022 को श्रम विभाग के पंजीकृत व नवीनीकृत पात्र निर्माण श्रमिक जिनका श्रम विभाग में पंजीकरण कम-से-कम एक वर्ष पुराना है, उनके पुत्रियों लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जनपद, मऊ के सभी पंजीकृत व अद्यनीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील है कि अपना/अपनी पुत्री के विवाह का आवेदन, आवश्यक अभिलेखों के साथ कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, मऊ, कक्ष सं 57, द्वितीय तल, कलेक्ट्रेट, मऊ में प्रस्तुत करें। जिससे पात्रतानुसार उक्त आवेदन की जांच कर आवेदक निर्माण श्रमिक/श्रमिका को उसकी पुत्री की शादी पर अनुदान के रूप में रुपए 65 हजार व शादी की पोशाक के क्रय हेतु रु. 10 हजार प्रदान किया जा सके। जिसके लिए अपेक्षित अभिलेख श्रमिक व वर-वधू का स्वप्रमाणित फोटो, श्रमिक का स्वप्रमाणित बैंक पासबुक, वर-वधू की स्वप्रमाणित परिवार रजि की नकल, नियोजन/मजदूरी प्रमाणपत्र, वर-वधू का स्वप्रमाणित आयु प्रमाण पत्र, दिया जाना अनिवार्य है।

# प्रतियोगिता से युवाओं की प्रतिभा निकलकर आती है बाहर



**बोले डॉ. धर्मेंद्र सिंह**

## देवरिया ने एसएसबी लखनऊ को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**मऊ।** नगर के जीवन राम छात्रावास खेल के मैदान में जिला वॉलीबाल एसोसिएशन मऊ के तत्वाधान में आयोजित 71वें उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट महिला एवं पुरुष बालीबाल चैंपियनशिप दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम में शिरकत करते ही वॉलीबॉल एसोसिएशन के संयोजक एवं अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त उत्पल राय ने बैंड बाजों के साथ-साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया अपने स्वागत से अभिभूत क्षेत्रीय अध्यक्ष मंच पर पहुंचे, जहां उत्पल राय ने उन्हें मोमेंटो व अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। जिसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर वालीबॉल प्रतियोगिता का दूसरे दिन शुभारंभ किया।

इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने मंच से ही खिलाड़ियों का जोश भरा। उन्होंने कहा कि उत्पल राय के प्रयास से ही पूर्वांचल के मऊ की इस धरती पर जो ऐतिहासिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है यह गर्व की बात है। इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होने से अन्य खेल प्रेमियों में उत्साह पैदा होता है और युवाओं के प्रतिभाएं निकलकर बाहर आती है।

दर्शकों से खचाखच भरे जीवन राम इंटर कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान पर देवरिया, साई रायबरेली, एसएसबी व आजमगढ़ आदि टीमों ने विजयी आगाज किया। पुरुष वर्ग में देवरिया ने एसएसबी लखनऊ को 25-21, 17-25, 20-25 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अन्य मुकाबलों में गाजियाबाद ने संभल को 25-09, 25-10 से मेरठ ने मैनपुरी को 25-17, 25-14 से, बलिया ने ललितपुर को 25-04, 25-04 से, जाट रेजीमेंट ने हरदोई को 25-09, 25-12 से, साई रायबरेली ने गाजीपुर को 25-13, 25-17 से, मेरठ ने कुशीनगर को 25-08, 25-04 से, साई रायबरेली ने भदोही को 25-12, 25-09 से पराजित कर अपना दमदार आगाज किया।

महिला वर्ग के मुकाबलों में एसएसबी लखनऊ और आजमगढ़ का दबदबा दिखा। लखनऊ विवि ने बरेली को 25-03, 25-04 से, एसएसबी ने देवरिया को 25-06, 25-10 से, स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने प्रयागराज को 25-10, 25-09 से, आजमगढ़ ने प्रयागराज को 22-25, 25-16, 25-16 से, बलिया ने ललितपुर को 25-08, 25-12 से, सुल्तानपुर ने बागपत को 25-07, 25-08 से, गाजीपुर ने मुजफ्फरपुर को 25-14, 25-18 से पराजित किया। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रितु शाही, क्षेत्रीय मंत्री अखिलेश तिवारी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गविजय राय, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता आदि ने निभाई। चैंपियनशिप के दूसरे दिन शुक्रवार को भी लीग राउंड के मुकाबले खेले जायेंगे।

## 11 नवंबर को होगी रेफरी परीक्षा

उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में वॉलीबाल निर्णायकों की परीक्षा 11 नवंबर को सीनियर स्टेट वॉलीबाल चैंपियनशिप के आयोजन स्थल पर होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रेफरी बोर्ड के चेयरमैन डॉ विनोद सिंह से संपर्क स्थापित कर प्रतिभाग किया जा सकता है।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**जमानियां।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे क्रासिंग पर बृहस्पतिवार की दोपहर करीब बारह बजे डाउन ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार डाउन ट्रैक पर करीब 12 बजे 12362 मुम्बई आसनसोल एक्सप्रेस तेज रफ्तार से आ रही थी तभी अज्ञात अधेड़ उसकी चपेट में आ गया तथा मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक का शरीर छोटे छोटे टुकड़ों में बिखर गया था। घटना के कारणों का पता नही चला लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि अधेड़ का ट्रेन से गिरने से मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर थाना दिलदारनगर ले गई जहां से अन्त्यपरीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेजा जायेगा। मृतक के पॉकेट से गुटका व 430 रुपये मिले। मृतक काले रंग का शर्ट व भूरा रंग का पैंट पहना हुआ है। इस बाबत केबिनमैन राजकुमार ने बताया कि ट्रेन पास कर रही थी तो खट का आवाज हुआ तो ट्रेन जाने के बाद मौके पर देखा गया तो एक व्यक्ति कट गया था। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हुई थी।


जमानियां स्टेशन के पास युवक की मौत के बाद लगी भीड़।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**दिलदारनगर।** रेलवे स्टेशन के अंतर्गत अप प्लेटफार्म पर बुधवार की रात में अचानक ट्रेन की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक रिजवान पुत्र अजी मंसूरी,निवासी बेलाद ,थाना घूरना,अररिया बिहार का रहने वाला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिलदारनगर में रह कर मजदूरी का कार्य करता था।रात के समय किसी कार्य बस अचानक रेलवे लाइन पार कर कही जा रहा था। तभी अज्ञात थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में जीआरपी चौकी प्रभारी विद्या सागर ने बताया कि मृतक की पहचान उसके पास मिली मोबाइल के अधार पर किया गया है। जिसकी सूचना परिजनों को कर दिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया गया।

## हेड कांस्टेबल का शव आते ही गांव में छाया मातम


गौसा गास गांव में रोते-बिलखते परिजन।

**जखनिया।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत गौरा खास गांव में हेड कांस्टेबल सोमनाथ मौर्य की असामयिक मौत पर पूरे परिवार सहित गांव में शोक की लहर छा गई। हेड कांस्टेबल सोमनाथ मौर्य अंबेडकर नगर जिले के पुलिस कार्यालय में कार्यरत थे। बीते 17 सितंबर को बुखार आने पर अस्पताल में दिखाया गया। जहां उन्हें फेफड़े में दिक्कत बताई गई। तब घरवालों ने उन्हें बीएचयू में भर्ती कराया। जहां बीते मंगलवार की शाम उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि उनके लीवर वह किडनी में दिक्कत थी। पोस्टमार्टम के बाद हेड कांस्टेबल का शव गांव आते ही कोहराम मच गया। दरवाजे पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। सोमनाथ मौर्य अपने पीछे पत्नी को पांच बच्चों को छोड़कर चले गए हैं। अब तक किसी की शादी नहीं हुई थी। इनका अंतिम संस्कार देर रात गंगा घाट पर किया गया।

## जानलेवा हमला करने वाला पुलिस पकड़ से दूर

**सुहवल।** थाना अंतर्गत अधियारां गांव में चार दिन पूर्व भाजपा नेता के घर हुए हमले व बवाल के मामले में वांछित दो आरोपितों को पुलिस ने दबोच तो लिया। मगर आज तक बवाल के मुख्य आरोपी प्रधान मदन यादव समेत आधा से अधिक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस की इस निष्क्रियता के चलते लोगों में रोष व्याप्त है, इधर पीड़ित परिवार वांछित बवालियों के न पकड़े जाने पर भी पूरी तरह से सहमा हुआ है। एसपी ग्रामीण अभिषेक कुमार ने घटना का निरीक्षण कर दो दिन में बवालियों को दबोच ने के सख्त निर्देश दिए थे,मगर उनके निदेर्शों आदेशों को हल्का पुलिस ने ताक पर रखे हुए है।पिडित व भाजपा मंडल के शक्ति केन्द्र के संयोजक जयप्रकाश ने बताया कि अगर हमलावरों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो हम पार्टी पदाधिकारियों संग पुलिस अधीक्षक से मिलेगें।मालूम हो कि बीते रविवार की रात्रि को पुरानी रंजीश को लेकर ग्राम प्रधान अपने लोगों के साथ भाजपा पदाधिकारी के घर लाठी डंडा ईंट पत्थर लेकर हमला कर दिया था, जिसमें छह लोग घायल हुए थे। पुलिस ने पीड़ित घायल जयप्रकाश के तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत एक दर्जन से अधिक के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, छेड़छाड़, बलवा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था।

## संक्षेप

### कैदियों को संवैधानिक अधिकारों की दी गई जानकारी



**गाजीपुर।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा शिविर का आयोजन किया गया एवं जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1130 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 1025 पुरूष, 51 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल 3 बच्चे निरूद्ध है व 54 अल्पवयस्क है। पूर्णकालिक सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। बैरक एवं कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारापाल रविन्द्र सिंह यादव व उप कारापाल कलमचन्द उपस्थित रहे।

### सेब मेहरबान, सब्जी छू रहीं आसमान

**मुहम्मदाबाद।** सेब आम लोगों पर मेहरबान है। 50 रुपये किलो तक में आसानी से उपलब्ध है। लेकिन सब्जियां आसमान छू रही हैं। 50 रुपये प्रति किलो से अधिक लगभग सभी सब्जियों का भाव है। हर चीज पर महंगाई की मार पड़ रही है। महंगाई के चलते आम लोगों से खाने-पीने की चीज दूर होती जा रही हैं। इस महंगाई के बीच सेब इतना सस्ता हो जाएगा, किसी ने सोचा भी नहीं होगा। नया सेब इस बार मंडियों से लेकर बाजारों में सस्ता होने से खूब बिक रहा है। जिले की सब्जी मंडी में आवक अच्छी होने से एक माह से बाजारों में सेब 40 से 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। अगर बाजार में सब्जियों के भाव पर नजर डालें तो वो सेब से कही अधिक महंगी बिक रही हैं। मटर 140, तोरई 80, गाजर 80, अदरक 80, सेम 70, दरहारी फली 60, शिमला मिर्च 60, करेला 60, भिंडी 50 रुपये प्रति किलो बिक रही है। थोक फल विक्रेता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि इस बार कश्मीर में सेब की फसल बहुत अच्छी रही है। पैदावार दोगुनी हुई है इसलिए सेब सस्ता हुआ है। लोगों को पेटी खरीदने पर मंडी में सेब 40 से 45 रुपये प्रति किलो पड़ता है। फुटकर फल व सब्जी दुकानदार दूरबीन शाक्य ने बताया इस माह फलों से अधिक सब्जियों पर महंगाई है।

### एक साल में महंगा हो गया घर बनाना

**गाजीपुर।** घर बनाना लगातार महंगा हो रहा है। एक कमरा बनाने के लिए उत्तम श्रेणी की ईंट से 2021 तक दो लाख रुपये खर्च होते थे। अब ये बढ़ कर 3.50 लाख हो गया है। इस दौरान सीमेंट के साथ सर्वाधिक वृद्धि ईंट की कीमतों में हुई है। औसत 100 गज का मकान बनाने में 50 हजार ईंटें लगती हैं। अव्वल ईंट का रेट चार माह में 5 हजार से बढ़कर 6,500 रुपये हो गया है। ऐसे में 2.50 लाख की जगह अब लोगों को 75 हजार रुपये ज्यादा यानी 3.25 लाख रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। ईंट भट्ठा निर्माता संघ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पहले भट्ठा संचालकों को एक प्रतिशत जीएसटी देनी होती थी, जो छह प्रतिशत कर दी गई है। ईंट भट्ठा चलाने में सर्वाधिक कोयले का प्रयोग किया जाता है। छह माह में कोयले के दाम आठ हजार रुपये से बढ़कर 25 हजार रुपये प्रति टन हो गए हैं। पहले भट्ठे एक अक्तूबर से 30 सितंबर तक चलाए जाते थे। एनजीटी के आदेश के बाद भट्ठे मार्च से जून तक चलाने की अनुमति है।

### धड़ल्ले से बिक रहा दूषित, बासी मीट

**गाजीपुर।** इन दिनों दूषित मांस, मीट, मछली, शराब और बीयर में मिलावट का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसे रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शराब व बीयर के नमूनों की जांच खाद्य सुरक्षा विभाग को करनी चाहिए लेकिन विभाग तेल व मसाले, दूध के नमूने भरने तक सीमित हो कर रह गया है। खाद्य पदार्थ एवं मानक अधिनियम के अनुसार खाद्य पदार्थो में मिलावट की जिम्मेदारी, जिस विभाग के पास है, वह विभाग घी, तेल खोया रिफाइंड के नमूने तो लेता है, लेकिन मानक विहीन तथा मछली को अधिक समय तक ताजा रखने के लिए मछली पर जो घातक रसायनों का लेप किया जाता है, यह लेप हानिकारक व कई लोगों को बीमार भी बना देता है। इसकी जांच नहीं की जा रही है। शराब व बीयर के नमूना के बारे में विभाग का कहना है कि आबकारी विभाग के कारण नमूना भरने की अनुमति अभी नहीं दी गयी।

### अनफिट वाहनों से ढो रहे स्कूली बच्चे, जान का खतरा

**गाजीपुर।** बच्चों का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी लेने वाले स्कूल उनकी जान के लिए बेपरवाह बने हैं। 150 अनफिट वाहनों से बच्चों को सफर कराया जा रहा है। इन वाहनों की सूची स्कूल से लेकर थानों तक पहुंच चुकी है फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एआरटीओ जल्द ही दूसरा नोटिस जारी करने और जांच अभियान चलाने की बात कह रहे हैं। जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग और सीबीएसई के सैकड़ो विद्यालय हैं। स्कूलों में बच्चों को लाने और ले जाने के लिए वाहन पंजीकृत हैं। इनमें कई वाहनों को परिवहन विभाग ने कंडम घोषित कर दिया। बचे वाहनों के फिटनेस की जांच नहीं कराई गई है। इससे इन वाहनों को परिवहन विभाग ने अनफिट मानकर नोटिस जारी कर दिया था। ऐसे वाहनों का संचालन करना दंडनीय है।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**गाजीपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों के सशक्तिकरण एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदत्त विधिक सहायता/विधिक योजनाओं से जनमानस को लाभांवित करने एवं प्रचार-प्रसार हेतु 02 सप्ताह का महाअभियान के अन्तर्गत आउटरीच गतिविधियों से सम्बन्धित मेगा कैंप का आयोजन की गयी। मेगा कैम्प के अवसर पर नरेन्द्र विश्वकर्मा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, रामनगीना यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजीपुर एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण गाजीपुर तथा ग्रामीण लोग उपस्थित हुए। मेगा कैम्प में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

### कल होगा खिलाड़ियों का ट्रायल्स

**गाजीपुर।** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में सबजूनियर बालकों की हैण्डबाल व सबजूनियर/बालिकाओं की जूडों का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स शनिवार को प्रातः09.00 बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार गाजीपुर में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। पात्रता पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा।

# डेंगू का संदिग्ध मरीज मिलने से मचा हड़कंप


भदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी मच्छरदानी।

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में भी डेंगू ने अपना दस्तक आखिरकार दे ही दिया। सेवराई तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक अंतर्गत पिछले 30 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा द्वारा एक संदिग्ध डेंगू मरीज के जांच के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया था। जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को पॉजिटिव पाया गया इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के चिकित्सक डा. सुनील कुमार ने बताया कि गहमर इंटर कॉलेज में कार्यरत शिक्षक कृष्णा (32) का डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। पॉजिटिव पाया गया मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के बगल में एक निजी मकान में किराए पर रहते हैं। डा. सुनील कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पर डेंगू के मरीजों के लिए डेंगू वार्ड बनाया गया है। जहां मच्छरों से बचाव के लिए साफ सफाई के साथ ही मच्छरदानी युक्त बेड लगाए गए हैं। उन्होंने डेंगू मरीजों से बचाव के लिए लोगों को मच्छरों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि अपने घर के आस-पास कहीं भी नाली में जलजमाव न होने दें और अपने घर के अगल-बगल साफ सफाई की व्यवस्था रखें डेंगू मच्छर जनित बीमारी है जो एक विशेष प्रकार के मच्छरों के काटने से डेंगू होता है।

# कम वसूली पर डीएम का चढ़ा पारा,लगाई फटकार

**सख्ती**

**रायफल क्लब सभागार में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ बैठक संपन्न**


रायफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एंव मासिक स्टाफ बैठक बुधवार की देर सायं रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, वाणिज्य कर, नगर पालिका, नगर पंचायत, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, खनन, काउण्टर फाईल, मण्डी समिति, मोटर कर के सम्बन्ध विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

बैठक में समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग की कम राजस्व वसूली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली। बैठक में लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज, धारा-24, धारा-41, विवादित वादो का निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीएम ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। बैठक में एडीएम वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल, डीएफओ, समस्त उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं पटल सहायक उपस्थित थे।

# स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद

**कार्रवाई**

**बलात्कारी ड्राइवर को 20 साल की सजा**

**गाजीपुर।** नाबालिग छात्रा के साथ बलात्कार के आरोपी खंड शिक्षा अधिकारी के निजी चालक को आजीवन कारावास हो गया है।

जिला न्यायाधीश राकेश कुमार ने फैसला सुनाते हुए 20 साल सश्रम कारावास और दस हजार का अर्थदंड लगाया है। न्यायाधीश ने अर्थदंड नहीं देने पर छह माह की और सजा का फरमान सुनाया हैं। जिला न्यायालय के फास्ट ट्रैक कोर्ट में गुरुवार को परिषदीय स्कूल छात्रा के बलात्कार मामले में आरोपी को बीस साल सजा का फैसला आया हैं। जिसे पीड़ित परिवार न्याय की जीत माना है। बतादें, विगत आठ अक्टूबर 2021 मरदह थाना क्षेत्र के मरदह खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा से बलात्कार हुआ था।

इस घटना में तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी कल्पना के निजी चालक मुन्ना उर्फ डब्लू को आरोपी बनाया गया था। 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा का बलात्कार विद्यालय बंद होने के पश्चात हुआ था

### खंड शिक्षा अधिकारी का कारखास था आरोपी

दरअसल, तत्कालीन खण्ड शिक्षा अधिकारी कल्पना का बलात्कार का आरोपी चालक बहुत खास था। वह उनके साथ स्कूलों का निरीक्षण भी करता था। घटना के दिन भी कल्पना चालक के साथ विद्यालयों का पुर्वान्ह में निरीक्षण की। तत्पश्चात दोपहर बाद अपने चालक को कार्यालय में छोड़कर बाहर चली गई। मौका पाकर चालक ने घटना को अंजाम दिया था। वह स्कूल की छात्राओं से हमेशा छेड़खानी करता रहता था लेकिन उसे कोई रोक नहीं पाता था। क्योंकि अधिकारी कल्पना का खास था।

### शिक्षकों से वसूली करता था चालक

उक्त घटना के बाद कुछ शिक्षकों द्वारा आपत्ति किये जाने पर आरोपी चालक खंड शिक्षा अधिकारी की सह पर शिक्षकों को डांट दिया करता था। शिक्षकों से वह वसूली भी करने लगा था। इसकी शिकायत शिक्षकों ने शिक्षक प्रतिनिधियों से भी की थी। शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा बीईओ कल्पना को चालक के बारे में शिकायत भी दर्ज करायी गई। लेकिन बीईओ ने अपने जाति व लिंग को आधार बनाकर दो शिक्षक प्रतिनिधियों अनंत सिंह व दुर्गेश सिंह पर एससी-एस टी व महिला उत्पीड़न संबंधी झूठी व मनगढ़ंत तहरीर देकर मरदह थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी। जो मामला अभी जिला न्यायालय व उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

## अतिक्रमण के कारण रोज जाम में फंस रहे राहगीर

**गाजीपुर।** शहर की आबादी करीब साढ़े तीन लाख है। जिला मुख्यालय भी है। ऐसे में आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में आते हैं, लेकिन जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, तहसील परिसर, ब्लॉक मुख्यालय समेत अन्य किसी भी प्रमुख स्थान पर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते दर्जनों मार्गों पर रोजाना जाम लगता है। बाजार में दुकानदार रोड के दोनों तरफ फुटपाथ पर दुकान लगाकर सामान फैला लेते हैं। इसके चलते हर दिन जाम की स्थिति रहती है। बता दें कि शहर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि ज्यादातर आबादी भुटहियाटाड, फुल्लनपुर, रौजा और मुख्य मार्ग से होते हुए पुरानी बस्ती टाउनहॉल, स्टिमर घाट, नक्खास सहित अन्य मुहल्लों की तरफ है। इस मार्ग पर कोतवाली, जिला महिला अस्पताल, सिटी इंटर कॉलेज और बैंक आदि के कार्यालय हैं। जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके चलते जाम की स्थिति बनी रहती है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन से फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

# नारियों को हीन भावना से देखना गलत



**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत शिवपुर स्थित माता महाकाली मंदिर के प्रांगण में संगीत में राम कथा अमृत वर्षा के अंतर्गत साध्वी साधना ने जनता के बीच दांपत्य जीवन की मधुरता का रहस्य बताया। संगीतमय रामकथा अमृत वर्षा के दौरान कथा के पांचवे दिन हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। जिसमें साध्वी साधना ने दांपत्य जीवन की मधुरता में स्त्री और पुरुष दोनों का पूरा सहयोग बताया।

उन्होंने कहा कि जग में नारियों का महत्वपूर्ण स्थान है। यहां तक कि शास्त्रों में नारी को गृहलक्ष्मी, ब्रह्म विद्या, रिद्धि सिद्धि, कामधेनु, श्रद्धा, पवित्रता आदि कहा गया है। शास्त्रों में भी मिलता है यत्र नारी पूज्यंते, तत्र रमंते देवता। नारी से जुड़ा होने से ही पुरुष का महत्व है। नारी हर रूप में आदर करने योग्य है। नारी माता के रूप में गौरवमई जननी है। पत्नी के रूप में सहभागी है।

बहन के रूप में भाई के मस्तक पर तिलक कर गौरवान्वित करती है। पुत्री के रूप में घर की शोभा है। नारी हर रूप में आदर करने योग्य है। दुर्भाग्यवश मध्यकाल में इसका शोषण होने लगा। हमारी पत्नी पुत्री ऋंगार की कठपुतली बन कर रह गई है। जिसका परिणाम हमारे सामने है।

आजकल नारियों को बड़े हीन भावना से देखते हैं। गलत नजरिए से देखा जा रहा है। इसलिए आज हमारे देश में दुर्घटनाएं स्त्रियों के साथ सुनने को मिलती है। इसलिए हमें जीवन के लिए एक दूसरे के सहयोग की भावना के साथ रहना चाहिए और हमें नारी सम्मान करना चाहिए।

## 53003 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को ऑनलाइन अग्रसारित करें

**गाजीपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने एवं विद्यालयों द्वारा रिसीव एवं अग्रसारण की वर्तमान स्थिति के परीक्षण में पाया गया है। कुल 105349 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल सब्मिट किये जा चुके है, वहीं पर विद्यालयों द्वारा मात्र 52346 आवेदन पत्र ही विद्यालयों द्वारा अब तक ऑनलाइन अग्रसारित किये गये है और 53003 छात्रवृत्ति आवेदन पत्र विद्यालयों के लॉगिन पर अग्रसारण हेतु लम्बित है। जबकि विद्यालय स्तर से अग्रसारण की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर निर्धारित है। यदि ससमय आवेदन पत्रों का अग्रसारण विद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है, तो ऐसे में लम्बित आवेदन पत्र वाले छात्रों छात्रवृत्ति योजना से वंचित हो जायेगें। समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाएं 15 नवम्बर तक लम्बित 53003 छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को नियमानुसार परीक्षण करते हुए ऑनलाइन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें।

# यातायात माह में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**गाजीपुर।** पुलिस की लापरवाही के चलते हाईवे सहित शहर के सड़कों पर सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ रही है। यह लापरवाही सड़क हादसों का कारण बन रही है। हाईवे पर बाइक चालक बिना हेलमेट के बेखौफ होकर एक बाइक पर तीन-पांच सवारियों को बैठाकर खतरों भरा सफर कर रहे हैं। यातायात जागरूकता माह का पहला सप्ताह औपचारिकता में ही बीत गया। लेकिन कुछ खास नजर न आया। वही रोज की तरह वाहनों की लापरवाही के बीच नियमों का मखौल उड़ा फरार्टा भरते वाहन व्यवस्था को मुंह चिढ़ाते दिखे। नियमों की अनदेखी में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा रही। अधिकांश युवा हेलमेट ही नहीं लगाए थे। उन्हें न कोई टोकने वाला था और न कार्रवाई करने वाला।

यातायात के नियमों का मखौल शहर की हर एक सड़क पर उड़ता दिखा। कई वर्षों से हेलमेट को लेकर अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन बाइकों से गुजरे ज्यादातर युवा इससे परहेज करते दिखे। रौजा, विश्वेश्वरगंज, महुआबाग, कचहरी, सिंचाई चौराहा, भुतहियाटाड, विकास भवन चौराहा पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा भी कोई खास सक्रियता नहीं दिखाई गई।

बाजारों में बड़ी संख्या में लोग उमड़े। खरीदारी के लिए ग्रामीण क्षेत्र से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। ज्यादातर बाइकों से भी आए, लेकिन बमुश्किल एक फीसद ही हेलमेट पहने हुए थे। नियमों का उल्लंघन करने वालों को न तो पुलिसकर्मियों द्वारा रोका गया और न ही यातायात कर्मियों द्वारा। कुछ बाइकों पर तीन लोग सवार दिखे तो कुछ परिवार के सभी सदस्यों के साथ। कई तो ऐसे भी दिखे जो हाथों में हेलमेट पकड़कर चल रहे थे, लेकिन उसे पहनने से बचते रहे। नियमों की अनदेखी पर जिम्मेदारों ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। स्थिति यह रही कि औपचारिकता में ही पहला सप्ताह गुजर गया। है।

**यह है हाल**

**नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर बाइक दौड़ा रहे युवा**

### नियमों की अनदेखी में युवतियां भी आगे

**गाजीपुर।** स्कूटी पर सवार होकर युवतियां बगैर हेलमेट के गुजरीं। कई तो हेलमेट के बजाय चेहरों को स्कार्फ से ढककर निकलीं। इन्हें रोककर समझाने और चालान करने के लिए महिला पुलिस द्वारा भी कोई खास सख्ती नहीं बरती गई। पुलिस द्वारा किसी प्रकार की सख्ती नहीं की गई है, लेकिन यातायात पुलिस के टीआई का कहना है कि वाहनों को रोककर चालकों को हेलमेट लगाने के लिए बार-बार कहा जा रहा है। यदि चेतावनी के बावजूद लोग नहीं मानें तो विवश होकर कार्रवाई भी कराई जाती।

## खतरे को दावत दे रहा ट्रांसफार्मर

**गाजीपुर।** वैसे तो सड़क के किनारे व पटरियों के अतिक्रमण पर सभी की निगाह चली जाती है, मगर चौराहे व सड़क की पटरियों पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर पर किसी की नजर नहीं पड़ती है। जिससे न सिर्फ राहगीरों को परेशानियां उठानी पड़ती है, बल्कि हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सिटी रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने ही चार सौ केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। बिजली विभाग के इस अतिक्रमण से स्टेशन आने वाले यात्रियों और राहगीरों की जान जोखिम में बनी रहती है। अक्सर ट्रांसफार्मर तेज आवाज के साथ चिंगारी फेंकता है, उस वक्त हर कोई दहशत में आ जाता है। पर किसी का ध्यान इस तरफ नहीं जा पा रहा है। मुकेश कुमार व मुमताज ने कहा कि यदि ट्रांसफार्मर को किसी सुरक्षित जगह ट्रांसफर कर दिया जाए तो न केवल सड़क चौड़ी हो जाएगी, अपितु तिराहे की रौनक भी बढ़ जाएगी। सुरेन्द्र कुमार, अशोक, विनोद कुमार ने कहा कि पूरा तिराहा अतिक्रमण की चपेट में है। नदीम, अब्दुल रहमान, रवीन्द्र, राहुल, रजा आदि नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों समेत जिला प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाए जाने की मांग की है।

# मांगों को लेकर सरजू पांडेय पार्क में दिया धरना


सरजू पाण्डेय पार्क में धरना प्रदर्शन करते इंकलाबी नौजवान के सभा सदस्य।

**गाजीपुर।** इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने पेट परीक्षा का कामन कट आफ जारी करो, परीक्षा के दौरान हुई मौतों का जबावदेह कौन? योगी सरकार जबाव दो- सेना में 4 साल (अग्निवीर) के बजाय स्थाई भर्ती करो, आदि सवालों को लेकर कामरेड सरजू पांडेय पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्राइमरी एलिजिबिलिटी टेस्ट की परीक्षा 15 व 16 अक्टूबर, 2022 को 04 पालियों में आयोजित हुआ। जिसमें कुल 37.50 लाख से अधिक परीक्षार्थी फार्म भरे थे। इस परीक्षा के दौरान अपना जीवन गवां चुके उन अभ्यर्थियों व हादसे के शिकार हुए परिजनों को विनम्र श्रद्धांजलि।

अब तक ज्ञात सात नौजवानों की मौत क्यों हुई, इन मौत का जिम्मेदार कौन इतनी बड़ी परीक्षा को आयोजित करने के लिए इस तरह की लापरवाही क्यों की गई नकल रोकने के नाम पर सेंटर को इतना दूरदराज भेजा गया। जबकि इस पूरी परीक्षा से एक भी नौकरी नहीं मिल रही है। यह सिर्फ क्वालीफाइंग परीक्षा है। उन्होंने परीक्षा के दौरान हुई मृत परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के साथ,पेट परीक्षा का कामन कट जारी करने की मांग उठाई। धरना को मनोज कुशवाहा, किशन वनवासी, सत्येन्द्र कुमार प्रजापति, संजय भारती, प्रदीप रावत, लालजी राम, रामबिलास वनवासी, रिंकू ने सम्बोधित किया। अंत में महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित पांच सुत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा।


## जनसंपादकीय

# माफियाओं का फैलता संजाल

शिक्षा और भूमि के बाद अब मेडिकल माफियाओं का फैलता संजाल कानून व्यवस्था के लिए एक नयी चुनौती बनकर उभरा है। इसके लिए देश की लचर एवं अदूरदर्शी स्वास्थ्य नीतियाँ ही सर्वाधिक जिम्मेदार हैं। वहीं सरकारी तन्त्र में व्याप्त भ्रष्टाचार कडुवे करेले को नीम का सम्बल प्रदान कर रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर तथा उड़ीसा के बरहामपुर में मेडिकल माफियाओं के विरुद्ध हुई पुलिसिया कार्रवाई से इस बात को भलीभांति समझा जा सकता है। गोरखपुर के मेडिकल माफिया पर फर्जी दस्तावेज के सहारे मेडिकल कालेज चलाने का आरोप है तो उड़ीसा में एक ऐसा गैंग पुलिस द्वारा पकड़ा गया है जो सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को बहला-फुसला कर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने के लिए प्रेरित करता था। जिसके बदले प्राइवेट अस्पतालों से उन्हें दलाली के रूप में मोटी रकम मिलती थी। ऐसे मेडिकल माफिया मात्र गोरखपुर और बरहामपुर में ही नहीं बल्कि देश के कोने-कोने में फैले हुए हैं। जो अपनी तिजोरी भरने के लिए सदैव आम जन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। मानक को ताक पर रखकर गली-गली चल रहे नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से चिकित्सा सेवा के नाम पर जो कुछ कर रहे हैं वह भी अब धीरे-धीरे उजागर होने लगा है। अनगिनत झोलाछाप डॉक्टर और फार्मासिस्ट स्वयं का नर्सिंग होम खोलकर बैठे हैं और सुबह-शाम डॉक्टर बनकर ओपीडी करते हैं जिससे इनके झांसे में आने वाले आम जन का जीवन संकट में पड़ना स्वाभाविक है।

यह सर्वविदित है कि लगभग सभी सरकारी डॉक्टर अपना छोटा-बड़ा नर्सिंग होम चलाते हैं। लेकिन अब तो सरकारी अस्पतालों के फार्मासिस्ट एवं कर्मचारी तक भी अपना-अपना निजी अस्पताल खोले हुए हैं। जहाँ मानक की धज्जियाँ उड़ती हुई कभी भी देखी जा सकती हैं। ज्यादातर ने अपने यहाँ मानक विहीन ट्रामा सेंटर, आई.सी.यू. (इंटेंसिव केयर यूनिट) तथा एन.आई.सी.यू.(नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) तक खोल रखा है। जिसके नाम पर गम्भीर मरीजों से पहले तो जमकर वसूली होती है और जब मरीज की हालत ज्यादा अधिक गम्भीर हो जाती है तब उनके परिजनों से कहीं और ले जाने के लिए कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। इस परिस्थिति में दो-चार प्रतिशत सौभाग्यशाली मरीजों को छोड़कर शेष की मृत्यु हो जाना सुनिश्चित है। मरीज की मृत्यु से आहत परिजन यदि हंगामा करते हैं तो कानून के रक्षक अस्पतालों की सुरक्षा में तटस्थ नजर आते हैं। परिणामस्वरूप परिजनों को अपने मरीज की मृत्यु को विधि का लेख मानकर सन्तोष करना पड़ता है और मेडिकल माफिया फिर नये शिकार की प्रतीक्षा में लग जाते हैं। कुछ जागरूक परिजन यदि इलाज में हुई लापरवाही की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से करते हैं तो जाँच के नाम पर उन्हें परेशान करते हुए शासनादेश संख्या 13-1/97-का-1/97 का हवाला देकर शिकायत से सम्बन्धित शपथ-पत्र एवं साक्ष्य के साथ बयान देने हेतु उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। जो एक सामान्य व्यक्ति के लिए दुरूह कार्य जैसा है। इसलिए कई शिकायतकर्ता जाते ही नहीं हैं। तो कई पर अस्पताल से जुड़े लोग साम, दाम एवं दण्ड की नीति अपनाकर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हैं और प्रायः सफल भी होते हैं। दोनों ही मामलों में अपस्ताल संचालकों पर लगाये गये आरोप फर्जी सिद्ध करते हुए उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया जाता है। जो शिकायतकर्ता शपथ-पत्र, साक्ष्य और बयान देने हेतु पहुँच भी जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के प्रश्नों और दलीलें देकर हतोत्साहित करने का प्रयास होता है। मसलन “आप उस अपस्ताल में गये ही क्यों?”, “आपने उस अपस्ताल के डाक्टरों की डिग्री देखे बिना उनसे इलाज क्यों शुरू करवाया?”, “आपके मरीज की रिपोर्ट देखकर लगता है कि उनकी हालत बहुत खराब थी लेकिन उनका इलाज जितना हुआ है वह सही हुआ है” या “उनकी उम्र बहुत ज्यादा थी” आदि बेतुके सवालों और कुतर्कों के माध्यम से अस्पताल संचालकों को बचाने का पूरा प्रयास किया जाता है। ऐसे में मेडिकल माफियाओं के हौंसले बुलन्द होना स्वाभाविक है।

जहाँ तक निजी अस्पतालों के मानक की बात है तो जानकारों के मुताबिक प्रति 20 बेड वाले अस्पताल में कम से कम एक एमबीबीएस डॉक्टर चौबीस घण्टे उपलब्ध रहना चाहिए। नर्सें भी जीएनएम (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाईफरी) की उपाधि प्राप्त होनी चाहिए। आपरेशन थियेटर में कम से कम एक ओटी टेक्नीशियन चौबीस घण्टे होना अनिवार्य है। इसी प्रकार आई.सी.यू. और एन.आई.सी.यू. में पूर्ण प्रशिक्षित डाक्टरों की टीम चौबीस घण्टे उपलब्ध रहना चाहिए। जिसमें एक बेहोशी का डॉक्टर अर्थात एनेस्थेटिस्ट होना आवश्यक है। लेकिन महज कुछ निजी अस्पतालों को छोड़ दें तो शायद ही कोई ऐसा नर्सिंग होम हो जो उपरोक्त कसौटी पर खरा उतरे। लेकिन चिकित्साधिकारियों की दृष्टि में शत-प्रतिशत अस्पताल पूर्ण मानक के साथ चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि जब भी कोई हमारे पास सम्पूर्ण कागजी औपचारिकताओं के साथ नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन करवाने आता है तो हमारी मजबूरी है कि हमें उसका रजिस्ट्रेशन करना पड़ेगा। इससे सिद्ध होता है कि स्वास्थ्य विभाग की दृष्टि में प्रत्येक अस्पताल कागजी रूप से सभी मानकों से युक्त है। लेकिन यह सुनिश्चित कौन करेगा कि व्यावहारिक धरातल पर भी सम्पूर्ण मानकों के अनुसार सभी नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं? आम आदमी चिकित्साधिकारियों के उस भरोसे पर ही अपना इलाज करवाने किसी निजी अस्पताल में जाता है कि न केवल उसका रजिस्ट्रेशन सभी आवश्यक मानकों को पूरा करने के बाद ही किया गया है बल्कि चिकित्साधिकारियों की सतत निगरानी में उसका सञ्चालन भी मानक के अनुरूप हो रहा है। क्या यह व्यावहारिक रूप से सम्भव है कि मरीज इलाज करवाने से पहले डाक्टरों की डिग्री चेक करे? कदाचित कोई ऐसा प्रयास करे भी तो वह यह कैसे सुनिश्चित करेगा कि उसे जो डिग्री दिखाई जा रही है वह फर्जी है या असली है। गोरखपुर का मेडिकल माफिया फर्जी दस्तावेज दिखाकर ही तो मेडिकल छात्रों के एडमीशन ले रहा था और छात्र उन दस्तावेजों को असली समझकर अपना एडमीशन करवा रहे थे। इससे सिद्ध होता है कि दस्तावेज की जाँच एक एक्सपर्ट ही कर सकता है न कि कोई सामान्य व्यक्ति। शायद इसीलिए विशेषज्ञों की पूरी टीम चिकित्साधिकारियों के रूप में तैनात की जाती है। लेकिन दुर्भाग्य से वह टीम मौका पड़ने पर अपने नकारेपन और लापरवाही का ठीकरा आम आदमी के सर फोड़कर मेडिकल माफियाओं को बचाने का पूरा प्रयास करती है। सरकारी अस्पताल के डाक्टरों, फार्मासिस्टों या अन्य कर्मचारियों द्वारा संचालित निजी अस्पतालों के किसी भी दस्तावेज में उक्त डॉक्टर, फार्मासिस्ट या कर्मचारी का नाम नहीं होता है। जबकि व्यावहारिक रूप से वही उसके वास्तविक संचालक एवं मुख्य चिकित्सक होते हैं। आम आदमी उन्हीं को डॉक्टर मानकर इलाज करवाने जाता है। ऐसे अस्पतालों में हुई लापरवाही की शिकायत प्रायः उसी तथाकथित संचालक के नाम पर होती है और होनी भी चाहिए। तब जाँच दल यह कहते हुए पल्ला झाड़ने का प्रयास करते हैं कि क्या करें हमें कोई डाक्यूमेंट्री प्रूफ नहीं मिला। जबकि यदि वह गंभीरतापूर्वक जाँच करते हुए वहाँ भर्ती मरीजों से पूंछतांछ करें, वहाँ के पुराने मरीजों तथा अस्पताल के आसपास रहने वालों से जानकारी करें तो उन्हें इस बात का व्यावहारिक प्रूफ सहजता से मिल जायेगा कि अस्पताल का वास्तविक डॉक्टर एवं संचालक कौन है। निजी अस्पतालों की एक और विशेषता है कि उनका मेडिकल स्टोर भी उसी परिसर में होता है। वहाँ की दवा बाहर के किसी मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलती है। एक्सरे, एमआरआई, से लेकर ब्लड जाँच तक यदि बाहर से करवानी है तो वह भी उन्हीं की बताई पैथालाजी या जाँच सेंटर में होगी। अन्य कहीं की जांच रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं होती। कुल मिलाकर चिकित्सा सेवा के नाम पर चारो तरफ लूट मची हुई है। लचर एवं अदूरदर्शी स्वास्थ्य नीतियों तथा चिकित्साधिकारियों की कृपा से मेडिकल माफियाओं का साम्राज्य सतत रूप से देश भर में अपनी जड़े जमा रहा है। लेकिन इस पर नियन्त्रण लगाने का कहीं कोई प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। सिर्फ एक उम्मीद की किरण स्थाई लोक अदालतों से आती हुई अवश्य दिखाई देती है। यदि आपके साथ इलाज में कहीं कोई लापरवाही या अनावश्यक धन उगाही हुई है तो आप अपने जिला न्यायालय परिसर में स्थित स्थाई लोक अदालत जा सकते हैं। जहाँ कम से कम औपचारिकताओं में निःशुल्क एवं त्वरित न्याय आपको प्राप्त होगा।



**डॉ.दीपकुमार शुक्ल**
**( लेखक स्वतन्त्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9450329314)**

# मैनेजर पाण्डेय का इस समय न होना

## स्मरण



**रविभूषण**

इस समय मैनेजर पाण्डेय ( 23.9.1941 - 6.11.2022) का होना सर्वाधिक जरूरी था। वे आईसीयू और वेन्टिलेटर पर लगभग दो महीने तक पड़े रहे और मृत्यु ने उन्हें हमसे छीन लिया। मृत्यु सुनिश्चित है, उन्हें और अधिक जीवित रहना था। उनकी उपस्थिति जरूरी थी। अब उनकी अनुपस्थित उपस्थिति है। भौतिक शरीर से अनुपस्थित और अपनी कृतियों में उपस्थित। अपने सैकड़ों योग्य-सुयोग्य छात्रों-छात्राओं के बीच वे उपस्थित हैं। उनके न रहने पर जिस प्रकार अनगिनत शोक-सभाएँ हो रही हैं, उनसे उनकी अपार लोकप्रियता प्रकट हो रही है। हिन्दी में पूर्ण आलोचक (टोटल क्रिटिक) उनकी तरह का शायद ही और कोई हो। टोटल पोएट की बात होती है, पर टोटल क्रिटिक की नहीं। मैनेजर पाण्डेय हिन्दी के हो नहीं, भारत के भी एक टोटल क्रिटिक थे। केवल साहित्य का आलोचक होकर पूर्ण आलोचक नहीं हुआ जा सकता। टोटल क्रिटिक के लिए यह जरूरी है कि वह साहित्य के मुल स्रोत समाज पर न केवल ध्यान दें, अपितु उसके सभी पक्षों को देख समझ कर उसे बदलने और स्वस्थ, सार्थक रूप प्रदान करने में अपनी भूमिका अदा करे। यही वह जगह है, जहाँ आलोचक केवल कृति और कृतिकार से न जुड़ कर समाज से जुड़ता है। पाण्डेय जी हिन्दी समाज के आलोचक थे और हिन्दी समाज का आलोचक होना सच के साथ खड़ा होना है, जो पहली शर्त है। साहित्य की सामाजिक भूमिका पर हिन्दी में बाल कृष्ण भट्ट (3.6.1844-20.7.1914) से लेकर अब तक सभी आलोचकों ने ध्यान दिया है, पर आलोचना की सामाजिकता (2005) पर विचार करने वाले और उसे आवश्यक मानने वाले पाण्डेय जी भारत के पहले महत्वपूर्ण आलोचक हैं। उनका आलोचना- कर्म किसी भी आलोचक की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने एक साथ कृति, कृतिकार, साहित्य रूप, समय, समाज, संस्कृति, दलित, स्त्री, आदिवासी प्रश्न और लेखन, भूमंडलीकरण, अमेरिकी साम्राज्यवाद, वैश्विक पूंजीवाद, सामन्तवाद, सम्प्रदायवाद, स्वाधीनता-आन्दोलन, मुक्ति-संघर्ष, इतिहास, राजनीति, अर्थव्यवस्था, परम्परा, वर्तमान, स्मृति, यथार्थ, स्वप्न, साहित्यिक-वैचारिक सिद्धान्त, उत्तर संरचनावाद, उत्तर आधुनिकतावाद, मार्क्सवाद, कम्युनिस्ट पार्टियाँ, संघर्ष, प्रतिरोध सब पर विचार किया। उनकी आलोचना का, सोच-विचार का, चिन्तन का रेंज कहीं अधिक व्यापक था।

इस समय देश बुरे दौर से गुजर रहा है। चारो ओर भय-आतंक का माहौल है। राज्य (स्टेट) अपनी कल्याणकारी भूमिका का त्याग कर अपने नागरिकों से जिस प्रकार का व्यवहार कर रहा है, वह कहीं अधिक आतंककारी, विनाशकारी है। राष्ट्र और राष्ट्रवाद की जो बातें की जा रही है, वे राष्ट्र के लिए, समाज के लिए कहीं अधिक विघटनकारी है। प्रेमचन्द ने राष्ट्रवाद को वर्तमान युग का शाप कहा था। साम्राज्यवाद और व्यवसायवाद को उसकी संतानें माना था और उसे वर्तमान युग का कोढ़ कहा था। पाण्डेय जी ने अपने समीक्षा-कर्म को अपने मौलिक एवं सार्थक सोच से कहीं अधिक मूल्यवान बनाया। वे पार्थ चटर्जी (5.11.1947), अंबेडकर (14.4.1891-6.12.1956) और फ्रैंज फैनन (20.7.1925-6.12.1961) को अपने एक लेख राष्ट्रवाद, उपन्यास और प्रेमचन्द में याद करते हुए प्रेमचन्द को संकीर्ण राष्ट्रवाद के आलोचक कहते हैं। आज भारतीय राजनीति, चुनावी राजनीति मात्र बनकर केवल हाँफ ही, नहीं, दम भी तोड़ रही है। भाजपा के शासन काल में अब राजनीति सदैव इसी में सिमट चुकी है। भारतीय लोकतंत्र, भारतीय राज्य-सत्ता की सही पहचान के बगैर क्या सचमुच कोई आलोचक बड़ा बन सकता है? लोकतंत्र के वास्तविक चरित्र को पाण्डेय जी ने न केवल पहचाना था, अपितु उन्होंने आवश्यक हस्तक्षेप भी किया था। वे केवल साहित्य के आलोचक नहीं थे। वे सभ्यता-समीक्षक थे। उन्होंने भारत में लोकतंत्र के एकमात्र लक्षण चुनाव का वास्तविक चेहरा हमें दिखाया है — यहाँ समय- समय पर अनेक स्तरो पर चुनाव होते हैं। लेकिन वे चुनाव कैसे होते हैं, किस प्रकार की जनता किन कारणों और किन रूपों में चुनाव में भाग लेती है, इन बातों पर विचार करते ही भारत के लोकतंत्र की असलियत सामने आ जाती है।

आलोचक का काम केवल रचना की समीक्षा न होकर अपने समय और समाज की समीक्षा है। उसका उत्तरदायित्व बहुत बड़ा है। पाण्डेय जी ने अपने इस उत्तरदायित्व का सदैव निर्वाह किया। उन्होंने आलोचना की दशा देख कर उसकी दिशा बदली। आलोचना की भूमि और भूमिका उनके यहाँ हम कहीं अधिक सार्थक रूप में देखते हैं। उन्होंने केवल गोदान पर नहीं लिखा। भूमंडलीकरण ने भारत में जिस प्रकार किसानों को तबाह और बर्बाद किया, उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया, उसका कहीं अधिक उन्होंने विरोध किया। एक आलोचक के लिए यह जरूरी है कि वह सच बोले, सच लिखे। पोस्ट ट्रुथ के युग में उन्होंने सच कहा और सच लिखा। वे एक सत्य निष्ठ, साहसी, निर्भीक, परिवर्तनकामी, मूलगामी, मुक्तिकामी, क्रान्तिकारी आलोचक थे और इसी कारण उन्हें अभी जीवित रहना था, स्वस्थ रहकर सक्रिय रहना था।

इस समय अनेक कवियों को भी भाषा और शब्द की अधिक चिन्ता नहीं है। कवियों ने समय-समय पर शब्दों पर कविताएँ लिखी हैं, पर आलोचकों में मैनेजर पाण्डेय अकेले ऐसे आलोचक हैं, जिन्हें शब्द की अधिक चिन्ता थी। नागार्जुन, उनके प्रिय कवि थे। अपनी मंत्र कविता के आरंभ में ही नागार्जुन ने शब्द को ब्रह्म कहा है — ओं शब्द ही ब्रह्म है/ ओं शब्द और शब्द शब्द और शब्द। मैनेजर पाण्डेय की पहली पुस्तक शब्द और कर्म (1981) है। अड़तीस वर्ष बाद की उनकी एक पुस्तक शब्द और साधना (2019) है। उनका प्रत्येक शब्द महत्वपूर्ण है। उनकी आलोचना की तेज, चमकीली रोशनी में हम कुछ दूर तक जा सकते थे। वह रोशनी बुझ गयी है। हिन्दी समाज आज दक्षिणपंथियों का, हिन्दुत्ववादियों का गढ़ है। इस समय उनके जैसे आलोचक की उपस्थिति अनिवार्य थी, जो साहस के साथ सच कहे, अवसरवादी मार्क्सवादि?यों की आलोचना कर सके और सामाजिक आन्दोलन की दिशा में हमें सक्रिय कर सके। वैश्विक (ग्लोबल) होने से पहले उनके लिए स्थानीय (लोकल) होना जरूरी था। उनके यहाँ प्रतिरोध की सशक्त आवाज है। उन्होंने भारतीय समाज में प्रतिरोध की परम्परा (2013) से हमें अवगत कराया और हमें उस मार्ग पर चलने को प्रेरित भी किया। आज जब आलोचना में केवल सहमति ही सहमति है, उन्होंने आलोचना में सहमति-असहमति (2013) पर विचार किया।

मैनेजर पाण्डेय ने अपने समय को व्यापक सामाजिक चिन्ताविहीन समय? कहा है। ऐसे समय में उनकी व्यापक सामाजिक चिन्ताएँ थीं, जिन्हें हम उनकी आलोचनाओं में देखते हैं। उनके भाषणों-व्याख्यानों में सुनते थे। वे सांस्कृतिक आलोचक थे और संस्कृति के अन्तर्गत सब कुछ है। भूमंडलीकरण को उन्होंने भाषायी और सांस्कृतिक साम्राज्यवाद कहा है। वे बार- बार सखाराम देउस्कर (17.12.1869-23.11-1912) के सम्मोहन और चित्त-विजय की हमें याद दिलाते हैं, सावधान करते हैं। सम्मोहन और चित्त-विजय के अभियान पर उन्होंने जितना कहा और लिखा है, उतना किसी अन्य आलोचक ने नहीं। शिक्षा, साहित्य, कला, मीडिया आदि के जरिये सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को स्थापित करने की अमेरिकी चाल और नीति की जानकारी देकर उन्होंने हमें सावधान किया है और आलोचना को एक नयी दृष्टि-दिशा भी प्रदान की है। बार-बार उन्होंने पूंजीवाद को झूठ और लूट की व्यवस्था कहा, लाभ उसका लक्ष्य है और लूट उसका उपाय। मार्क्स (5.5.1818 -14.3.1883) ने बुर्जुआ सभ्यता की जिन दो विशेषताओं- अथाह पाखण्ड और जन्मजात बर्बरता का उल्लेख किया था, पाण्डेय जी ने बार-बार उस ओर हमारा ध्यान दिलाया और यह बताया कि वह पहले से अधिक व्यापक और खूंखार रूप में दूसरे दौर के भूमंडलीकरण में मौजूद है। ग्राम्शी (22.1.1891- 27.4.1937) के इस विचार को कि यह आर्थिक स्थिति का स्वाभाविक और स्वतंत्र विकास नहीं है, उद्धृत कर पाण्डेय जी ने ग्राम्शी द्वारा की गयी अपने समय के पूंजीवाद की अर्थनीति की व्याख्या को भूमंडलीकृत भारत की अर्थनीति और राजनीति का भी सच कहा है। रामविलास शर्मा (10.10.1912-30.5.2000) के बाद वे दूसरे आलोचक हैं, जिन्होंने भारत की राजनीति और अर्थनीति पर विस्तार से विचार किया। आज हम सब इसके जाल में फँसे हुए हैं और अब हमें यह सब समझा कर सावधान करने वाला दूसरा कोई आलोचक नहीं है। हिन्दी के आलोच?कों का इस ओर ध्यान नहीं जाता है कि हमारे देश की राजनीति और अर्थनीति किस मोड़ पर आ पहुँची है। वह भाषा, कला, साहित्य, संस्कृति सबको प्रभावित कर रही है, पर हमारी उदासीनता बरकरार है। भूमंडलीकरण के बाद का भारत पहले के भारत से भिन्न है। जब से भारत भूमंडलीकृत से रहा है, तब से भारत में गरीबी घटने की गति धीमी हुई है। 2005 में गरीबी 37 प्रतिशत कम हुई तो 2010 में 32 प्रतिशत। भारतीय अर्थशास्त्रियों में अमित भादुड़ी (4.10.1940) अकेले हैं, जिन्होंने भूमंडलीकृत भारत के भयावह यथार्थ से हमें परिचित कराया। हिन्दी आलोचकों में ही नहीं, भारतीय आलोचकों में श्री पाण्डेय जी संभवतः अकेले आलोचक हैं, जो हमें बार-बार इन स्थितियों से अवगत कराते हैं, सावधान करते हैं और अपने समय को समझने की दृष्टि प्रदान करते हैं। पुराने उपनिवेशवाद से आज का मुख्य अन्तर उनके अनुसार यह है कि आज के दौर में शासक देशी है और पाखण्ड तथा बर्बरता की प्रक्रिया पहले से अधिक परिष्कृत तथा जटिल है। वे ग्राम्शी को याद करते हैं, जिसने कल्चर एण्ड एंथ्रोपोलॉजी में यह लिखा है कि बुद्धिजीवी की गलती यह है कि वह न केवल बिना समझे जानने में यकीन करता है, अपितु जानने के लिए महसूस करने में भी यकीन नहीं करता है। आलोचना में पाण्डेय जी ने सदैव महसूस करने के बाद ही जाना, समझा और लिखा है। उनकी चिन्ता हिन्दी के आलोचनात्मक मानस को मुक्तिधर्मी बनाने की थी।



मुक्ति की पुकार (1996) के बाद उनकी आलोचना के दूसरे चरण का आरंभ होता है। संसदीय व्यवस्था में भागीदारी करने वाली वामपंथी पार्टियों के बारे में पहले उन्हें लगता था कि उनमें परिवर्तन की आकांक्षा है, लेकिन क्षमता नहीं। बाद में उन्हें लगने लगा कि उनमें न परिवर्तन की क्षमता है, न आकांक्षा। उनकी चिन्ता यह थी कि आज के मार्क्सवादी बुद्धिजीवी रावण के घर पानी भरने के लिए ही नहीं, कुआँ खोदने के लिए भी तैयार बैठे हैं। ऐसे समय में पाण्डेय जी जैसे मार्क्सवादी बुद्धिजीवी का, भारतीय आलोचक का, सार्वजनिक बुद्धिजीवी का हमारे बीच होना बेहद जरूरी था, पर मौत ने उन्हें हमसे छीन लिया। भारतीय आलोचना, मार्क्सवादी आलोचना की तेज रोशनी बुझ चुकी है, पर उसकी लौ और चिनगारियाँ उनकी रचनाओं में सदैव मौजूद रहेंगी। जिसके सहारे हम अगली यात्रा कर सकते हैं। यह हमारे ऊपर है कि हम उस लौ को जलाये रखें और चिनगारियों को दहकाते हुए आगे बढ़ें।

**( लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# शिक्षा में मौलाना आजाद का अतुल्य योगदान

## स्मृति दिवस



**जाहिद खान**

देश में हर साल 11 नवम्बर मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्मदिन, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आजाद का योगदान अतुलनीय है। स्वतंत्र भारत के वह पहले शिक्षा मंत्री थे। आजादी के बाद शिक्षा के क्षेत्र में जो भी नेशनल प्रोग्राम बने, उनमें मौलाना आजाद का अहमतरीन रोल था। दूसरी आलमी जंग के बाद जब सारी दुनिया में तालीम को लेकर बड़े पैमाने पर काम हो रहा था, तो वो मौलाना आजाद ही थे, जिन्होंने भारत में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अहम किरदार निभाया। विश्वस्तरीय शिक्षा का देश में प्रसार हो, इसके लिए उन्होंने ना सिर्फ.बच्चों को, बल्कि बड़ों को भी ज्यादा से ज्यादा स्कूल से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। शिक्षा के बारे में मौलाना आजाद के खयाल बड़े ही क्रांतिकारी थे। उनका कहना था, यह प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है कि उसे कम से कम बुनियादी शिक्षा मिले। जिसके बगैर वह एक नागरिक के तौर पर अपने कर्त्तव्यों को पूरी तरह नहीं निभा सकता” दरअसल, शिक्षा के माध्यम से मौलाना आजाद, समाज का स्तर ऊपर उठाना चाहते थे। यही वजह है कि शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई कार्य किए। शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली को बनाया। इस शिक्षा प्रणाली में सभी बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य व मुफ़्त की गई। प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने देश में उच्च शिक्षा के लिए आधुनिक संस्थानों को बनाने पर भी काफी जोर दिया। मौलाना आजाद ने यूजीसी यानी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की नींव रखी। जिसका मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना, भारत के सभी विश्वविद्यालयों के कार्यों का विश्लेषण करना और एक-दूसरे के बीच समायोजन स्थापित करना था। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने हमेशा आधुनिक संस्थाओं को खोलने की हिमायत की।

मौलाना आजाद, बचपन से ही अध्ययन में गहरी दिलचस्पी रखते थे। बारह साल की छोटी सी उम्र में वे फारसी और अरबी की तालीम पूरी कर चुके थे। मौलाना आजाद ने स्वाध्याय से ही अंग्रेजी का अभ्यास किया। कम उम्र में मौलाना आजाद की काबिलियत, सलाहियत और दानिश्वरी से मुतअसिर होकर मौलाना शिबली नोमानी ने उनसे कहा था, तुम्हारा जेहन व दिमाग अजायबे रोजगार (आश्चर्यजनक वस्तुओं) में से है। तुम्हें तो किसी इल्मी नुमाइशगाह में बतौर अजूबे के पेश करना चाहिए। उनके बारे में कमोबेश ऐसे ही बात सरोजिनी नायडू ने भी की थी, मौलाना की उम्र की बात मत करो, जब वे पैदा हुए थे, तब पचास साल के थे। मौलाना आजाद ने तेरह साल से अठारह साल तक की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते मुस्लिम विधि पर एलानुल-हक, सूफी मतों पर टीका करते हुए अहसनुल-मसालिक, मशहूर शायर उमर खय्याम का जीवन चरित्र, इस्लाम और आधुनिक विज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन पर अल-अलूमुल जदीदः वलिस्लाम, नक्षत्र ज्ञान पर अलहैयत, इस्लाम के अद्वैतवाद और संसार के अन्य धर्मों की एकरूपता पर इस्लामी तौहीद और मजाहिबे आलम जैसी किताबें लिख दी थीं। मौलाना आजाद ने मुसलमानों को तंग नजरिए और फि रकापरस्ती से दूर रहकर, इंसानियत से मुहब्बत करने की तालीम दी। उन्हें समझाने के लिए वे अपनी बात अक्सर कुरान के हवाले से करते थे, कुरान में इंसानी बिरादरी और भाईचारे पर जोर दिया गया है और इस खयाल की मुखालफत की गई है कि सामाजिक या नस्ल के आधार पर इंसान का कोई तबका, दूसरे तबके से अफजल हो सकता है।

मौलाना आजाद ने बरतानिया हुकूमत के नस्ली भेद-भाव और शासन के अत्याचारी तौर-तरीकों की अपने लेखों में खुलकर मुखालफत की। साल 1902 में उन्होंने अल-हिलाल अखबार निकाला, जो आगे चलकर देश की राष्ट्रीय विचारधारा के विकास में प्रभावशाली योगदान देने वाला साबित हुआ। राष्ट्रीय क्षेत्र में अल हिलाल राष्ट्रवाद का प्रहरी बनकर सामने आया। इस अखबार के जरिए मौलाना आजाद ने ब्रिटिश नीतियों का जमकर विरोध किया। देशवासियों को उन्होंने राष्ट्रवाद के प्रति प्रेरित किया। नतीजतन, साल 1914 में अंग्रेज हुकूमत ने प्रेस अधिनियम के तहत उनके अखबार पर पाबंदी लगा दी। लेकिन अंग्रेजी हुकूमत की कोई भी पाबंदियां उन्हें रोक नहीं पाईं। एक अखबार पर पाबंदी लगती, मौलाना आजाद दूसरा अखबार निकाल लेते। इसी तरह आम अवाम को वे लगातार अपने लेखन से बेदार करते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन में मौलाना आजाद का आगाज एक क्रांतिकारी के तौर पर हुआ। बंगाल के क्रांतिकारी लीडर श्याम सुंदर चक्रवती और अरविंद घोष से प्रभावित होकर, वे क्रांतिकारी आंदोलन में शरीक हुए। लेकिन 18 जनवरी, 1920 को महात्मा गांधी के साथ मुलाकात के बाद, वो कांग्रेस में शामिल हो गए। मौलाना आजाद ने गांधी और कांग्रेस के दूसरे बड़े लीडरों के साथ असहयोग आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश भर की यात्राएं की।

जंग–ए–आजादी के दौर में मौलाना आजाद का नाम महात्मा गांधी, सरदार पटेल और सुभाष चंद्र बोस जैसे राष्ट्रीय नेताओं के साथ अग्रिम पंक्ति में शुमार होता था। समग्र राष्ट्रीय आंदोलन में उनका योगदान अभूतपूर्व और अद्वितीय था। यहां तक कहा जाता है कि यदि मौलाना आजाद ने हिंदू और मुसलमानों को एकजुट कर दोनों को एक साथ लाने का बीड़ा न उठाया होता, तो हमारे स्वतंत्रता आंदोलन की शक्ल कुछ और ही होती। हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए महात्मा गांधी के साथ मिलकर उन्होंने बेजोड़ काम किए। उनकी सोच थी, यदि स्वराज के मिलने में देरी हुई, तो यह हिंदुस्तान का नुकसान होगा। लेकिन अगर हमारी एकता जाती रही, तो यह विश्व-मानवता का नुकसान है। स्वतंत्रता आंदोलन में मौलाना आजाद की अहमियत इसलिए और बढ़ जाती है कि उनके आने से पहले सर सैयद अहमद खां ने मुसलमानों के दिल में यह बात अच्छी तरह से बैठा दी थी कि अगर उन्हें मुल्क में तरक्की करना है, तो सरकारपरस्ती की राह पर चलना होगा। आजादी की तहरीक में मौलाना आजाद का आगाज हुआ, तो उन्होंने अपनी तमाम तकरीरों में मुसलमानों से उस रास्ते से हटकर, अपने हिंदू भाईयों के साथ अंग्रेज हुकूमत का विरोध करने का पैगाम दिया। 25 अगस्त, 1921 को दी गई अपनी ऐसी ही एक तकरीर में मौलाना आजाद ने मुसलमानों को खिताब करते हुए कहा, मेरा अकीदा है कि हिंदुस्तान में हिंदुस्तान के मुसलमान अपने बेहतरीन फर्ज.तब तक अदा नहीं कर सकते, जब तक वे इस्लाम के आदेशों के मुताबिक हिंदुस्तान के हिंदुओं से पूरी सच्चाई के साथ एकता और इत्तेफाक न कर लें।

आजादी के आंदोलन में भागीदारी की वजह से साल 1916 में पहली बार मौलाना आजाद की नजरबंदी हुई और उसके बाद साल 1945 तक आते-आते वे छह बार और जेल की सलाखों के पीछे भेजे गए। दस साल का लंबा वक्फा उन्होंने जेल में बिताया, लेकिन उनकी वतनपरस्ती में कोई कमी नहीं आई। मुल्क के लिए किसी भी तरह की कुबार्नी देने के लिए वो हमेशा पेश-पेश रहे। मौलाना आजाद, मजहब के नाम पर अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली हर गतिविधि के मुखालिफ थे। राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान साम्प्रदायिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए उन्होंने मुस्लिम लीग से जुड़े कई मुस्लिम सियासतदानों की खुलकर आलोचना की। जाहिर है अपनी राजनीतिक आस्थाओं तथा विचारों के चलते उन्हें मुसलमानों के एक बड़े तबके का विरोध भी झेलना पड़ा। बावजूद इसके उन्होने महात्मा गांधी और कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। मौलाना आजाद ने नमक सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा, असहयोग, स्वदेशी, खिलाफत और भारत छोड़ो जैसे सभी बड़े आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। क्रिप्स मिशन, शिमला कांफ्रेंस, केबिनेट मिशन, माउंटबेटन मिशन और अस्थायी सरकार यानी जब भी किसी निर्णायक मोड़ या मरहले पर कांग्रेस को उनकी जरूरत पड़ी, वे सबसे आगे खड़े रहे। साल 1923 में वे कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष चुने गए। आजादी का आंदोलन जब निर्णायक स्थिति में था, उस वक़्त यानी साल 1940 से 1945 के दरमियान भी मौलाना आजाद के पास ही कांग्रेस की बागडोर थी। साल 1946 में जब मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना ने बंटवारे की मांग तेज की, तो मौलाना आजाद इसके खिलाफ डटकर खड़े हो गए। वे बंटवारे के घोर विरोधी थे। उनका मानना था कि हिंदू और मुसलमान दोनों भाई-भाई हैं, लिहाजा मजहब के नाम पर देश के बंटवारे की कोई जरूरत नहीं। 14 जून 1947 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में मौलाना आजाद ने अपनी तकरीर में कहा, कार्यसमिति जिस फैसले पर पहुंची है, वह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति का नतीजा है। विभाजन भारत के लिए एक ट्रैजेडी है, इसके पक्ष में सिर्फ.एक बात कही जा सकती है कि हमने बंटवारे को टालने की बहुत कोशिश की है, लेकिन हम असफल रहे। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मुल्क एक है और इसका सांस्कृतिक जीवन एक है और एक रहेगा। राजनीतिक रूप से हम असफल हुए हैं और इसलिए देश को बांट रहे हैं। हमें अपनी पराजय स्वीकार करनी चाहिए लेकिन इसी समय हमें यह भी आश्वासन देना चाहिए कि हमारी संस्कृति विभाजित न होने पाए। उनकी लाख कोशिशों के बावजूद भारत का बंटवारा हो गया। बहुत से मुस्लिम लीडर बंटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए, लेकिन मौलाना आजाद ने भारत में ही रहना मंजूर किया।

मौलाना आजाद साल 1952 और 1957 के आम चुनाव में लोकसभा के लिए चुने गए। आजादी के बाद उन्होंने पंडित नेहरू के नजदीकी सलाहकार के तौर पर काम किया। राष्ट्रीय नीतियों को बनाने में मौलाना आजाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने देश में शिक्षा के अलावा सांस्कृतिक नीतियों की भी नींव रखी। चित्रकला, मूर्तिकला और साहित्य के विकास के लिए मौलाना आजाद ने ललित कला अकादेमी, संगीत नाटक अकादेमी और साहित्य अकादेमी की स्थापना की। उन्होंने साल 1950 में इंडियन काउंसिल फोर कल्चरल रिलेशंस की स्थापना की, जिसका मुख्य काम दीगर देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बनाना और बढ़ाना था। मौलाना आजाद राष्ट्रीय एकता की एक अनूठी मिसाल थे।

भारतीय संविधान में धर्म निरपेक्षता, धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांतों को जुड़वाने में उनकी अहम भूमिका रही। मौलाना आजाद शिक्षा को समाज के बदलने का एक बड़ा माध्यम मानते थे। मौलाना आजाद ने स्वतंत्र भारत में शिक्षा का आधुनिक ढांचा खड़ा किया। राष्ट्रीय शिक्षा का मसौदा पेश करते हुए उन्होंने कहा था, शिक्षा की दुनिया में संकीर्ण एवं सीमित देश-प्रेम बेमानी है। मौलाना आजाद के कार्यकाल में ही साल 1948 में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की कायमगी हुई। वो वैज्ञानिक और तकनीकी तालीम के बड़े हामी थे। मुल्क में जादवपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, खड़गपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण संस्थान उन्हीं की कोशिशों का नतीजा हैं। मौलाना आजाद जामिया मिलिया इस्लामिया जैसी आला दर्जे की यूनिवर्सिटी के संस्थापक सदस्य रहे, तो वहीं अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का आधुनिक चेहरा भी उन्ही की कोशिशों से मुमकिन हुआ। पहले मुल्क की आजादी और फिर उसके बाद जदीद हिंदुस्तान की तामीर, इन दोनों ही शोबों में मौलाना आजाद ने जो किरदार–अदा किया है,उसे कोई कैसे नजर-अंदाज कर सकता है ?

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944 )**

## व्यंग्य



# अच्छे दिनों की उम्मीद में चौधरी साहब

**अनूपमणि त्रिपाठी**

किसी गांव में एक चौधरी साहब रहते थे। तो उसी गांव में राय साहब भी रहते थे। चौधरी साहब के पास सौ बकरियां थीं और राय साहब के पास पच्चीस। इन दोनों के बराबर गांव में किसी तीसरे की कोई हैसियत नहीं थी। दोनों कहीं मिलते तो दुआ सलाम होता। एक दूसरे के हाल-चाल लेते-देते। सब कुछ ठीक ही चल रहा था, मगर एक दिन क्या हुआ चौधरी साहब राय साहब को शक की निगाह से देखने लगे। धीरे-धीरे उनका शक घृणा की सूरत में बदलने लगा। ऐसे कैसे हुआ , तो गांव में कुछ लोगों का कहना था कि चौधरी साहब के सगे-संबंधियों ने ही उनके कान भर दिए हैं। उनका यह विचार था कि राय साहब के पास भी बकरियां हैं, तो वे चौधरी साहब की उतनी इज्जत नहीं करते,जितनी गांव के बाकी लोग करते हैं। राय साहब चौधरी साहब को दिल से नहीं मानते हैं। वो मानने का ढोंग करते हैं। दूसरे, राय साहब की बकरियां चौधरी साहब की बकरियों की अपेक्षा ज्यादा बच्चे बियातीं हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा,तो वो दिन दूर नहीं कि इस गांव में राय साहब का रुतबा होगा! इस तरह की बातें चौधरी साहब के कानों में डाली गईं। वहीं कुछ लोग इस बात से सहमति नहीं रखते थे। उनके अनुसार जब से गांव में सत्संग हुआ है, तभी से चौधरी साहब की नजर बदली है। सत्संग वाले ने ही कुछ समझाया-बुझाया है। सत्संग वाले ने चौधरी साहब को यह कहकर भड़काया है कि राय साहब इस गांव के नहीं हैं। उनके पुरखे बाहर से आकर बसे थे। वे गांव के सगे हो ही नहीं सकते।

अब कारण जो भी हो,मगर यह बात गांव वालों ने महसूस की कि चौधरी का मन राय साहब के प्रति खट्टा हो गया।

बहरहाल,अब मामला यह था कि चौधरी साहब राय साहब को नीचा दिखाने की तरह तरह से तरकीबें भिड़ाते। राय साहब कहीं मिल जाते तो उनसे कन्नी काट जाते। जिस रात चौधरी साहब राय साहब की बकरियों को लेकर कुछ ज्यादा ही चिंतित थे,संजोग से उसी रात गांव में बाघ आया और राय साहब की एक बकरी उठा ले गया। सुबह यह खबर जंगल की आग की तरह फैली। यह खबर सुनते ही चौधरी साहब के मुंह से जो पहला शब्द निकला वह था,'चौबीस!'

इस घटना के बाद चौधरी साहब की खुशी का ठिकाना न रहा। अगर उनका बस चलता तो पूरे गांव में मिठाई बंटवा देते। उस दिन उनसे जो भी मिलने आया भर पेट नाश्ता करके ही गया।

कुछ दिन बाद फिर सब सामान्य हो गया। गांव में उत्तेजना और चौधरी साहब की खुशी खत्म-सी हो गई। अभी चौधरी साहब बेचैन होते ही कि बाघ राय साहब की एक बकरी को फिर उठा ले गया।

'अब बची तेईस!' यह बोलते ही चौधरी साहब के बदन में खुशी की लहर दौड़ गई। उनको इतनी खुश मिली कि जिसका कोई जवाब नहीं! चौधरी साहब ने महसूस किया कि यह खुशी कुछ अलग ही टाइप की खुशी है। ऐसी खुशी उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं की थी। और इधर राय साहब ने बकरियों की रखवाली बढ़ा दी। रात को वे पहरेदारी करने लगे। मगर बाघ उनसे ज्यादा चतुर निकला। इस बार उसने दिन में ही घात लगाई और एक बकरी को उठा ले गया। अब राय साहब के लिए असहनीय था। वह सीधे पहुंचे चौधरी साहब के पास। बोले,'चौधरी साहब आप अपनी बंदूक कुछ दिनों के लिए हमें दे दें!या हम दोनों साथ में पहरेदारी करें!'

जाहिर था,चौधरी साहब क्यों देने लगे! चौधरी साहब ने यह बात एक सिरे से नकार दी। राय साहब ने समझाया,'देखिए बाघ को तो बकरियों से मतलब है! आज मेरी गई तो कल आपकी भी जा सकती है! मान लो,कल को मेरी सारी बकरियां खत्म हो जाएं फिर वह आपकी बकरियों को निशाना बनाएगा!' राय साहब ने फिर अपने पुराने संबंधों की दुहाई दी। गांव की भलाई का वास्ता भी दिया। मगर चौधरी साहब ने बंदूक की जगह ठेंगा दिखाया। राय साहब मिमियाते हुए चले गए।

कुछ दिनों बाद बाघ फिर आया। उसने एक बकरी को फिर शिकार बनाया। मगर इस बार फर्क यह था कि इस बार बकरी चौधरी साहब की थी। गांव के कई लोग जब चौधरी साहब के पास मातमपुर्सी के लिए आए तो देखा कि चौधरी साहब के चेहरे पर कोई शिकन तक नहीं।

फिर कुछ दिन सामान्य रहा। चौधरी साहब की एक बकरी और कम हो गई। बाघ ने अपना काम कर दिया। मातमपुर्सी के वक्त एक गांव वाला बोला,'चौधरी साहब यह तो बड़ा नुकसान हो गया! आपके पास अब अट्ठानवे बकरियां बचीं। चौधरी साहब रौ में बोले,' राय साहब की तो बाइस ही बचीं!'

दिन बीतते गए।

एक दिन चौधरी साहब अपने खेतों से आ रहे थे। उन्होंने देखा कि बाघ उनके दुआरे खड़ा है। संजोग से उस दिन उनके पास बंदूक भी थी। उन्होंने निशाना साधा। ट्रिगर दबाने ही वाले थे कि उनके मन ने कहा,'क्या कर रहा है पगले! इसी ने तो राय साहब की तीन बकरियों को मारा है! और तू इसे मारेगा! आज नहीं तो कल ये उसकी बची हुई बकरियों को भी खाएगा!' चौधरी साहब ठिठक गए। उन्हें कुछ ही पलों में चुनाव करना था। बाघ के लिए इतना वक्त काफी था। वह अपना काम कर गया। साथ अपने एक बकरी को ले गया।

चौधरी साहब ने इस घटना के बारे में किसी से नहीं कहा।

उस दिन के बाद से चौधरी साहब बाघ की प्रतीक्षा करते। एक दिन उनकी प्रतीक्षा खत्म हुई। बाघ आया तो जरूर,मगर इस बार भी चौधरी साहब की बकरी को ले गया।

इस दुख की घड़ी में कुछ गांव वालों ने चौधरी साहब को बंदूक की याद दिलाई, तो चौधरी साहब ने उनको मन ही मन गद्दार मान लिया।

चौधरी साहब जब बाघ के नाम से राय साहब के चहेरे पर दहशत देखते,तो बाघ से उनकी रही-सही शिकायत भी दूर हो जाती। बकरे की अम्मा आखिर कब तक खैर मनाएगी!आज नहीं तो कल बाघ राय साहब की बकरियों को अपना निवाला जरूर बनाएगा! इधर चौधरी साहब उम्मीद से थे तो उधर बाघ का एक नियम सा बन गया था। कुछ दिनों के बाद बाघ आता और बकरी ले जाता।

आज बाघ ने चौधरी साहब की बकरी को फिर शिकार बनाया।

उसी रात दो गांव वाले बातें कर रहे थे;

क्यों! चौधरी साहब के पास अब कितनी बकरियां बचीं!

बयासी हैं अभी!

चौधरी साहब को तो बहुत दुख होता होगा!

नहीं रे!

क्या बात कर रहा!

सही कह रहा हूं!अभी उनको दुख होगा भी नहीं!

क्यों!

क्योंकि चौधरी साहब बाईस के बाद गिनती भूल गए हैं!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# दवा लेकर घर जा रही महिला की मार्ग दुर्घटना में मौत

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** गुरुवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरा यूनियन बैंक के समीप एनएच 233 पर मोटरसाइकिल से गाड़ी ओवरटेक करने के चलते एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी।

अम्बेडकर नगर जनपद के ग्राम अरुषा निवासी इसराइल पुत्र मकसूद मोटर साइकिल से अतरौलिया स्थित अस्पताल में आंख का इलाज कराने अपनी पड़ोसी कमलदानी 55 वर्ष पत्नी रामजतन को लेकर आया हुआ था। इलाज के उपरान्त घर वापस जा रहा था कि लोहरा यूनियन बैंक के समीप टैंपू और डंपर को ओवरटेक करने लगा उसी समय अज्ञात डंपर से टक्कर लगने के कारण दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये।


रोते बिलखते मृतका के परिजन

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अतरौलिया थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां कमलदानी पत्नी रामजतन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही इसराइल पुत्र मकसूद जो गंभीर रूप से घायल है उसका इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतका कमलदानी के परिजनों को सूचना दे दी गई। मृतका के पास तीन लड़की और दो लड़के हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## स्वच्छ भारत मिशन में लापरवाही अक्षम्यः एसडीएम

**माहुल (आजमगढ़)।** एसडीएम फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार का साफ सफाई के प्रति लापरवाही पर प्रहार लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को सुबह माहुल नगर पंचायत में साफ सफाई का सच जानने पहुंच गए। सारे कर्मियों को सफाई करता देख उनके पेच कसने के साथ ही साथ नागरिकों से बात करते हुए यह भी कहा की लापरवाही पर तुरंत शिकायत करें। उपजिलाधिकारी फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार द्वारा बुधवार को माहुल नगर पंचायत में साफ सफाई का किये गये औचक निरीक्षण में तमाम खामियां मिली। यही नहीं 14 सफाई कर्मियों की जगह मात्र दो ही कर्मी मौजूद थे। वही गुरुवार के निरीक्षण में सारे सफाई कर्मी साफ सफाई करते पाए गये थे। नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी भी कूड़ा उठाते नजर आई। उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि स्वच्छ भारत मिशन में लापरवाही अक्षम्य है। यही नहीं उन्होंने नागरिकों से बात भी किया और कहा कि यदि कही भी प्रकार की गंदगी या साफ सफाई में लापरवाही दिखाई दे तो वे जरूर उन्हे सूचित करें।

# मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे


जहानागंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना जहानागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

जहानागंज थाना क्षेत्र के सुम्भी बाजार निवासी धर्मेन्द्र सोनी पुत्र विष्णुलाल सेठ उर्फ निबूलाल ने थाने पर सूचना दी कि पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को मेरे पड़ोसी राजकुमार पुत्र स्व. सहदेव सेठ, रामसागर सेठ पुत्र राजकुमार सेठ, राजसागर उर्फ राजू पुत्र राजकुमार सेठ, अभिषेक सोनी पुत्र रामसागर सेठ निवासीगण सुम्भी मेरे घर पर आकर मुझे व मेरी बहन तथा मेरे भाई अरविन्द सोनी को ईंट पत्थर व लाठी डंडे से मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी भी दिये। मारपीट में घायल अरविन्द सोनी का जिला अस्पताल में अभी ईलाज चल रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। गुरूवार को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त राम सागर पुत्र राजकुमार सेठ निवासी सुम्भी थाना जहानागंज को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# किशोरी को भगाने में एक गिरफ्तार


बरदह थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना बरदह थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साजिश कर किशोरी को भगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बरदह थाना क्षेत्र निवासिनी एक महिला ने 27 जून को अभियुक्त द्वारा पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। गुरूवार को उपरोक्त मुकदमें से संबंधित अभियुक्त फिरतू उर्फ नरेन्द्र राजभर पुत्र स्व.जगरुप राजभर को उसके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मेरा लड़का अरविन्द राजभर एक लड़की को लेकर भाग गया है। मुझे मालूम है दोनो शादी कर लेंगे। अपहता की बरामदगी हेतु कहा गया तो उसने बताया कि दोनो चले गये हैं हमसे बात होती है कहते हैं कि हम दोनो शादी कर लिए हैं। समय मिलेगा तो मै आउंगा। अपहता को भगाने में फिरतू पुत्र स्व.जगरुप की संलिप्तता पाये जाने पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 120बी भादवि की बढोत्तरी करते हुए कारण गिरफ्तारी बता कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## फुटबाल प्रतियोगिता हेतु मंडलीय चयन 21 को

**आजमगढ़।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी एके पाण्डेय ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के समन्वय से राज्य स्तरीय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 24 नवम्बर से एक दिसम्बर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बाराबंकी में एवं प्रदेशीय समन्वय सब-जूनियर बालक, बालिका जूडो प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 17 से 20 नवम्बर तक डा.सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जिला स्तरीय चयन, ट्रायल्स 21 नवम्बर को एवं मण्डल स्तरीय चयन, ट्रायल्स 22 नवम्बर को तथा सब-जूनियर बालक, बालिका जूडो प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ मण्डल की टीम का जनपदीय चयन, ट्रायल्स 14 नवम्बर एवं मण्डलीय चयन, ट्रायल्स 15 नवम्बर, को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में क्षेत्रीय खेल कार्यालय आजमगढ़ में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 9 नवम्बर को खण्ड विकास जहानागंज, में विधिक जागरूकता के माध्यम से नागरिकों का सशक्तीकरण अभियान के तहत मेगा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर नागरिकों के समस्या को सुना गया तथा निस्तारण किया गया। नालसा द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं आमजन के मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा केन्द्र राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिसके माध्यम से गरीब तथा


साक्षरता शिविर में लोगों को जागरूक करते अधिकारी

कमजोर वर्ग लोगों को व महिलाओं को न्यायालय में चल रहे वादों में निःशुल्क अधिवक्ता दिया जाता है। वैवाहिक वादों में प्री-लिटिगेशन के लाभ के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर घरेलू हिंसा, शराब आदि सामाजिक बुराईयों से दूर रहने को कहा गया। अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत द्वारा मध्यस्थता एवं स्थायी लोक अदालत के सन्दर्भ में लाभों के बारे में जागरूक किया गया। जिला कारागार में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बन्दियों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण तथा शिविर में उपस्थित महिलाये बच्चें, वरिष्ठ नागरिक एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### गहमागहमी के बीच शुरू हुई पोखरी की नीलामी प्रक्रिया



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील पर गुरूवार को पोखरी नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे रहे। गुरूवार को एक से लेकर दस नंबर तक की नीलामी हुई। सगड़ी तहसील पर गुरूवार को पोखरी नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई जिसमें 93 गांव की पोखरी नीलामी प्रक्रिया के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तहसील पर जुटे रहे। वहीं नीलामी के नियमानुसार सभी ने अपने-अपने आवेदन किए। देर शाम को एक नंबर से लेकर 10 नंबर तक के गांव की पोखरी की नीलामी की गई जिनमें मुख्य रूप से बाग सुलेमान, नगवा बेनी, कुआसाथ, दानावाखाल, जमीलपुर, अंजान शहीद, रुपयनपुर गांव शामिल रहा। नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार विनय प्रभाकर ने बताया कि शेष बचे पोखरों की नीलामी गुरुवार को की जाएगी।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

**आजमगढ़।** दि आर्य विद्या सभा आजमगढ़ के मंत्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट ने बताया कि दि आर्य विद्या सभा आजमगढ़ की प्रबंध कारिणी समिति, डीएवी इंटर कालेज व डीएवी पीजी कालेज आजमगढ़ की प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों, पदाधिकारियों तथा सांगवेद महाविद्यालय हनुमानगढ़ी की प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों तथा प्रधानाचार्य, प्राचार्य एवं अन्य सुधिजन को इस दुख के साथ सूचित किया जाता है कि डा.श्रीनाथ सहाय का आकस्मिक निधन 4 नवम्बर की रात्रि हो गया। उन्होंने बताया कि 11 नवम्बर शुक्रवार को सायं 5.30 बजे संस्था के कार्यालय 184 रैदोपुर कालीचैरा आजमगढ़ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि सुमन अर्पित कर पुण्य दिवंगतात्मा की शांति एवं सद्गति हेतु ईश्वर से प्रार्थना में अपनी सहभागिता प्रदान करने की अपेक्षा की है।

### पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक लखनऊ में देंगे धरना

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को हुई। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने राजेन्द्र यादव को संघ का जिला कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रसन्नता जताई। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 15 नवम्बर को लखनऊ के ईको गार्डेन पार्क में धरना प्रदर्शन पर चर्चा हुई जिसमे 50 शिक्षकों की ब्लाक से भागीदारी का निर्णय हुआ। इस दौरान कृपाशंकर राय, सुरेन्द्र यादव, आयशा खान, आनंद सिंह, रामप्रकाश, सुधा पांडेय, राकेश सिंह, गुलाब यादव, लक्ष्मीकांत मिश्रा, सच्चिदानंद आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दी गयी चने की मिनी किट



**आजमगढ़।** कृषि भवन सिधारी में गुरुवार को जनपद के किसानों को चने के मिनी किट का वितरण किया गया। जिला कृषि अधिकारी डा.गगन दीप सिंह ने बताया कि चने के मिनी किट भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा है कि जनपद के कृषक गेहूं के साथ-साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलो की भी अपने खेतों में खेती करें, जिससे किसानों के स्वास्थ्य के साथ-साथ किसानों की आमदनी भी दोगुनी हो सके। संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों को सुझाव दिया कि किसान किसी भी फसल की बुवाई करते समय लाइन से बुवाई करें। इससे फसल की उत्पादकता बढ़ती है। इस अवसर पर ध्रुव सिंह एवं संयुक्त कृषि निदेशक अशोक तिवारी, भूमि संरक्षण अधिकारी सत्येंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### सेंट जेवियर्स के दो छात्रों का एमबीबीएस में हुआ चयन

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर स्थित सेंट जेवियरर्स विद्यालय पर दो छात्रों के एमबीबीएस में पहले ही प्रयास में सफल होने पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। कीर्तिका राज पुत्री संजय कुमार ने नीट में 4690 रैंक पाकर पहले ही प्रयास में गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज कानपुर में चयन हुआ। कृतिका के चयन से उसके पिता मालटारी इंटर कॉलेज में अध्यापक के पद पर कार्यरत संजय कुमार व उनकी माता अध्यापिका रंजना देवी ने उनको मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। विदित हो कृतिका सेंट जेवियर जीयनपुर विद्यालय की छात्रा रही है जिसने हाई स्कूल में 96 प्रतिशत व इंटर में 94 प्रतिशत अंक लाकर परिवार व कालेज का नाम रोशन किया था वही सेंट जेवियर्स विद्यालय के छात्र देवीदयाल मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्रा ने भी एमबीबीएस में पहले ही प्रयास में गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ इन्होने हाई स्कूल में 90.8 व इंटर में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। नीट 2022 की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हुए और पहले ही प्रयास में एमबीबीएस में चयन हुआ जिससे परिवार व विद्यालय में खुशी का माहौल है सेंट जेवियर्स विद्यालय जीयनपुर पर देवी दयाल मिश्रा को मिठाई खिलाकर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय राय व शिक्षकों ने खुशी का इजहार किया। वहीं डायरेक्टर संजय पाठक ने चयनित छात्रों को बधाई दी।



### गुमशुदा पिता को तीस साल से ढूंढ़ रहा पुत्र



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के बनकटिया गांव निवासी एक युवक 30 साल से घर से गायब पिता को ढूंढने के लिए दर-दर गुहार लगा रहा है। उक्त गांव निवासी देवेंद्र पुत्र रमाशंकर ने बताया कि वर्ष 1980 से उसके पिता रमाशंकर घर से फरार हो गये। परिजनों ने उन्हें बहुत दिनों तक स्थानीय व बाहरी जगहों पर ढूंढा लेकिन कहीं पता नहीं चला। उस समय उनके छोटे पुत्र बड़ा होने पर अपने पिता को ढूंढने के लिए रौनापार थाना से लेकर सगड़ी तहसील पर प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगायी। वहीं पुत्र ने बताया कि पूर्व में भी पिता घर से फरार हुए थे। 8 वर्ष बाद कमाकर घर लौटे किंतु इस बार 30 वर्ष से घर से गायब होने पर वापस नहीं आये। बड़ा होने पर अपने पिता को ढूंढने की कड़ी मशक्कत की। नहीं मिलने पर थाना से लेकर तहसील पर गायब पिता की सूचना देकर गुहार लगा रहा हूं।

# डीएम ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज से सम्बद्ध अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध अस्पताल के ओपीडी, पर्ची काउन्टर एवं मरीजों के प्रतीक्षालय कक्ष तथा जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध अस्पताल में फामेर्सी, दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण कर दवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उन्होने अस्पताल के इमरजेन्सी वार्ड का निरीक्षण किया एवं भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनके बिमारी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर संस्तुष्टि व्यक्त किया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग के ओपीडी का निरीक्षण किया गया। उन्होने आईसीयू, ओटी


अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

कम्पेक्स आदि का निरीक्षण किया एवं उपलब्ध संसाधनों तथा साफ-सफाई पर संस्तुष्टि व्यक्त किया। उन्होने आयुष्मान योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया एवं आयुष्मान योजना को बड़े पैमाने पर प्रसारित करते हुए लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा डेंगू वार्ड, आक्सीजन प्लान्ट का निरीक्षण किया गया एवं रैना बसेरा को पूर्ण रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेजएवं डॉ.दीपक पाण्डेय, डॉ.आनन्द सिंह, डॉ.अमित पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्काउट गाइडों को दिया गया प्रशिक्षण

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** अमजद अली इंटरमीडिएट कॉलेज मोहम्मदपुर में स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य अब्दुल राजिक द्वारा किया गया। प्रशिक्षण डॉ. जयंत कुमार पांडेय, मोहम्मद सादिक और गोविंदा चैहान द्वारा दिया गया। जयंत कुमार पांडेय ने बताया कि स्काउट एक ऐसा विधा है जो हमें विपरीत परिस्थितियों में जीने का सहारा देता है। स्काउट समाज के अंतिम पायदान के लोगों की सेवा का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का निर्देशन आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया। स्काउट प्रभारी जफर आलम और गाइड प्रभारी मिठाई लाल यादव ने स्काउट और गाइड को अच्छी शिक्षा देने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि स्काउट, गाइड को अपने जीवन में अनुशासन का पालन आवश्यक है। अगर हम अनुशासन को अपने जीवन में अपना लें तो हमारा जीवन सफल हो जाता है। प्रशिक्षण में लगभग ढाई सौ छात्र, छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित चार अभियुक्तों को दबोचा


निजामाबाद थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना निजामाबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते नौ नवम्बर को प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार यादव द्वारा थाना स्थानीय पर अभियुक्तों राम नरायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी खतीरपुर थाना निजामाबाद, राजन प्रकाश उर्फ राजू जायसवाल पुत्र विजय कुमार जायसवाल निवासी खतीरपुर, के विरूद्ध गैगेस्टर एक्ट तथा अमान उल्लाह पुत्र तौफीक, मो. अहमद पुत्र तौफीक, अशरफ पुत्र स्व.अब्दुल्ला निवासीगण फरिहा थाना निजामाबाद एवं एजाज अहमद पुत्र इरशाद, रहमान पुत्र स्व.तकी निवासीगण परसहां थाना निजामाबाद के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार यादव ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्तों राम नरायन सिंह पुत्र विश्राम सिंह, राजन प्रकाश उर्फ राजू जायसवाल पुत्र विजय कुमार जायसवाल निवासीगण खतीरपुर थाना निजामाबाद को रानी की सराय बाईपास मोड़ से गिरफ्तार किया। साथ ही दो नफर अभियुक्तो एजाज अहमद पुत्र इरशाद व रहमान पुत्र स्व. तकी निवासी परसहां थाना निजामाबाद को फरीदाबद मोड़ से गिरफ्तार कर सभी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

# एसडीएम ने दुकानों पर की छापेमारी, लगाया जुर्माना



**संजरपुर (आजमगढ़)।** नगर पंचायत सरायमीर में गुरुवार की देर शाम एसडीएम निजामाबाद रवि कुमार ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध एक दर्जन दुकानों पर छापेमारी कर 25 किलो प्लास्टिक की थैली बरामद कर जब्त किया। दुकानदारों के ऊपर 15 हजार का जुमार्ना लगाया। गुरुवार को नगर पंचायत सरायमीर के पुलिस बूथ, भेली मंडी व सब्जी मण्डी में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी। इस संबंध में सरायमीर नगर पंचायत के इओ प्रहलाद पांडेय ने बताया कि 15 किलो प्लास्टिक की थैली जप्त किया गया और लोगों को जुमार्ना लगाया गया। कुछ लोगों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। एसडीएम के चेकिंग अभियान से सरायमीर की कई दुकानें धड़ाधड़ बंद होने लगी। दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# सड़क सुरक्षा को एक मिशन के रूप में विषय बनाना होगा

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विश्व परिवहन दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की प्रेरणा से नेशनल बुक ट्रस्ट के रचनात्मक सहयोग से पर्यावरण विभाग तथा परिवहन विभाग के सहयोग से आयोजित 23 वें आजमगढ़ पुस्तक मेले में सड़क सुरक्षा नारा नहीं जीवन जीने का तरीका है विषय पर पर विमर्श एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रभूषण ने कहा कि व्यक्ति का जीवन उसके माता-पिता तथा परिवार के लिए अनमोल है। सड़क पर वाहन चलाते हुए थोड़ी सी जल्दवाजी के कारण या तो हम दूसरे की जान लेते है या अपनी ही जान गंवा देते हैं। हमें अपने तथा अपनों के जीवन के महत्व को समझते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा कोई नारा नहीं बल्कि


गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए वक्ता

एक संस्कार है अतः इसे हमें अपने तथा अपने बच्चों के जीवन में संस्कार के रूप में रोपित करना होगा। तभी हमारी जिंदगी सड़क पर महफूज होगी।

उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पहले आप की संस्कृति का हमेशा से पालन करती रही है यदि हम सड़क पर इसे व्यवहार के रूप में जिये तो जाहिर है सड़क दुर्घटना से निजात मिलेगी। अध्यक्षता करते हुए शिब्ली संस्थान के अध्यक्ष श्री मिर्जा महफूजुर्रहमान वेग ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से यातायात शिक्षा को समाज के बड़े हिस्से तक पहुचाने का कार्य करना चाहिए तभी दुर्घटनामुक्त आजमगढ़ का सपना साकार होगा। जब समाज का हर वर्ग जागरूक होगा निश्चित ही सड़क दुर्घटना से निजात मिलेगी। इस अवसर पर शिब्ली डिग्री कालेज के प्राचार्य अली अफसर जाफरी, सलमान अंसारी और शिब्ली इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जैद नूरुल्लाह, अनिल राय, मानवेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बसीरहा में बाइक सवार व साइकिल सवार की आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें साइकिल सवार अंसार पुत्र अलाऊ को जहां हल्की चोटें आई वहीं बाइक सवार राशिद पुत्र मोहीम को गंभीर चोट लगी। गोसाई की बाजार निवासी साइकिल सवार अंसार पुत्र अलाऊ बेलऊ की तरफ से आ रहा था वहीं रामपुर रानीपुर रजमो निवासी बाइक सवार राशिद पुत्र मोहिम गंभीरपुर से बेलऊ की तरफ जा रहा था।
बसीरहा के पास बाइक सवार व साइकिल सवार की आमने सामने टक्कर हो गई और दोनों सड़क किनारे गिर पड़े। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल राशिद को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य मोहम्मदपुर ले गई जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं साइकिल सवार अंसार को हल्की फुल्की चोट आयी।

# किसानों को दी गयी मशरूम उत्पादन की जानकारी



महिला कृषकों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक

**आजमगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र कोटवा में गुरुवार को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकी पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ मुख्य अतिथि मंजुला वाधवा, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ उपस्थित रहीं। मंजुला वाधवा ने केवीके द्वारा एग्रोज महिला किसान उत्पादन संगठन के सदस्यों को मशरूम उत्पादन और मूल्य संवर्धन के प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बताया। जिला विकास प्रबंधक आरिफ खान ने मशरूम के पोषकीय और औषधीय गुणों की चर्चा करते हुए उद्यमिता स्थापित करने में नाबार्ड की भूमिका को बताया। प्रशिक्षण समन्वयक डा. रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिलाएं मशरूम उत्पादन करके अच्छे स्वास्थ्य व स्वस्थ पर्यावरण के साथ ही अपनी आय में वृद्धि कर परिवार का सहयोग कर सकती हैं। उन्होंने धान की कटाई के उपरांत पराली प्रबंधन हेतु भी मशरूम की खेती को उत्तम बताया। केवीके के प्रभारी अधिकारी प्रोफेसर डीके सिंह ने मशरूम को सुपर फूड बताया और महिलाओं एवं बच्चों के लिए मशरूम को आवश्यक बताया। मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में उद्यमिता स्थापित कर चुके मशरूम उत्पादक आदित्य मौर्य व मृत्युंजय चैहान ने ओएस्टर व मिल्की मशरूम उत्पादन की व्यवहारिक जानकारी दी तथा मशरूम आधारित कई उत्पादों को दिखाया गया। प्रशिक्षण में 42 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया।

# विंध्याचल अस्पताल के कुआँ में डूबकर दो दोस्तों की मौत

**दुखद**

**नशे की हालत में लड़खड़ा कर कुआँ में गिरने से हुआ हादसा**

**पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुटी**

**जनसंदेश न्यूज**



**मीरजापुर।** विंध्याचल प्राथमिक अस्पताल के कुआँ में बुधवार की रात करीब 10 बजे दो दोस्त गिर गए। उनके गिरने की जानकारी पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने रेस्क्यू कर उन्हें निकाला। स्थानीय अस्पताल से मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में विंध्याचल थाना क्षेत्र के बंगाली चौराहा निवासी मिथुन 20 वर्ष और घमहापुर निवासी जितेंद्र 18 वर्ष दोनों दोस्त बताये गए हैं। पुलिस शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। विंध्याचल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के मुख्य द्वार के बगल में स्थित प्राचीन कुंआ है। जिस पर दो दोस्तों को बैठकर तफरीह करना महंगा पड़ गया। सुनसान इलाके की तलाशने की कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। चर्चा है कि दोनों युवकों ने नशीला पदार्थ का सेवन किया था। इसी दौरान दोनों असंतुलित होकर कुए के अंदर गिर गए। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पहुंची पुलिस ने कुए में पानी देख फायर ब्रिगेड को सूचित किया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने रेस्क्यू किया। दोनों युवकों को बाहर निकाल कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। उनकी हालत देखते हुए चिकित्सक ने मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

दोनों को एंबुलेंस से भेजा गया। मंडलीय अस्पताल में युवकों का परीक्षण करने के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर भीड़ उमड़ पड़ी थी। हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी प्रभात राय ने बताया कि असंतुलित होकर कुंआ में गिरने से दो युवकों की मौत हुई है। जिनका शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निलंबित एएनएम पर प्रसूता के पति ने 1200 रूपए लेने का लगाया आरोप

**हलिया।** विकास खंड के नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज में प्रसूता के पति से 12 सौ रुपए सुविधा शुल्क लेने का मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र के गलरा गांव निवासी राम दयाल वर्मा की पत्नी सोनकली को बुधवार की देर रात प्रसवपीड़ा शुरू हो गई परिजन एंबुलेंस सेवा से प्रसव हेतु नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ड्रमंडगंज ले गए जहां देर रात तीन बजे के करीब एएनएम रिंकी देवी ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। दूसरे दिन सुबह प्रसूता के पति रामदयाल वर्मा ने ठेले पर प्रसव मामले में निलंबित चल रही एएनएम हीरावती पर प्रसव का एक हजार रुपए और जननी सुरक्षा योजना का फार्म भरने का दो सौ अलग से लेने का आरोप लगाया। दूसरे दिन प्रसूता को परिजन आटो से लेकर घर चले गए। जबकि स्वास्थ्य कर्मियों को एंबुलेंस से भेजना चाहिए था। वहीं एएनएम हीरावती देवी ने बताया कि प्रसूता के पति ने खुशी जाहिर करते हुए एक हजार रुपए दिया था। दो सौ रूपए जननी सुरक्षा योजना का फार्म जमा करते समय एआरओ को देना पड़ता है। इसलिए प्रसूता के पति से लिया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 कामेश्वर तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी नही है आरोपों की जांच की जाएगी।

## चोरों पर मेहरबान पुलिस नहीं रुक रही चोरी

**घटना**

**दस हजार समेत सोने चांदी के आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ**

**हौसला बुलंद चोरों का बोल बाला**

**जनसंदेश न्यूज**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव में दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर बाक्स में रखा दस हजार रुपए तथा सोने चांदी के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चोर बाइक से फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए।

दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पीड़ित ने ड्रमंडगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में लालमणि चौरसिया ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र के अमहा गांव में रामजनक चौरसिया के घर की पुताई और पेंटिंग करने के लिए गया हुआ था, पत्नी भी घर में ताला बंद कर धान की कटाई करने के लिए गई हुई थी। घर सूनसान देखकर बुधवार दोपहर में अपाची बाइक से आए दो अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड़कर भीतर घुस गए और भीतर रखे बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा दस हजार रुपए नकद, नौ चांदी का लच्छा, 6 ग्राम का सोने की लाकेट, 27 भर चांदी की पेटी, उठा ले गए।

घर पर आने पर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। भीतर जाकर देखा तो बाक्स का भी ताला टूटा हुआ था और उसमें रखा दस हजार रुपए नकद और सोने चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## कछवां भटौली पुल से होते हुये खाली ट्रक आने के लिये दी गयी अनुमति

**निर्देश**

**ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने लिया निर्णय**

**ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन द्वारा व्यक्त की गयी सहमति**

**रात्रि 11 बजे से पूर्वाह्न 05 बजे तक खाली वाहन लाने हेतु अनुमन्य**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** शास्त्री ब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन के रोक लगाने के पश्चात ट्रांसपोर्टरों की सहमति पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा भटौली पुल होते हुये खाली ट्रक/वाहन मीरजापुर की तरफ लाने की अनुमति प्रदान की गयी। उक्त आशय की विस्तृत जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के दृष्टिगत ट्रांसपोर्टर एशोसिएशन एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर के साथ हुयी वार्ता के दौरान सहमति व्यक्त की गयी कि कछवां की तरफ से मीरजापुर आने के लिये भटौली पुल होते हुये रात्रि 11 बजे से पूर्वान्ह 05 बजे तक खाली ट्रक/वाहन लाने की अनुमति जिलाधिकारी द्वारा प्रदान की गयी हैं। उन्होने कहा कि यह अनुमति केवल एकल मार्ग कछवां की तरफ से मीरजापुर आने वाले वाहनों के लिये ही अनुमन्य की गयी हैं।

भटौली पुल से बहियाडाढ़ होते हुये गुरूसण्डी के रास्ते मीरजापुर खाली ट्रको लाया जा सकता हैं। उन्होने यह भी कहा कि मीरजापुर से कछवां की तरफ किसी प्रकार का भारी वाहन नही ले जाया जायेगा। यह आदेश 11 नवम्बर से प्रभावी होगा।

# जमीन विवाद में चली गोली, समझाने गए व्यक्ति की मौत

**विवाद**

**वारदात में दोनों पक्ष के 14 घायल**

**लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग में तीन को लगी गोली**

**जनसंदेश न्यूज**



घटना स्थल पर जांच करते एसपी



अस्पताल पर पूछताछ करते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के अघोली गाँव में विवादित जमीन को लेकर गुरुवार को दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान विनोद पांडेय के लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर किया गया। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने पहुंचे धर्मेंद्र 55 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार की शाम विवाद के बाद गोलबंद होकर दूसरे पक्ष ने गुरुवार की सुबह हमला कर दिया। हमले में दोनों पक्ष के 14 लोग घायल हुए है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया। एसपी ने गांव में पहुँच कर निरीक्षण किया। घटना की जानकारी परिजनों से ली। वारदात स्थल पर पहुंची पुलिस मामले की तहकीकात करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी है। गाँव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जाता है कि चार बीघा जमीन को एक पक्ष ने चाची से खरीदा था। जिसका विवाद न्यायालय में चल रहा है। इसी जमीन पर कचरा फेंकने को लेकर दोनों पक्ष में वाद विवाद शुरू हो गया। दोनों पक्ष से लोग लाठी डंडा लेकर आमने सामने आ गए। विनोद ने अपना लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल लिया। मौके पर पहुंच कर फायरिंग किया गया। जिससे कई लोग जख्मी हुए हैं। वारदात की जानकारी मिलते ही देहात कोतवाली पुलिस के साथ ही पुलिस बल पहुँच गया।

घायलों को मंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहा धर्मेंद्र पांडेय को मृत घोषित कर दिया गया। मारपीट में एक पक्ष के घायल देवेंद्र पांडेय 48 वर्ष, रमेश पांडेय 78 वर्ष, रमेश पांडेय की पत्नी सावित्री 75 वर्ष, ओमकार पांडेय उम्र 75 वर्ष, निरंकार पांडेय उम्र 63 वर्ष, विकास पांडेय 24 वर्ष का इलाज मंडलीय अस्पताल में कराया गया। जबकि वारदात को अंजाम देने वाले दूसरे पक्ष के लोग फरार हो गए।

पुलिस घायलों का उपचार कराने के साथ ही आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के बाद गांव को कोहराम मच गया। पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक के लड़की की शादी अगले वर्ष पड़ी है जिसकी तैयारी परिवार के लोग कर रहे थे। इसी बीच मौत हो गई।

# पेयजल, सीवरेज तथा पार्कों के निर्माण कार्य को तत्काल करायें पूर्ण



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते प्रमुख सचिव

**मीरजापुर।** सचिव नगर विकास उ0प्र0 शासन अनिल कुमार द्वारा गुरूवार अपने जनपद भ्रमण के दौरान नगर निकाय द्वारा संचालित नगर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न नगर पालिकाओं में कराये जाने वाले कार्यो एवं अन्य नगरीय विकास कार्यो के बारे में कलेक्ट्रेट में बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जल निकासी व्यवस्था के सम्बन्ध में उन्होने सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जल भराव वाले स्थानों को चिहिन्त कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। आवश्यकतानुसार पम्पसेट आदि का प्रयोग भी सुनिश्चित किया जाय।

उन्होने कहा कि जल भराव वाले स्थानों पर नियमित रूप से एन्टी लारवा का छिड़काव भी कराया जाय। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर द्वारा बताया गया कि बेहतर जल निकासी के लिये जल निगम द्वारा अमृत योजनान्तर्गत आई0एन0टी0सीवर लाइन से जोड़ा जा रहा हैं तथा जहां पर अतिरिक्त जल भराव हो रहा है वहां पर पम्पिंग सेट के माध्यम से निस्तारण किया जा रहा हैं। वर्तमान में एन्टी लारवा स्प्रे के छिड़काव के साथ विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग करायी जा रही हैं। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि नगर के समस्त क्षेत्रो में जलापूर्ति के शुद्धता की जांच हेतु जल के नमूने एकत्र कर उनका ओ0टी0 टेस्ट तथा वायरोंलॉजिकल, वैक्टीरियोलॉजिकल एवं केमिकल एनालिसिस काराया जाय। डब्लू0टी0पी0 पर जीवाणु रोधक क्लोरीनेशन की अतिरिक्त व्यवस्था करने तथा प्लांट्स के अवमुक्त अपशिष्ट जल को भी प्रवाहित करने से पूर्व हाइपर क्लोरीनेंशन से सघन संक्रमण कराया जाय। नगरीय क्षेत्रों में सीवर अथवा पानी की पाइप न हो इसकी भी सघन जांच करा ली जाय। नगरीय क्षेत्रों में सड़को को आवश्यकतानुसार पैचवर रिन्यूवल करके समयबद्ध ढंग से गड्ढा मुक्त किये जाने का भी निर्देश दिया गया। अमृत योजनान्तर्गत संचालित पेयजल सीवरेज तथा पार्क/ग्रीन स्पेस योजनाओं की भी जानकारी ली गयी। निर्देशित किया गया संचालित पेयजल योजना एवं सीवरेज के कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण कराया जाय। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद कुमार गुप्ता, चुनार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## अधिवक्ता पर हमले की निंदा

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार शुक्ला एडवोकेट के प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री शुक्ल अपने खेत से पानी की निकासी तालाब में कर रहे थे कि गांव के कुछ व्यक्ति मना कर मारपीट करने लगे। इस बात को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्यक्त है। प्रस्ताव पारित करते हुए उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा को अधिवक्ताओं ने पत्र देते हुए मांग किया कि समिति के सदस्य मनीष कुमार शुक्ला अपने खेत से पानी निकाल कर तालाब में ले जा रहे थे कि इसी बीच गांव के पूर्व प्रधान के लड़के मौके पर पहुंचकर पानी को रोक दिया और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जिस पर श्री शुक्ल के सहयोगी जो मौके पर पानी की निकासी कर रहे थे वह मनीष शुक्ला को सूचित किए। मनीष शुक्ला मौके पर पहुंचे तो विपक्षी गणों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ पड़े और मारा-पीटा। अधिवक्ताओं ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से मांग किया कि विपक्षी गणों के खिलाफ जांच कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराएं।

## चोर गैंग का खुलासा, 5 लाख का सामान बरामद

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के मुकेरी बाजार में कल हुई चोरी का गुरूवार को खुलासा किया। चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए 2 अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी की गहने व गैस सिलेण्डर बरामद किया गया है। वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया था जब वह पड़ोसी जनपद गए थे।

तब चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की थी। उनके कब्जे से गहना समेत करीब 5 लाख का सामान बरामद किया गया है। सब्जी मंडी निवासी दीनदयाल गुप्ता ने घर का ताला तोड़ कर घर में चोरी हो जाने की तहरीर 9 नवम्बर को दिया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली कटरा पुलिस ने विवेचना प्रारम्भ किया। उप निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के साथ चोरी करने वाले 2 अभियुक्त संतोष गुप्ता उर्फ गड़बड़ और लल्लू उर्फ संजू विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से चोरी के गहने, 4 सिलेण्डर व चोरी में प्रयोग टोटो गाड़ी बरामद किया गया। कानूनी कार्यवाही करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया। जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार सिंह व राजेश कुमार त्रिपाठी ने टीम के साथ शामिल थे।



चोरी का खुलासा करते सीओ सिटी

# स्कूल को निपुण बनाने के लिए हम सभी का हो सहयोग : बीडीओ



बैठक में बोलते बीडीओ

**जमालपुर।** गुरुवार को ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों तथा प्रधानाध्यापक एवं एसएमसी अध्यक्षों की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालयों के विकास के लिये मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने ब्लाक क्षेत्र के सभी विद्यालयों के समग्र विकास के लिए एक साथ मिलकर कार्य करने पर बल दिया और कहा कि सबके समन्वय बनाकर कार्य करने से ही निपुण विद्यालय एवं ब्लाक के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। खंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने स्कूल को निपुण बनाने के लिए सभी का सहयोग मांगा तथा 19 पैरामीटर्स को सीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान सुशील, नरसिंह, वीरेंद्र, पुनीत, अनिल, विजय, सतीश, शिक्षक अमरेश, बृजेश, नित्यानंद , ज्योति प्रकाश, शशि प्रकाश, अरविंद , सुबास, काशीनाथ, प्रशांत सहित बड़ी संख्या मे शिक्षकों के साथ ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सड़क किनारे झाड़ी में मिला नवजात शिशु

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बकहर नदी पुल के पास झाड़ी में एक नवजात शिशु पाया गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। चिकित्सक नवजात शिशु को स्वस्थ्य बता रहे हैं। गुरुवार की सुबह टहलने के लिए निकले एक व्यक्ति को राजगढ़ बकहर नदी पर बने पुल के पास मिर्जापुर सोनभद्र मुख्य मार्ग के किनारे झाड़ी में एक नवजात बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। जिससे टहलने निकला व्यक्ति रुक कर झाड़ी में देखने लगा। जहां कपड़े में लपेटा हुआ उसे एक नवजात शिशु दिखाई दिया। जिसे लेकर वह व्यक्ति अपने गांव कोन भरूहवा गया। जहां शिशु मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा नवजात शिशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया तथा पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुँची पुलिस नवजात का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है। हालांकि बकहर नदी के पास इससे पहले भी नवजात शिशु पाए गए हैं। जिसको लेकर तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं।

# आरसी के सापेक्ष वसूली प्रगति बढ़ाने का निर्देश



बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने सभी उपजिलाधिकारी तहसीलदारों एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कर-करेत्तर, मुख्य देय/विविध देय वसूली के प्रगति के साथ विभिन्न न्यायालयों में लम्बित वादों के निस्तारण के प्रगति की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खनिज, वन विभाग, नगर पालिका अहैरारा, मण्डी समिति, वाणिज्य कर एवं परिवहन विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर नारागजी व्यक्त करते हुये कहा कि वसूली कार्य में तेजी लाते हुये मासिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्राप्त आर0सी0 के सापेक्ष भी वसूली की प्रगति कम हैं।

अतएव आर0सी0 के सापेक्ष भी वसूली बढ़ाया जाय। उन्होने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। बाट माप, उद्योग विभाग, सड़क एवं पुल के द्वारा मासिक वसूली लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली पर संतोष व्यक्त किया गया। सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वसूली के प्रगति बढ़ाने के लिये अमीनवार वसूली की समीक्षा करें तथा कम वसूली वालें अमीनों के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि 05 वर्ष से अधिक पुराने वादों के निस्तारण में विशेष ध्यान दिया जाय तथा सभी मजिस्ट्रेट अपने न्यायालयों में समय से बैठते हुये वादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में आवासीय एवं कृषि भूमि आवंटन, चकबन्दी, आबकारी, स्टाम्प, भू माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही सहित अन्य सभी बिन्दुओं पर समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहारा, सदर चन्द्रभान सिंह, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, चुनार नीरज पटेल, एस0एल0ओ0 भरत लाल सरोज, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### मवेशी को बचाने के चक्कर में युवक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राजापुर पेट्रोल पंप के सामने मीरजापुर निवासी स्व0कृष्णा प्रसाद सोनी का 30 वर्षीय पुत्र अनुराग सोनी बुधवार की देर रात लहंगपुर बाजार से अपने घर मीरजापुर जा रहा था कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम राजापुर के सामने आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल को मीरजापुर उपचार कराने के लिए भेजते हुए परिजनों को सूचना दिया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि अनुराग सोनी रोज की भांति लहंगपुर बाजार में सोने चांदी की दुकान पर गया था कि बुधवार को दुकान बंद कर अपने घर आ रहा था कि आवारा पशु को बचाने के चक्कर में पेड़ में टक्कर लगने से बांया हाथ टूट गया है और शरीर में कई जगह गम्भीर चोट लगी है। टक्कर लगने से बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं।

### शॉर्ट सर्किट से तहसील प्रांगण में लगे ट्रांसफार्मर में लगी आग

**लालगंज।** तहसील प्रांगण में लगे ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। आग लगते ही तहसील परिसर में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं वादकारियों द्वारा आग को बुझाने का प्रयास कर आग बुझाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में स्थित ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली विभाग कर्मचारी (जेई) को तहसील नाजिर राकेश दुबे द्वारा सूचना दिया गया था। लेकिन कोई भी बिजली विभाग के कर्मचारी नही पहुंचे। गुरुवार को अचानक 2:15 बजे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई वहां आस-पास खड़ी कई बाइक व जनता को जलने से बचाया गया। तत्काल आग लगने की सूचना लालगंज विद्युत केंद्र (जेई) को सूचित किया गया लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग कर्मचारी उपस्थित नहीं हुए। आग लगने से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### युवती को अगवा कर ले जा रहे अपहरणकर्ताओं को ग्रामीणों ने पकड़ा

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजगढ़ बाजार में बीती रात एक युवती बस से उतरकर जोर जोर से चिल्लाने लगी और नजदीकी दुकान पर जाकर किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब हो ग?ई। जानकारी के अनुसार बीती रात राजगढ़ बाजार स्थित कंजड़ बस्ती के पास सोनभद्र जनपद से आ रही एक बस रुकी जिसमें बैठी एक दुल्हन उतरी और दौड़ लगाकर भागते हुए चिल्लाने लगी। इस दौरान तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस में बैठे लोगों को भी उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। जहां मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सभी बारातियों एवं युवती को थाने ले जाकर पूछताछ करने के बाद युवती के साथ जबरदस्ती करने एवं दबाव बनाकर उसके साथ शादी रचाने का मामला सामने आया है जिसमें दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र में गुरूवार को समय करीब 15.00 बजे थाना अदलहाट क्षेत्रान्तर्गत समदपुर मुख्य हाई-वे पर मोटरसाइकिल सवार आनन्द केसरी पुत्र शिवप्रसाद केसरी निवासी खिरौड़ी थाना अदलहाट मीरजापुर उम्र करीब-17 वर्ष को वाराणसी से शक्तिनगर की तरफ आ रही हाइवा द्वारा पीछे से टक्कर मार दिया गया, जिससे मोटरसाइकिल सवार आनन्द केसरी उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। सूचना पर थाना अदलहाट पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव तथा हाइवा को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गड्ढे में गिरी बाइक सवार की मौत

**मीरजापुर।** जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के केड़वा गांव में बुधवार की देर रात अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को मंडलीय चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। रामपुर रेक्सा गांव निवासी रविन्द्र (27) बुधवार की देर रात बाइक से बनकी मोड़ की ओर से केड़वा की ओर जा रहा था। सामने से आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची संतनगर पुलिस ने घटना की जानकारी परिजन को देते हुए घायल को मंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो बच्चों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

**मीरजापुर।** उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन/ नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में ए0एच0टी0यू0/एस.जे.पी.यू प्रभारी उ0नि0 दिवाकर सिंह मय टीम द्वारा ढ़ाबा, दुकानों की चेकिंग कर मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर न रखा जाए। अभियान के क्रम में 02 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया तथा संलिप्त नियोक्ताओं के विरूद्ध चलान कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### छेड़खानी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री आपराधिक षड़यंत्र के तहत बहला फुसलाकर ले जाने व छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर 120बी भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। प्रभारी निरीक्षक चुनार द्वारा गुरूवार को उ0नि0 राम प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से सम्बन्धित आरोपी दीपक साहनी पुत्र बाढ़ू साहनी निवासी जलालपुर माफी थाना चुनार मीरजापुर व नागेन्द्र साहनी पुत्र वीरेन्द्र उर्फ पप्पू साहनी निवासी बारी डाला थाना चोपन सोनभद्र को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपनी नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने, मारने पीटने व गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई, जिसमें एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक मड़िहान द्वारा गुरूवार को निरीक्षक रमेश प्रसाद मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित दूसरे आरोपी बिजुल वैद्य पुत्र झरी निवासी पहिती थाना मड़िहान मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते जेल भेजा गया।

### दो ग्राम पंचायतों में कोटे की दुकान का हुआ चयन

**हलिया।** विकास खंड के मनिगढ़ा गांव में कोटे की दुकान का चुनाव बृहस्पतिवार को किया गया जिसमें सरोज के पक्ष में 298 लोगों ने मत दिया और दूसरे स्थान पर रही लीलावती को 257 मत मिले। चुनाव अधिकारी एडीओ आइएसबी राजाराम उपाध्याय ने बताया कि मनिगढ़ा गांव में कोटे की दुकान के लिए महिला कोटेदार सरोज का चयन किया गया है। पुरवा औसान सिंह ग्राम पंचायत में बृहस्पतिवार को सरकारी राशन की दुकान के चयन के लिए खुली पंचायत भवन में खुली बैठक एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सरकारी राशन की दुकान के चुनाव के लिए बैठक में शामिल ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से लक्ष्मी आजिविका महिला स्वयं सहायता समूह के पक्ष चयन किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। इस दौरान ग्राम प्रधान कृष्णावती ग्राम सचिव प्रज्ञान कुमार शुक्ल, गंगासागर तिवारी, सूरज मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुनरीक्षण सूची में नए मतदाताओं का जुड़वायें नाम : बीडीओ

लालगंज। खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह गुरूवार को ब्लॉक सभागार में विधानसभा की फोटोयुक्त मतदाता नामावली विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाए जाने के लिए सचिवों के साथ बैठक किया। कहा कि 12 नवंबर से विशेष अभियान के शुभारंभ होगा। जिसमें विकासखंड की भूमिका सुनिश्चित की गई है। सचिवों के साथ बैठक करते हुए खंड विकास अधिकारी शिवना रायण सिंह ने बताया कि पुनरीक्षण सूची में नए मतदाता जोड़ा जाएगा और जो मृतक हो चुके हैं। उनका नाम बाहर किया जाएगा। बूथ पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस मिशन को सफल बनाने के लिए सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाई कर्मी की भूमिका बनी रहेगी। जिसका निरीक्षण सुपरवाइजर, सेक्टर अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी करेंगे। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, शशिकांत, दिलीप, लल्लूराम, कैलाश, संजीव, जगजीत, संजय, अशोक, राजेश, लक्ष्मी राम चंचल आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर नाले में पलटा आपे

**कलवारी।** थाना मड़िहान के कलवारी बरदहवा नाले में साइकिल को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर आपे नाले में जा पलटा। ड्राइवर अवधेश मौर्य (32) पुत्र लालमणि मौर्य निवासी मधईमार कलवारी से गुरुदेव नगर की तरफ जा रहा था। बरदहवा नाले के पास पहुंचते ही उधर से साइकिल सवार पंचू लाल गोंड (62) पुत्र पंचम निवासी गोपलपुर साइकिल लेकर आ रहा था। बरदहवा नाले के पास मोड घूमाते ही साइकिल सवार अनियंत्रित होकर आपे में जा घुसा। आपे बरदहवा नाले में जा पलटा पलटने का आवाज सुनते ही पास पड़ोस तथा ग्रामीण जुट गए। किसी तरह साइकिल सवार घायल को कलवारी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आपे चालक अनियंत्रित सायकिल सवार को बचाने के प्रयास में खुद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### लकड़ी लदी डीसीएम पलटी बाल-बाल बचे ड्राइवर व खलासी

**कलवारी।** थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत धुरकर नदी पर बने रपटे पर लकड़ी लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। राबर्ट्सगंज से डीसीएम लकड़ी लादकर मीरजापुर जा रहा था। तभी सोनभद्र व मीरजापुर के बॉर्डर पर बकहर नदी पर बने रपटे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। डीसीएम पलटने से ड्राइवर व खलासी बाल बाल बच गये। चालक को हल्की चोट लगी। ग्रामीणों ने घायल ड्राइवर को धुरकर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक को छोड़ा गया। डीसीएम के बीच सड़क में पलटने से सड़क पर आवागमन बाधित हो गया था। बड़ी मशक्कत के बाद क्रेन के द्वारा डीसीएम को सड़क पर से हटवाया गया तब जाकर आवागमन चालू हुआ।

# जो बोले सो निहाल सत् श्री अकाल

**शोभायात्रा**

## प्रकाश पर्व में पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभा यात्रा, युवाओं ने करतब दिखा किया अचंभित

जनसंदेश न्यूज


शोभायात्रा निकालते सिख समुदाय के लोग

**ओबरा।** गुरुनानक देव के 553वें प्रकाश पर्व के अवसर पर चोपन रोड स्थित गुरुद्वारा से भव्य नगर कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली गई। नगर के प्रमुख मार्ग शबद, कीर्तन के साथ ही जो बोले सो निहाल सत श्रीअकाल, वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह आदि के जयकारे से गूंज उठे। इस दौरान गुरु ग्रंथ साहिब के रथ के आगे महिलाएं और युवतियां झाड़ू लगाकर सड़क को साफ-सुथरा करते चल रही थी।

वहीं जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। साथ ही प्रसाद भी वितरण किया गया। शोभायात्रा के साथ ही पारम्परिक वाद्ययंत्रों पर गुरबाणी का गायन करते श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं द्वारा किये जा रहे गुरुवाणी पाठ व शबद गायन से पूरा नगर गूंजता रहा। महिलाएं एवं पुरुष पारम्परिक वेशभूषा में शामिल हुए। वही अन्य धर्मों के लोग भी शोभायात्रा में चल रहे थे। यात्रा में गुरु ग्रन्थ साहब की आसंदी को भी विशेष तौर पर सजाया गया था। शोभायात्रा चोपन रोड से गैस गोदाम, गीता मन्दिर, क्लब 4, आर्यसमाज से वीआईपी रोड होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंची। इस दौरान युवाओं ने तरह-तरह के करतब दिखाकर लोगों को आकर्षित किया। जगह- जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा करने के साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों पर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित समाजसेवियों द्वारा जलपान कराकर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष दलबीर सिंह सामरा ने कहा कि पूज्य गुरुनानक देव के दिखाए गए मार्ग पर चलकर निसंदेह हम सभी समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जा सकते हैं। गुरुद्वारा इंटरमीडिएट कालेज चोपन के छात्रों ने भी तरह तरह के करतब दिखाकर लोगों को आकर्षित किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा व कस्बा इंचार्ज अमित त्रिपाठी मयफोर्स शोभा यात्रा के साथ रहे। इस अवसर पर सिरमौर सिंह, सर्वजीत कौर, जसविंदर सिंह, देव प्रकाश मौर्या, रमेश सिंह यादव, पवन जिंदल, सैय्यद आरिफ, अर्सदीत सिंह, एसपी तनेजा,सोनू सिंह, सुखवीर कौर, रमनप्रीत कौर, सर्वजीत कौर, अमित मित्तल, आरती बाजपेयी, मनजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम के भक्ति जागरण में बही भक्तिरस की धारा

जनसंदेश न्यूज


खाटू श्याम की सजी झांकी

**चोपन।** श्री श्याम दिवाने मंडल चोपन की तरफ से श्याम महोत्सव का आयोजन नगर स्तिथ श्याम लान में किया गया। वुधवार की सुबह श्री श्याम खाटू महाराज की प्रतिमा व निशान ध्वजा लेकर बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने नगर में यात्रा निकाला। इस दौरान पूरा नगर भक्तिमय हो गया वहीं सायं श्याम जागरण का आयोजन हुआ जिसमें खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया। जहाँ भारी संख्या में भक्तों ने बाबा के दरबार में मत्था टेका।

जागरण के दौरान सचीन गोयल दिल्ली, कोमल तिवारी कानपुर, संजीव शर्मा रावट्सगंज, दीपक पाण्डेय वाराणसी सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जिसपर लोग बाग भावविभोर होकर रात भर भक्तिसागर में गोता लगाते रहे। इस मौके पर प्रदीप अग्रवाल, संजीव तिवारी, उस्मान अली, संजय जैन, आनंद अग्रवाल, हर्ष जैन, पुनीत जैन, पवन अग्रवाल, संदीप अग्रवाल अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विजय अग्रवाल ,शेर खान, श्यामाचरण गिरी, श्याम सुंदर मिश्रा,रमेश जैन, राकेश जैन, धर्मेश जैन, शोभित अग्रवाल, यशपाल जिंदल, अंकुश अग्रवाल सहित नगर की तमाम जनता सहित अग्रवाल समाज के लोग शामिल रहे।

## संक्षेप

### बच्चों को बांटी गयी पाठ्य-खेल सामग्री, खिले चेहरे


सामग्री लिये बच्चे

**रेणुकूट।** बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित सीएसआर विभाग द्वारा म्योरपुर विकास खंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों में पाठ्य पुस्तकें एवं खेल सामग्री वितरित की गयी। औद्योगिक संस्थान बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इकाई प्रमुख आरके रघुवंशी एवं मानव संसाधन प्रमुख जय कोकाटे के दिशा निर्देशन में कंपनी का सीएसआर विभाग अनेक विकासोन्मुखी कार्यों का संचालन कर रहा है। इसी क्रम में सीएसआर विभाग द्वारा बेलहत्थी, कोड़रा, बेलगुड़ी, रानीताली आंगनवाड़ी केंद्रों पर नौनिहालों के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्य सामग्री एवं खेल सामग्री वितरित की गयी। सीएसआर विभाग की निवेदिता मुखर्जी ने बताया कि इकाई प्रमुख एवं एचआर हेड के दिशा निर्देशन में पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए संस्थान द्वारा विभिन्न पाठ्य सामग्री एवं खेल सामग्री वितरित किया गया है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न कर अग्रिम स्कूली शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। जिसके लिए छोटे बच्चों में अक्षर पहचानने के लिए अक्षर चार्टबोर्ड कहानी की किताबें डस्टर मार्कर, हैंडवॉश, टेबल एवं कुर्सियां खेल सामग्री सहित प्लास्टिक के आकर्षक एनिमल खिलौनों सहित अन्य सामग्री वितरित किया गया। इस मौके पर एके चौधरी, सावित्री यादव, उर्मिला देवी, लुकूला देवी सहित तमाम बच्चे उपस्थित रहे।

### सोन नदी के किनारे मिला युवक का शव, सनसनी

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र कजरहट गांव के पास मिटिहनिया में बुधवार की रात्रि सोन नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। इसकी जानकारी होते ही चोपन व डाला पुलिस मौके पर पहुंच शव को मोर्चरी भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। पुलिस ने बताया कि अम्माटोला गांव के एक व्यक्ति द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र चोपन अन्तर्गत कजरहट गांव के पास सोन नदी के किनारे लगभग 30 वर्षीय युवक का शव नदी के किनारे है, सूचना मिलते ही चोपन व डाला पुलिस मौके पर पहुंच गई और कजरहट गांव के समीप सोननदी के किनारे पानी में पड़े हुए शव को बाहर निकालकर जांच पड़ताल किया गया तो शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। शव लगभग दो दिन पूर्व का है। पानी में बहने के कारण शव के चेहरे, आंख, गाल तथा गर्दन के आस पास जगह-जगह जीव जन्तुओं द्वारा नोच लिया गया है। डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि अज्ञात युवक का शव मोर्चरी में रखकर शिनाख्त कराए जाने के लिए जिले के सभी पुलिस थानों को तस्वीर भेजकर प्रयास किया जा रहा है।

### रोजगार मेला आज

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 11 नवम्बर को ऑफलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की इण्टरनेशनल प्रोटेक्शन सेक्योसेफ में डिप्लोमा इन्जिनियर ट्रेनी, एलएण्डटी कन्स्ट्रक्शन में ट्रेनी, एलआईसी में अभिकर्ता, टाटा मोटर्स में ट्रेनी, सुदीवा स्पाइनर्स प्रालि में ट्रेनी, वज्र इण्डस्ट्रीज में मार्केटिंग एक्जीक्यूटीव, टेक्नोप्लस में इन्जिनियर, ट्रेनी आईटीआई-फीटर, वेल्डर एवं टर्नर, पीपल ट्र ऑनलाइन में टीचर, एक्जीक्यूटीव, ऑपरेटर इत्यादि पद एवं होटल द ग्रैण्ड में रेस्टोरेन्ट सर्विस ब्वॉय एवं हाउस कीपिंग के विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएंगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन एवं भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला सेवायोजन कार्यालय खुशबू बाग नर्सरी रोड, लोढ़ी जिला चिकित्सालय के सामने, राबट्र्सगंज में लिया जायेगा।

### ओवरलोडिंग पर नियंत्रण को अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवैध परिवहन तथा ओवर लोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने उद्देश्य से टोल प्लाजा चेकपोस्ट पर प्रपत्र एमएम-11 संग्रह स्थल लोढ़ी पर खनिजों का अवैध परिवहन व ओवर लोडिंग के जॉच हेतु तत्काल प्रभाव से 15 से 22 नवम्बर तक अधिकारी एवं कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगायी है, जिसमें उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, खान निरीक्षक मनोज कुमार, ईश्वर चन्द्र, यातायात निरीक्षक परिवहन विभाग, वाणिज्य कर विभाग द्वारा नामित अधिकारी, मार्ग साफ्ट द्वारा नामित कर्मचारी, उपरोक्त समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि उप खनिजों में लदे वाहनों की गहनता से जांच की जाये, किसी भी दशा में वाहन के फ्रण्ट शीशे पर बिना माइन टैग लगे वाहनों द्वारा उप खनिजों का परिवहन न होने पाये। वाहन पर माइन टैग न होने की दशा में वाहन चालकों से निर्धारित शुल्क जमा कराकर मार्ग साफ्ट के कार्मिक से माइन टैग उपलब्ध करा शीशे पर चस्पा करा दिये जायें। परिवहन विभाग द्वारा वाहनों पर लगे पंजीयन नम्बर प्लेट लगा होना सुनिश्चित किया जाये।

# सड़क व पटरी का निर्माण होने पर बालू लदे ट्रकों का हो संचालन

**मांग**

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप उठाई मांग, कहा सूर्यास्त के बाद न हो गाड़ियों का परिचालन


एसडीएम को ज्ञापन सौंपती प्रधान

**दुद्धी।** पिपरडीह व जाबर गांव के ग्रामीणों ने प्रधान की अगुवाई में गुरुवार को एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंप कर जाबर-पिपरडीह मार्ग पर पटरी व सड़क निर्माण कराने के उपरान्त ही बालू लदे वाहनों को चलाये जाने व सूर्यास्त से सूर्योदय तक ट्रकों के परिचालन समेत खनन कार्य पर रोक लगाने की मांग किया है।

ग्रामीणों ने कहा कि बीते 18 जून को तहसील समाधान दिवस में आये कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा को भी ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई और पुनः पिपरडीह कनहर नदी से बालू लदे ट्रकों को निकाले जाने की तैयारी है। यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे व गाड़ियों का परिचालन रोक देंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि पिपरडीह कनहर नदी से पिपरडीह व ग्राम जाबर गांव होते हुए बालू लदी ओवरलोड गाड़ियों का परिचालन दिन-रात होता है, वह सड़क जर्जर स्थिति में पटरी विहीन है, जिस पर स्कूल जाते हुए बच्चे को व ग्रामीणों को आने जाने में घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। वहीं दुर्घटना की आशंका भी हमेशा बनी रहती है। पूर्व में घटित कई घटनाओं से ग्रामीण भय के साये में जीवन जीने को विवश हैं। उन्होंने मांगों को पूरा किये जाने की आवाज बुलंद की। इस मौके पर ममता देवी, अंजना देवी, मनीष कुमार, धर्मेंद्र सिंह, अभय कुमार, कृष्णकांत सिंह, अभय कुमार, सुरेंद्र सिंह, कृष्णमुरारी आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं के समाधान को एडीएम को सौंपा ज्ञापन


अपर जिलाधिकारी को पत्रक सौंपते अपना दल एस पदाधिकारी

**डाला।** नगर पंचायत स्थित डाला चढ़ाई पर सड़क के दोनों तरफ सर्विस रोड और नाली निर्माण न होने की वजह से आए दिन हो रही मौतों और दुर्घटनाओं को रोके जाने के लिए बुधवार को अपना दल एस के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंजनी पटेल ने 59 लोगों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा को सौंपा। पटेल ने बताया कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग अंतर्गत डाला नगर पंचायत के डाला चढ़ाई पर सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सड़क बनाने में जो अनियमितता बरती गई है, उसकी वजह से आज तक कई लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है और अनगिनत लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। रेणुकूट से डाला की तरफ तेज रफ्तार से आने वाली गाड़ियां पूर्व में कई बार सड़क किनारे बने घरों में घुस चुकी हैं, जिनकी वजह से घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ घर के सदस्यों में सदैव डर का माहौल बना रहता है कि कब कौन सी गाड़ी तेज स्पीड में उनके घर में घुस जाए और किसी की जान चली जाए। कहा कि आए दिन वहां दुर्घटनाओं में जो मौतें हो रही हैं, उनकी वजह से समूचा डाला भयभीत है। इस मौके पर विनोद यादव, राजू चौधरी, मनोज पटेल मौजूद रहे।

# वनाधिकार कानून को विफल बनाने की जताई आशंका

**सम्मेलन**

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार मुद्दों को हल करने की मांग, सोनभद्र को संविधान की 5वीं अनुसूची में किया जाए शामिल


सम्मेलन में मंचासीन अतिथिगण

**म्योरपुर।** वनाधिकार कानून के तहत जंगल की काबिज जमीनों पर मालिकाना हक, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सहकारी कृषि, शुद्ध पेयजल, कोल समेत छूटी हुई आदिवासी जातियों को जनजाति का दर्जा देने जैसे सवालों पर गुरुवार को क्रिकेट मैदान में आदिवासी वनवासी सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र को संविधान की पांचवीं अनुसूची में शामिल करने का मुद्दा जोरशोर से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र के पिछड़ेपन की प्रमुख वजह सरकार की उपेक्षा है। खनिज संपदा से भरपूर प्रदेश के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान सोनभद्र का है, लेकिन यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचा बेहद कमजोर है।

यहां आदिवासी और वन परंपरागत समुदाय की आजीविका का प्रमुख स्त्रोत जंगल की जमीनों पर जोतकोड़ और वन संपदा है। लेकिन लंबे संघर्षों के बाद बने वनाधिकार कानून को भी शासन प्रशासन विफल करने में लगा है। एक तरफ सभी आदिवासियों को वनाधिकार कानून में मालिकाना हक दिलाने की वकालत की जा रही है वहीं सत्तारूढ़ दल के विधायक व मंत्रियों द्वारा वन विभाग पर आदिवासी हितों की अनदेखी का आरोप लगाया जा रहा है। सरकार वास्तव में सभी आदिवासियों को जोतकोड़ की सभी काबिज जमीनों पर मालिकाना हक दिलाने की इच्छुक हो, वनाधिकार की ग्राम समितियों द्वारा जिन दावों की संस्तुति व सत्यापन किया गया है, उन सभी जमीनों पर मालिकाना हक प्रदान करने में कोई अड़चन नहीं है। भाजपा कारपोरेट कंपनियों को आदिवासी बाहुल्य इलाकों में जमीनों के अधिग्रहण को सुगम बनाने के लिए वन संरक्षण नियम लाकर वनाधिकार कानून को ही निष्प्रभावी बनाने में लगी है। इस मौके पर अनवर अली, कृपा शंकर पनिका, दिनकर कपूर, राजेश सचान, सुषमा गोंड़, जुबेर आलम, रूबी सिंह गोंड़, राजेन्द्र ओइमा, राजेन्द्र प्रसाद गोंड़, साबिर हुसैन, रंजू भारती, देवशाय उरैती, राम नरेश गोंड़, मंगरू प्रसाद गोंड़ आदि मौजूद रहे।

# मानक के विपरीत हो रहा निर्माण कार्य बस्तीवासियों ने रोका

**नाराजगी**

## नाबालिक लोगों से काम कराने से लोगों में रोष

जनसंदेश न्यूज


मौके पर रोका गया कार्य

**डाला।** डाला नगर पंचायत के अन्तर्गत मलिन बस्ती में गुरुवार को रबर मोल्ड इंटर लाकिंग सड़क निर्माण, नाली निर्माण कार्य मानक के बिपरीत होने की वजह से स्थानीयों ने मौके पर पहुंच कर काम रोक दिया। वहीं ठेकेदार द्वारा नाबालिक लोगों से काम कराने से लोगों में रोष व्याप्त है।

बस्ती निवासी रामप्रवेश, अवनिश, असलम, रामदयाल ने बताया कि मलीन बस्ती मे नगर पंचायत के ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत सड़क किनारे बनी नाली को भस्सी व हाफ इंच गिट्टी से ढाल दिया गया है, जो बनते ही टूटने लगी। नाली निर्माण के दौरान हाफ इंच की गिट्टी से पटिया ढालने का विरोध दर्ज कराया था, जिस पर ठेकेदार द्वारा पौन इंच की गिट्टी डालने की बात कर लोगों को समझाया था। लेकिन पुनः बस्ती के लोगों के जाते ही हाफ इंच की गिट्टी से डालकर खानापूर्ति कर दी गई। वहीं दूसरी तरफ इंटर लाकिंग सड़क निर्माण के बेस में नीचे सेलिंग का केवल जगह जगह छिड़काव किया गया है, सड़क निर्माण में पर्याप्त मात्रा मे सोलिंग व लेबल न मिलाकर मानकों की धज्जियां उड़ा दी गई हैं। ठेकेदार द्वारा रबर इंटर लाकिंग सड़क निर्माण में कम वेतन पर नाबालिकों से मजदूरी करायी जा रही है। बस्ती के लोगों ने काम रोककर विभागीय अधिकारी से जांच कराने की मांग की है।

# यातायात जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज


छात्राओं को जागरूक करते एएसपी कालू सिंह

**सोनभद्र।** यातायात जागरुकता माह-नवम्बर वर्ष-2022 के तहत गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र कालू सिंह की उपस्थिति में राजकीय बालिका ईण्टरमीडीएट कॉलेज रॉबर्ट्सगंज में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी, शिक्षकों तथा छात्राओं से यातायात नियमों का पालन करने अपील की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से अपील किया गया कि वे बिना हेलमेट / सीट बेल्ट के, मोबाइल से बात करते हुए, अत्यधिक तेज गति में तथा गलत दिशा से वाहन न चलायें जिससे कि सभी सुरक्षित अपने-अपने घरों पर पहुंचे। तथा सभी से बगैर लाइसेंस के वाहन न चलाने हेतु बताया गया साथ ही साथ सड़क पर वाहनों के बीच उचित दूरी बनाये रखने हेतु भी जागरुक किया गया। इसके अलावा सड़क दुर्घटना होने वाले कारणों तथा इसके उपरान्त होने वाली कानूनी प्रक्रिया के सम्बंध में भी छात्रों को जानकारी दी गयी तथा इसके साथ ही उन्होनें छात्राओं से अपने अपने परिजनों तथा मित्रों को भी इस सम्बंध में जागरुक करने की अपील की। तदोपरान्त वहां उपस्थित सभी लोगों द्वारा सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली गयी । इस मौके पर एआरटीओ धनवीर यादव, क्षेत्राधिकारी (यूटी) अमित कुमार, यातायात पुलिस बल, कॉलेज के प्रधानाचार्य रंजना शुक्ला, शिक्षकगण एवं छात्राएं मौजूद रही।

### तहसील की मांग को लेकर 10वें दिन भी धरना जारी

**ओबरा।** ओबरा तहसील ओबरा में बनाने की मांग को लेकर 10वें दिन भी तहसील परिसर में अधिवक्ताओं का क्रमिक धरना एवं प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान गुरुवार को कृष्ण कांत पांडे, एड रमेश सिंह, आशीष पांडे का माल्यार्पण कपूर चंद्र पांडे, एसके जैन तथा अनिल मिश्रा द्वारा किया गया। आंदोलन को नगर पंचायत अध्यक्ष ओबरा का समर्थन पत्र प्राप्त हुआ तथा उन्होंने सोनांचल बार एसोसिएशन को अपना समर्थन दिया। संचालन पुष्पराज पांडे ने किया। धरने पर बैठे समाजसेवी तथा अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि ओबरा तहसील का ओबरा विधानसभा में रहना अनिवार्य है। दूसरे विधानसभा में ओबरा तहसील का निर्माण कराया जाना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। यह ओबरा विधानसभा के लोगों के साथ धोखा होगा। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग किया कि ओबरा तहसील का ओबरा में निर्माण कराए जाने हेतु संस्तुति प्रदान की जाए। इस अवसर पर अर्जुन शर्मा, रमाशंकर यादव, मनोज विश्वकर्मा, एसके जैन, अनिल चौधरी, हरिओम सेठ, उमेश चंद्र शुक्ला, बुद्धि नारायण जायसवाल, विनोद गुप्ता, अनिल कुमार, अंजली राय, दिनेश कुमार दुबे, नीरज, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक कर छात्रों को किया गया जागरूक


कार्यक्रम में शामिल बच्चे

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान के तहत नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शान्ति निकेतन जन सेवा समिति, वाराणसी के कलाकारों द्वारा परियोजना समीपवर्ती गांवों के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

कुमार आदर्श, कार्यपालक सीएसआर एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा बच्चों को स्वच्छता किट का वितरण भी किया गया एवं बच्चों को स्वच्छता के प्रति प्रोसाहित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय शक्तिनगर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय शक्तिनगर, प्राथमिक विद्यालय-कोटा बाबू एवं कम्पोजिट विद्यालय-कोटा पुनर्वास, विद्यालय तारापुर, प्राथमिक विद्यालय-परसवार राजा, कम्पोजिट विद्यालय-चिल्काडांड, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लोझरा एवं परियोजना प्रभावित गांवों के नुक्कड़ों पर किया गया। इस अवसर पर उक्त सभी विद्यालयों की प्रधानाध्यापिकायें, शिक्षक, अभिभावक, हीरालाल, एनटीपीसी सीएसआर टीम के साथ हरीश वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# सिलेंडर लीकेज से ढाबे में लगी आग, नगदी समेत हजारों का सामान राख

**म्योरपुर।** स्थानीय कस्बा स्थित हवाईपट्टी मार्ग पर बुधवार की मध्य रात्रि एक ढाबे में अचानक आग लग गयी जिस कारण नगदी पांच हजार सहित होटल में रखी खाद्य सामग्री जल कर राख हो गयी। ढाबा स्वामी संजय यादव ने बताया मैं कैसपार समूह से 30 हजार रुपये लोन ले होटल का व्यापार कर अपने परिवार का गुजारा बसर करता हूं। बुधवार की रात दुकान के बगल में बारात आयी थी हम लोग सपरिवार शादी में थे इसी दौरान दुकान से उठता धुँआ देख कुछ लोगों ने बताया जब हम अपने प्रतिष्ठान पर पहुचे तब तक आग पूरी तरह पकड़ चुकी थी। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सब समान जल गया। आस पास के ग्रामीणों की मदद से जले सामानों को हटाने का प्रयास किये जाने लगा आग इतनी तेज थी कि दुकानदारी का लगभग पांच हजार रुपये भी जल गया। दुकानदार के अनुसार अगलगी की घटना में पांच हजार नगदी समेत दस से बारह हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### 27 सीज, 47 वाहनों का हुआ चालान

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन, पुलिस व खनन विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी से डाला तक आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमें बीते दो दिनों में 27 वाहन को सीज किया गया तथा 47 वाहनों का एम चेक के माध्यम से ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया। संयुक्त टीम में ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, थानाध्यक्ष चोपन आदि शामिल रहे।

# घायल की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**मामला**

## जिला अस्पताल के चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**चंदौली।** सड़क हादसे में घायल युवक की गुरुवार को उपचार के दौरान जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों की तरफ से मिली तहरीर को संज्ञान में लेते हुए आगे की कार्यवाही में जुट गयी।

विदित हो कि सदर कोतवाली क्षेत्र के माटी गांव निवासी राघवेंद्र त्रिपाठी (42) रामनगर में परिवार के रहते है, जो कि खेती के काम से अपनी बाइक से गांव आ रहे थे। इस बीच अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंघीताली पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। हादसे में राघवेंद्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद उन्हें एम्बुलेंस की मदद जिला अस्पताल भेजा, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संजय कुमार व स्टाफ ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन एम्बुलेंस में शिफ्टिंग के दौरान घायल की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर व स्टाफ से बदसलूकी करने लगे। इससे वहां हंगामे की स्थिति पैदा हो गयी और भारी संख्या में भीड़ जमा हो गयी। जिला अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ सदर रामवीर सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने में जुट गए। साथ ही ग्रामीणों को घटना की जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया, जब जाकर ग्रामीण शांत हुए। इस बाबत सीओ रामवीर सिंह ने बताया परिजनों की तरफ लापरवाही के बाबत तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।


जिला अस्पताल में गुस्साए ग्रामीणों को समझाते सीओ सदर।



जिला अस्पताल में घायल की मौत के बाद हंगामा करते ग्रामीण।

### हंगामा के बाद ओपीडी व इमरजेंसी रही बंद

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में गुरुवार को दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत के बाद मृतक के ग्रामीणों ने हंगामा के साथ ही बदसलूकी शुरू कर दी। जिसके बाद अस्पताल में तैनात सभी चिकित्सकों ने ओपीडी बंद दी। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मामले को समझा-बुझाकर शांत कराया, लेकिन ओपीडी व इमरजेंसी सायंकाल तक बंद रही। सीएमएस उर्मिला सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल मरीज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई। ग्रामीणों के हंगामे के बाद ओपीडी व इमरजेंसी बंद कर दी गई थी, मामला शांत होने के बाद इमरजेंसी सेवा शुरू कर दी गई है।

## मतदाता पुनरीक्षण में लगी सुपरवाइजर व बीएलओ की ड्यूटी

**चंदौली।** भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया पांच जनवरी 2023 तक चलेगी। इसके लिए अधिकारियों के साथ ही सुपरवाइजर व बीएलओ की ड्यूटी लगाई गई है। आयोग ने पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों के स्थानांतरण पर भी रोक लगा दी है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि निर्वाचन को पारदर्शी व निष्पक्षतापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता सूची जारी कर दी है। सूची का आलेख्य प्रकाशन भी किया जा चुका है। आयोग ने पुनरीक्षण की गाइडलाइन में कई बदलाव किए हैं। इसके अनुसार मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। इस कार्य में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पुनरीक्षण कार्य की प्रक्रिया के निर्वाध रूप से संचालन के लिए निर्वाचन आयोग ने पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मियों के स्थानांतरण पर रोक लगा दी है। इसके लिए आयोग की अनुमति लेनी जरूरी होगा।

## संक्षेप

### बलुआ में गंगा में लगा दस टन की सामुदायिक जेटी


बलुआ पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर लगाई जा रही जेटी।

**चहनियां।** गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष के 15 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद निरंतर बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर पर्यटन स्थल बनाने के क्रम में सांसद व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय के प्रयास से जेट्टी लगाने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। करीब 50 लाख की लागत से दस टन का सामुदायिक जेट्टी बन रहा है। लोग इसका लाभ लेंगे। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं घाट के स्वर्णिम विकास के लिए सामुदायिक जेट्टी का निर्माण शुरू हो चुका है। गुरुवार को सामुदायिक जेट्टी लगाने का कार्य गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के देखरेख में प्रारम्भ हो चुका है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया कि बलुआ घाट के पर्यटन स्थल के रूप में लगातार विकास का सिलसिला जो चल रहा है। गंगा नदी में जेट्टी स्थापित कराकर केंद्रीय मंत्री ने बड़ा कार्य किया है, जिससे मेले पर्व का संचालन, पानी मे मंच का उपयोग,गंगा में सेल्फी आदि के रूप में भी कार्य करेगा।

### महिला ने एसपी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

**चंदौली।** पुलिस लाइन में गुरुवार को चहनियां गांव निवासी पीड़िता आरती यादव ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को शिकायती प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया कि पति को मरे तीन वर्ष हो गए हैं और इसके बाद से ससुराल पक्ष के लोग आए दिन मुझे व मेरे बच्चों को मारा पीटा जाता है। मेरे तीन बच्चों के साथ मुझे घर से निकालने की धमकी दी जाती है। इस विषम परिस्थिति में किसी तरह गुजर बसर करके अपने बच्चों की परवरिश करती हूं। बताया कि बलुआ थाने पर पर मामले को लेकर कई बार तहरीर दिया, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में बलुआ थाना प्रभारी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद का है। यदि महिला के साथ मारपीट की घटना हुई तो पुलिस इसकी जांच कर दोषियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही करेगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नियामताबाद।** चकिया चौराहे के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मोर्चरी लाया गया है। आपको बता दें कि बिहार राज्य के शिवहर जिला अंतर्गत श्यामपुर बटहा गांव निवासी अमित राम 23 वर्ष वाराणसी में रहकर कपड़े की फेरी का काम करता था वही आज अपने कुछ दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। जानकारी के अनुसार अपने दोस्तों के मोटरसाइकिल से अमित राम आगे निकल गया। वहीं चकिया तिराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से अमित राम की मौत हो गई सूचना पाते ही अलीनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मोर्चरी भेज दिया है।

### बिजली की चपेट में आने से निदेशक झुलसे

**चहनियां।** कस्बा में 33 हजार की करेंट से जॉब्स संस्था के निदेशक 40 वर्षीय पवन कुमार मौर्या झुलस गए। हालत गम्भीर देख परिजनों ने वाराणसी स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। चहनियां कस्बा में जॉब्स इंस्टीट्यूट संस्था के निदेशक पवन कुमार मौर्य सफाई करवा रहे थे। पाइप निकालने के दौरान ऊपर से गुजरे 33 हजार की करेंट पाइप छू गया, जिससे करेंट की चपेट में आकर वह झुलस गए। आसपास के लोग उन्हें चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराये। जहां हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हालत गम्भीर देख परिजन उन्हें वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराये, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### चकिया में उपजा का कवि सम्मेलन आज

**चकिया।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की ओर से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार की शाम उपजिलाधिकारी आवास परिसर में आयोजित है। यह जानकारी कार्यक्रम संरक्षक शीतला प्रसाद राय ने देते हुए बताया कि सम्मेलन में मनोज बाराबंकी, विकास बौखल बाराबंकी, रंजना हया लखीमपुर खीरी, सुल्तान जहां बलरामपुर, प्रमोद पंकज बाराबंकी, अरविंद पोटा मुरैना मध्यप्रदेश, अभय निर्भीक लखनऊ सहित कई नामचीन कवि शिरकत करेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन विधायक कैलाश आचार्य, जिलाधिकारी ईशा दुहन, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल संयुक्त रूप से करेंगे।

### अप्रेंटिस मेला 14 नवंबर को

**चंदौली।** राजकीय आईटीआई कालेज रेवसां में आगामी 14 नवंबर को अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मैकेनिक कंज्यूमर, वेल्डर, प्लंबर सहित अन्य ट्रेडों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए अप्रेंटिस पोर्टल पर पंजीकृत उक्त तिथि को सभी प्रमाण पत्र, फोटो के साथ संस्थान में पहुंचकर अप्रेंटिस मेले में शामिल हो सकते हैं।

### बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पड़ाव।** क्षेत्र के साहूपुरी स्थित 220 के वी उपकेंद्र से 11 नवम्बर शुक्रवार के दिन कुछ घण्टों के लिए सुबह से परीक्षण एवं अनुरक्षण के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बात की जानकारी देते हुए संबंधित अवर अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि सुबह 10 बजे से लेकर 10.55 बजे तक 33 केवी अलीनगर 11 बजे से 11.55 बजे तक खजूर गांव और 33 केवी साहूपुरी 12:00 से 12:55 बजे तक इत्यादि विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे।

### 13 को बंटेगा स्मार्टफोन व टैबलेट

**कंदवा।** मां मंशा देवी स्नाकोत्तर महाविद्यालय बरहनी में शिक्षा सत्र 2021-22में एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं बीए तृतीय वर्ष के समस्त में टैबलेट एवं स्मार्टफोन का वितरण 13 नवम्बर को किया जाना है। उक्त तिथि को महाविद्यालय में विधायक द्वारा छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन व टैबलेट का वितरण किया जायेगा। यह जानकारी विघालय के प्रबंधक सुनील सिंह ने दी।

# निपुण भारत लक्ष्य को समय से पूरा करें अधिकारी


डायट प्रशासन के साथ बैठक में जानकारी लेती राज्य परियोजना की टीम।

**सकलडीहा।** राज्य परियोजना उत्तर प्रदेश लखनऊ की तीन सदस्यी टीम गुरूवार को डायट पहुंचकर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर डायट प्राचार्य संगीता चौधरी सहित डायट प्रशासन मौजूद रहा। राज्य परियोजना टीम में रमेश चन्द्र पाण्डेय (वरिष्ठ विशेषज्ञ), विष्णु दीपक सहायक और विजय कुमार शर्मा की टीम ने डायट प्राचार्य संगीता चौधरी से मिलकर डायट की भौतिक दशाओं की जानकारी लिया। इसके साथ-साथ अकादमिक गतिविधियों प्रशैक्षणिक गुणवत्ता का निरीक्षण किया। टीम ने एआरपीएस, एसआरजीएस और बीईओएस एवं डायट प्रवक्ताओं के साथ सपोर्टिव सुपरविजन, जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं नवाचार प्रोत्साहन हेतु आयोजित शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता की समीक्षा किया। टीम द्वारा निर्देशित करते हुए निपुण भारत लक्ष्य को समय से प्राप्त करने हेतु विशेष प्रयास करने पर बल दिया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डा.माया सिंह, प्रिया पांडेय, अमिता श्रीवास्तव, डा. जितेन्द्र सिंह, कमर अयूब, डा.वैजनाथ पांडेय, अवधेश राय मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्र पर दुर्व्यवस्था देख भड़के एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** शासन की ओर से धान खरीद के लिये क्रय केन्द्रों को निर्देशित किया गया है। इसके बाद भी धान की खरीद शुरू नहीं हो पाया है। गुरुवार को एसडीएम मनोज पाठक तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्रय केंद्रों पर खरीद तो दूर बंद रहने व साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताया। जिलाधिकारी को पत्र लिखकर क्रय केन्द्र की दुर्व्यवस्था से अवगत कराया।

एसडीएम के निरीक्षण से क्रय संचालकों में खलबली मची हुई है। एसडीएम मनोज पाठक सकलडीहा विपणन केन्द्र पर पहुंचे। वहां पर न तो धान खरीद की कोई व्यवस्था था न तो नापी यंत्र व इलेक्ट्रॉनिक कांटा चालू था। सिर्फ बोर्ड लगा हुआ था। साफ सफाई का अभाव था। इसके अलावा साधन समिति बभनियॉव, जनौली, एवती, अवहीं आदि क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकांश क्रय केन्द्र बंद पड़े थे। बिजली पानी से लेकर साफ सफाई का अभाव था। लौटते समय धानापुर क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी नही होने पर नाराजगी जताया। अंत में क्रय केन्द्रों की दुर्व्यवस्था को लेकर डीएम को पत्र लिखकर अवगत कराया। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि अधिकांश क्रय केन्द्र बंद रहे। खरीदारी तो दूर क्रय केन्द्रों पर साफ सफाई का अभाव है। सभी केन्द्र संचालकों को नोटिस दिया जायेगा।


सकलडीहा तहसील क्षेत्र में बंद पड़ा धान क्रय केन्द्र।

# खो-खो प्रतियोगिता की विजेता बनी महादेव पीजी कॉलेज की टीम

**खेल**

### पढ़ाई के साथ खेल भी बहुत जरूरीः विकासधर दूबे

**शहाबगंज।** श्री योगेश्वरनाथ महाविद्यालय में गुरवार को एक दिवसीय अंतर महाविद्यालय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां छह महाविद्यालय के छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जहां प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली बालिकाओं को मेडल व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार चकिया विकासधर दूबे ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत ही जरूरी है। खेलने से मन और मस्तिष्क दोनों स्वास्थ्य होते हैं। जिससे पढ़ने में भी रुचि पैदा होती है। खेल के द्वारा देश, विदेश में सम्मान मिलता है। वही आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन इस ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय में होने से अन्य बालिकाओं में भी खेलने को लेकर जिज्ञासा पैदा होगी। हर व्यक्ति को अपने रुचि के खेल में प्रतिभाग करना चाहिए। वहीं समापन से पूर्व महात्मागांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, श्री योगेश्वरनाथ महाविद्यालय शहाबगंज, महादेव पीजी कालेज वाराणसी, सनबीम कालेज फार वोमेन वाराणसी, धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज वाराणसी व अग्रसेन महिला पीजी कालेज वाराणसी की टीम ने प्रतिभाग किया। जहां फाइनल मैच में अग्रसेन महिला पीजी कालेज को हराकर महादेव पीजी कालेज की छात्राएं विजेता बनी। वही द्वितीय स्थान अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज, तृतीय स्थान पर काशी विद्यापीठ की छात्राएं रही। मैच रेफरी की भूमिका राजू यादव, राजन, अखिलेश, दिलीप सिंह, महेश पासवान ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक विभा गिरी, प्रधानाचार्य डाक्टर इरफान, जमील अहमद, कुलदीप यादव, डाक्टर नंदिनी पटेल, श्रद्धा वर्मा,शतीस कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।


शील्ड के साथ खो-खो प्रतियोगिता में विजयी टीम के खिलाड़ी।

# निष्काम भक्ति करने वाला जीव भगवान को प्रियः अखिलानन्द

**कथा**

### भव्य भंडारा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन

**डीडीयू नगर।** संस्कृति संजीवनी सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस कथा के पूर्व हवन आदि सम्पन्न हुआ। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अंतिम दिवस की कथा श्रवण कराते हुए कथावाचक अखिलानन्द महाराज ने भगवान कृष्ण के विवाह प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि रुक्मिणी जी लक्ष्मी स्वरूपा हैं जो नारायण का ही वरण करती हैं। रुक्मिणी विवाह में शिशुपाल वर के रूप में आते है लेकिन रुक्मिणी द्वारकाधीश का ही वरण करती हैं। भगवान कृष्ण जब द्वारकापुरी से विदर्भ देश के कुण्डिनपुर आते हैं तो जीतेन्द्रीय बनकर आते हैं और शिशुपाल कामी बनकर आता है। कहा कि हम जिस प्रकार धन प्राप्त करते हैं वह धन उसी कार्य में खर्च होता है। इसलिए मानव को सदैव ध्यान रखना चाहिए की वह धर्म पूर्वक ही धन ग्रहण करें। भगवान श्री कृष्ण विवाह पर उन्होंने ने कहा कि द्वारिकाधीश का विवाह रूक्मिणी जी के साथ साथ जामवंती, सत्यभामा, लक्ष्मणा, कालिन्दी के विवाह पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। कहा कि भगवान कृष्णा का ग्यारह सौ आठ विवाह सम्पन्न हुआ। सुदामा चरित्र पर उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के आधीन होते हैं सुदामा जी बाल सखा भी है और परम भक्त भी। जीव यदि निष्काम भक्ति करता है तो भगवान को प्रिय हो जाता है। जो अनन्य भाव से भक्ति करता है तो भगवान उसके सुख दुख के साथी हो जाते है। सुदामा की दशा को देख कर अपनी करूणा द्वारा अनुग्रह करके अपने को धन्य करते है। इसीलिए सभी मार्गों में भक्ति मार्ग महाश्रेष्ठ बताया गया है। इस मौके पर पीएन सिंह, उपेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह संजय अग्रवाल, अतुल दूबे, संतोष शर्मा, संजय तिवारी, भैयालाल पाठक, कन्हैयालाल जायसवाल, त्रिभुवन उपाध्याय, रेखा अग्रवाल, कृष्णकांत गुप्ता, संतोष पाठक, अमरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अवतार सिंह, महेंद्र सिंह, विक्की जुनेजा आदि उपस्थित रहे।


डीडीयू नगर में भागवत कथा कहते कथावाचक।

# लोकनाथ पीजी कॉलेज में हुआ टैबलेट वितरण

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामगढ़ में मुख्य अतिथि सर्वेश कुशवाहा व प्रभुनारायण सिंह लल्ला के अध्यक्षता में एमए चतुर्थ सेमेस्टर के 56 छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा का आधुनिकीकरण हो चुका है ऐसे में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रदेश की सरकार हर तरीके से सुविधा सम्पन्न बना रही। आज लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को टैबलेट देकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। साथ ही उन्होंने सरकार के सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

बाबा कीनाराम इंटर कालेज के प्रबंधक प्रभुनारायण सिंह लल्ला ने कहा कि बच्चे टैबलेट व स्मार्टफोन का तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र सकारात्मक प्रयोग करके आईटी सेक्टर में अपने को स्थापित करके कालेज व क्षेत्र का नाम रोशन करें। प्रबंधक धनंजय सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान डा. विनय कुमार सिंह, अमृत प्रकाश सिंह, अनुपन सिंह, रितेश पाण्डेय, सर्वेश शर्मा, गोविंद शर्मा, अवधेश सिंह, धीरेंद्र राय, पप्पू पाठक, विवेक सिंह, अमित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अभय कुमार पीके में किया।


लोकनाथ महाविद्यालय में अतिथिगण से टैबलेट प्राप्त करता छात्र।

# कबड्डी प्रतियोगिता में नईबाजार की बालिकाओं ने जीता ट्राफी


नईबाजार बालिका वर्ग की टीम कबड्डी प्रतियोगिता में ट्राफी के साथ खुशी मनाते हुए

**सकलडीहा।** दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय डिग्घी में गुरुवार को संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि बीडीओ अरुण कुमार पाण्डेय ने जूनियर बालिका कबड्डी में संकुल पौरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार को छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कई विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य खेलकूद टीचर मौजूद रहे। बीडीओ ने कहा कि आज के परिवेश में खेलकूद से हर तरह का विकास होता है। खेलने वाला खिलाड़ी देश, प्रदेश, जिला इसके बाद गांव का नाम रोशन करता है। वही 400 मीटर दौड़ में संकुल पौरा का संजय प्रथम, एकांकी व वालीबाल में भी संकुल पौरा रहा। इस अवसर पर संकुल टीम कोच अरुण रत्नाकर, संतोष कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह, अवनीश यादव, शैलेन्द्र, कृष्ण मोहन, दिनेश गौतम आदि खेल शिक्षक रहे मौजूद।

# स्पोर्ट्स

## कतर ने विश्वकप के लिए जारी किये करंसी नोट और सिक्के

दोहा। कतर ने 20 नवंबर से होने वाले विश्वकप फुटबॉल मुकाबले को देखते हुए करंसी नोट और सिक्के जारी किये है। इन सिक्कों को यहां आने वाले लोग भी खरीद सकेंगे। कतर सेंट्रल बैंक (क्यू.सी.बी.) ने फीफा और सुप्रीम कमेटी फॉर प्रोजैक्ट्स एंड लिगेसी के साथ 22 कतरी रियाल स्मारक नोट और फीफा और विश्व कप के लोगो वाले सिक्के जारी किए हैं। कतर सेंट्रल बैंक के राज्यपाल शेख मोहम्मद बिन सऊद अल-थानीक के साथ फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी इस अवसर पर मौजूद थे। विश्व कप ट्रॉफी और कतर 2022 लोगो वाली जारी इस मुद्रा में एक तरफ लुसैल स्टेडियम की तस्वीर है और दूसरी तरफ अल बेयत स्टेडियम है। इस नोट की पृष्ठभूमि में कतर का राष्ट्रीय प्रतीक, क्षितिज, एक ढो और जुबारा किला भी दिखाई दे रहा है।



# टीम इंडिया को दस विकेट से रौंदकर फाइनल में इंग्लैंड

## टी20 विश्वकप : रविवार को पाक से होगा खिताबी मुकाबला



एडीलेड। इंग्लैंड ने यहां टी20 विश्व कप क्रिकेट के दूसरे सेमीफाइनल में टीम इंडिया को दस विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में रविवार को उसका सामना पाकिस्तान से होगा। पाक टीम ने पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। पहले सेमीफाइनल की तरह ही यहां खेला गया दूसरा सेमीफाइनल भी एकतरफा रहा और भारतीय टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड ने भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 168 रन बनाये। इस प्रकार इंग्लैंड को जीत के लिए 169 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने 80 और एलेक्स हेल्स ने 86 रनों की आक्रामक पारी खेली। इस जोड़ी ने 16 ओवर में ही 170 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इस मैच में भारतीय टीम खेल के किसी भी क्षेत्र में नहीं टिक पायी। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ही नाकाम रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और लोकेश राहुल 5 रन बनाकर आउट हो गये। राहुल क्रिस वोक्स की गेंद पर जोस बटलर के हाथों कैच हुए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पारी को आगे बढ़ाया। रोहित और विराट ने भारतीय टीम को 56 रनों तक पहुंचाया तभी रोहित 21 रन बनाकर जोर्डन की गेंद पर सैम करेन के हाथों कैच हुए। आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी बड़ी पारी नहीं खेल पाये और 14 रन बनाकर साल्ट का शिकार बने। इसके बाद कोहली 50 और हार्दिक पांड्या 63 ने पारी को संभाला और उसे आगे बढ़ाया। दोनों ने ही बढ़े शॉट लगाकर रन गति भी बढ़ायी। हार्दिक ने 47 गेंदों पर चार चौके और पांच छक्के लगाये जबकि विराट ने 40 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाया। वहीं इंग्लैंड की ओर से क्रिस जॉर्डन ने 3 विकेट जबकि क्रिस वोक्स और आदिल रशीद ने एक-एक विकेट लिया। एजेंसी

## शुरूआत में ही दबाव में आने के करण हारे : रोहित

एडिलेड। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल में मिली करारी हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने माना है कि टीम शुरूआत में ही दबाव में आ गयी थी। रोहित ने कहा, "मैं बहुत निराश हूं कि मैच आज कैसे बदल गया। हमने उस स्कोर को हासिल करने के लिए अच्छी बल्लेबाजी की पर हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। ऐसा नॉकआउट मैचों में दबाव के चलते होता है। हम शुरूआत में घबराए हुए थे, इस दौरान हम शांत नहीं रहे पाये हालांकि आपको इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा, उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।" उन्होंने साथ ही कहा, "मुझे लगा कि यह पहले ओवर में थोड़ा सा स्विंग हुआ, लेकिन सही दिशा से नहीं। हम जानते हैं कि रन स्क्वायर ऑफ विकेट के ऊपर से बनाए जाते हैं, हम इसके बारे में जानते थे। जब हमने पहला गेम जीता था, तो इसने काफी मजबूत चरित्र दिखाया था। बांग्लादेश के खिलाफ मैच काफी कठिन था। मुझे लगा कि हम अपने आप को संभाले हुए हैं पर आज ऐसा नहीं कर सके।" भारतीय टीम इस मैच में 20 ओवर में छह विकेट पर 168 रन बना पायी और इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 16 ओवर में ही 170 रन बनाकर हासिल कर लिया।

## मौलिक अधिकार हमें कानून के समक्ष देता है समानताः खालिद वकार आबिद




डीडीयू नगर। जिला विधिक प्राधिकरण चंदौली के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के अभियान के अंतर्गत चल रहे ह्यहक हमारा भी तो हैह्य अभियान को सशक्त बनाने हेतु कसाब मोहाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आम जनमानस, अल्पसंख्यकों,महिलाओं को संविधान के मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्य के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष एवं पैनल लॉयर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद चंदौली के सदस्य खालिद वकार आबिद ने बताया कि संविधान में 6 मौलिक अधिकार दिए गए हैं जिनमें राज्य द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। इन अधिकारो में समानता का अधिकार जिसमें कानून के समक्ष समानता, धर्म, वंश, जाति लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध शामिल है और रोजगार के संबंध में समान अवसर शामिल है। जो व्यक्ति के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिये आवश्यक हैं और जिनके बिना मनुष्य अपना पूर्ण विकास नहीं कर सकता। विधि छात्र दुर्गेश कुमार सिंह ने मौलिक कर्तव्यों के बारे में आम जनमानस को बताते हुए कहा कि संविधान में मौलिक कर्तव्य को अनुच्छेद-51 के भाग-4 में जोड़ा गया है। वर्तमान में भारतीय संविधान में 11 मौलिक कर्तव्य हैं। इस मौके माशूक रजा, हुसैन, दीपक विश्वकर्मा, रेहान, शादाब अली, शफीक, इमरान, इस्माइल अंसारी आदि मौजूद रहे।

# विराट की नई कामयाबी: टी-20 फॉर्मेट में चार हजार रन बनाने वाले दुनिया के पहले बैटर बने

## एलेक्स हेल्स के बने दो हजार रन



मेलबर्न। विराट कोहली टी-20 इंटरनेशनल में 4000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन बनाते ही उनके इस फॉर्मेट में 4000 रन पूरे हो गए। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में कोहली ने 40 गेंद पर 50 रन की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और एक छक्का लगाया।

अब कोहली के 115 टी-20 मैचों में 4008 रन हो गए हैं। वो टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। खास बात यह है कि इस फॉर्मेट में उनके पीछे यानी दूसरे पायदान पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित के 148 मैचों में 3853 रन हैं। 31 रन बनाते ही विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड फिलहाल, ऑस्ट्रेलिया के शॉर्टर फॉर्मेट के कप्तान एरोन फिंच के नाम दर्ज था। फिंच ने 16 टी-20 इंटरनेशनल पारियों में इंग्लैंड के खिलाफ 619 रन बनाए हैं। कोहली ने 20 पारियों में 639 रन हो गए हैं।

विराट टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन की पारी में 4 चौके लगाए। टी-20 वर्ल्ड कप में वो अब तक 103 चौके लगा चुके हैं। उन्होंने तिलरत्ने दिलशान को पीछे छोड़ दिया। दिलशान के 101 चौके हैं। कोहली से आगे श्रीलंका के ही पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने हैं। महेला ने 111 चौके लगाए हैं।

16वें ओवर में क्रिस जॉर्डन की एक यॉर्कर को विराट कोहली मिड विकेट की तरफ खेलना चाहते थे। गेंद की रफ्तार 144 किलोमीटर प्रतिघंटे थी। कोहली का बैलेंस बिगड़ा और वो विकेट पर गिर पड़े। अंपायर ने नॉटआउट करार दिया, लेकिन इंग्लिश टीम ने रिव्यू ले लिया। बहरहाल, थर्ड अंपायर ने इसे ह्यअंपायर्स कॉलह्व करार दिया और कोहली बच गए। इसकी अगली ही गेंद पर विराट ने क्लासिक कवर ड्राइव खेला और यह चार रन में तब्दील हो गया।

# हेल्स को शुरूआत में नहीं मिली थी विश्वकप टीम में जगह टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में की शानदार बल्लेबाजी



एडीलेड। टीम इंडिया के खिलाफ टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में शानदार बल्लेबाजी कर भारतीय टीम के गेंदबाजों की लाइन व लैंथ खराब करने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स को शुरूआत में टीम में जगह तक नहीं मिली थी। हेल्स ने भारत के खिलाफ 28 गेंद पर 5 छक्के और 1 चौका जमाते हुए अर्धशतक बनाया। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप के लिए जो 15 सदस्यीय टीम चुनी थी उसमें हेल्स का नाम नहीं था। उन्हें विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो के चोटिल होकर बाहर होने के बाद ही टीम में जगह मिली भी। भारत के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने बिना कोई विकेट खोय ही केवल 16 ओवर में जीत हासिल कर ली। इसमें हेल्स की अहम भूमिका रही। हेल्स ने जोस बटलर के साथ मिलकर 170 रन की अहम साझेदारी बनायी।. हेल्स ने 47 गेंद पर 7 छक्के और 4 चौके लगाते हुए 86 रन बनाए।


## उत्तर प्रदेश के चार शहरों में खेले जाएंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24

### 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स 2023-24 की मेजबानी करेगा। इन खेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश के 4 शहरों में होगा। राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और नोएडा इन खेलों का आयोजन करेगी। उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव खेल, नवनीत सहगल ने कहा खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स में लगभग 4500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें बास्केटबॉल, जूडो, कबड्डी, रोइंग, कुश्ती, बॉक्सिंग सहित 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों में पूरे देश से तकरीबन 150 विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलो इंडिया के प्रतिनिधि और यूपी सरकार के अधिकारियों की बैठक में लिए गए फैसलों के अनुसार नोएडा में कबड्डी, जूडो, तीरंदाजी और तलवारबाजी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा, जबकि गोरखपुर को रोइंग के लिए तय किया गया है। वहीं कुश्ती, मलखंब और योग का आयोजन वाराणसी में जबकि बाकी कार्यक्रम लखनऊ में किए जाएंगे। सहगल ने कहा कि ह्यराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों में 26 साल से कम उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन में महिलाओं के खेलों पर विशेष ध्यान रहेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इन खेलों का उदघाटन और समापन समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

## फिल्मी खबरें

### 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद अब कहानी 'द वैक्सीन वॉर' की




मुंबई। हाल ही में विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आने वाली फिल्म के एक संकेत के साथ जनता का ध्यान खींचा था, जिसके बाद ही नेटिजन्स ने उनकी अपकमिंग फिल्म के नाम का अनुमान लगाना शुरू कर दिया था। अब प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करते हुए फिल्म मेकर ने आखिरकार अपनी आने वाली फिल्म का टाइटल अनाउंस कर दिया हैं, जो है 'द वैक्सीन वॉर'। इस फिल्म की ग्लोबल रिलीज के लिए 15 अगस्त 2023 की डेट बुक की गई है। विवेक उन दर्शकों के लिए फिल्में बनाने में विश्वास करते हैं जो हमारे देश की जड़ों में हैं और दुनिया के लिए भी यह देखने के लिए कि हमारे देश ने वास्तव में क्या हासिल किया है। यह फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, भोजपुरी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और बंगाली सहित 10 से अधिक भाषाओं में रिलीज होगी। बहुत सारे गेसिंग गेम के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री ने आखिरकार अपनी आने वाली फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के टाइटल की घोषणा कर दी है। जबकि उन्होंने टाइटल के साथ फिल्म का पोस्टर भी जारी किया है, यह उस विषय के बारे में बहुत कुछ कहता है जो फिल्म पर आधारित है जो दर्शाता है कि यह भारतीय बायो साइंटिस्ट और स्वदेशी वैक्सीन के बारे में कुछ चैप्टर्स खोलेगी। पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट भी दी गई है, जो स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2023 को निर्धारित है। ये फिल्म इस महीने से फ्लोर्स पर जाने के लिए तैयार है। इसके बारे में बोलते हुए, विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि जब द कश्मीर फाइल्स को कोविड लॉकडाउन के दौरान पोस्टपोन कर दिया गया, तो मैंने इस पर रिसर्च करना शुरू कर दिया। फिर हमने आईसीएमआर और एनआईवी के वैज्ञानिकों के साथ रिसर्च करना शुरू किया जिन्होंने हमारी अपनी वैक्सीन को संभव बनाया। उनके संघर्ष और बलिदान की कहानी जबरदस्त थी और रिसचर्स करते समय हम समझ गए कि कैसे इन वैज्ञानिकों ने भारत के खिलाफ न केवल विदेशी एजेंसियों बल्कि हमारे अपने लोगों द्वारा छेड़ा गया युद्ध लड़ा। उन्होंने आगे कहा कि यह एक बायो-वार के बारे में भारत की पहली प्योर साइंस फिल्म होगी जिसके बारे में हमें कोई जानकारी नहीं थी। आई एम बुद्धा के निर्माता, पल्लवी जोशी ने साझा किया, यह फिल्म हमारे बेहतरीन बायो साइंटिस्ट की जीत का जश्न मनाती है। वैक्सीन वार उनके बलिदान, समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए हमारी श्रद्धांजलि है।

### दीपिका ने लॉन्च किया अपना सेल्फ केयर ब्रांड '82 ईस्ट'



मुंबई। ग्लोबल इंडियन आइकन दीपिका पादुकोण ने आज अपना सेल्फ-केयर ब्रांड 82 ईस्ट लॉन्च किया हैं। मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक कल्याण की दिशा में काम करने के लिए सबसे आगे रहने वाली एक्ट्रेस का ये ब्रैंड प्रीमियम, हाई परफॉर्मेंस वाले प्रोडक्ट्स की पेशकश करेगा जो सेल्फ केयर के लिए रोजमर्रा की जिंदगी का एक सरल, प्रभावी और आनंददायक हिस्सा बनाते हैं। दीपिका के इस ब्रांड का नाम 82 ईस्ट मेरिडियन से प्रेरित है जो भारत के जरिए अनुदैर्ध्य रूप से चलता है और देश के स्टैंडर्ड टाइम को परिभाषित करता है। 82ईस्ट एक मॉडर्न महिला के रूप में दीपिका पादुकोण की यात्रा और अनुभव को दशार्ता है, जो भारत में बसा है लेकिन अपने आउटलुक में ग्लोबल है। ब्रांड इस महीने अपनी इनॉग्रल कैटेगरी के रूप में स्किनकेयर के साथ लॉन्च होगा। 82ईस्ट के स्किनकेयर प्रोडक्ट्स इन-हाउस विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए जाते हैं, और हर प्रोडक्ट एक भारतीय इंग्रीडिएंट को एक साइंटिफिक कंपाउंड के साथ एक पावरफुर फॉमुर्ला में जोड़ता है। 82ईस्ट के प्रोडक्ट्स को अच्छी तरह से सोच समझ के बनाया गया है ताकि स्किनकेयर रूटीन को एंजॉय किया जा सके। 82ईस्ट को भारत का पहला सेलिब्रिटी-ओनड सेल्फ-केयर ब्रांड होने पर गर्व है, जिसे ग्लोबल इंस्टीट्यूशनल वेंचर पूंजीपतियों का समर्थन मिला है। अपना खुद का सेल्फ-केयर ब्रांड लॉन्च करने के मौके पर, दीपिका पादुकोण, को-फाउंडर, 82ईस्ट , कहती हैं, मैं दुनिया में कहीं भी हूं, सिंपल सेल्फ केयर रूटीन ही फॉलो करती हूं, ये मुझे जमीन से जुड़े रहने में मदद करता है और मुझे फोकस्ड रहने में सक्षम फील कराता है।

### मलाइका अरोड़ा कर रही हैं अपना डिजिटल डेब्यू




मुंबई। बॉलीवुड की ग्लैमरस दिवा मलाइका ने अपनी लाइफ में बहुत कुछ देखा है। और अपने शानदार डांस मूव्स और करिश्मा से दिलों पर राज करने वाली – मलाइका अरोड़ा ने डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ अपना बहुप्रतीक्षित डिजिटल डेब्यू किया है। वह एक बिल्कुल नए, एक्सक्लूसिव शो, मूविंग इन विद मलाइका में अनफि ल्टर्ड बातचीत के जरिए फैन्स को अपने पास्ट, प्रेजेन्ट और फ्यूचर की एक झलक देने के लिए तैयार हैं। 5 दिसंबर से रिलीज होने वाली इस रोमांचक सीरीज को बानी जे एशिया द्वारा निर्मित किया गया है, जिसमें उनके दोस्तों और परिवार के मेहमान भी शामिल होंगे और उनके राज खोलेंगे। डिज्नी स्टार के डिज्नी+ हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क के हेड-कंटेंट गौरव बनर्जी ने कहा कि कॉफी विद करण के सफल सीजन 7 के बाद, हम अपने दर्शकों के सामने एक और रोमांचक रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका लाकर खुश हैं। इस लेटेस्ट शो के साथ हम गैर-फिक्शन शो के अपने कैटलॉग का विस्तार कर रहे हैं, जिससे दर्शकों को मलाइका अरोड़ा के जीवन की एक झलक मिलती है। शो को लेकर मलाइका अरोड़ा ने अपने उत्साह को साझा करते हुए कहा,* ह्लसबसे लंबे समय तक, दुनिया ने मुझे सोशल मीडिया के जरिए जाना है। लेकिन इस बार मैं इसे थोड़ा ऊपर उठाने के लिए उत्साहित हूं।

# पीएम मातृत्व अभियान में लाभान्वित हुईं 1092 महिलाएं

चंदौली। जनपद में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के दौरान सभी सीएचसी व पीएसी पर गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) की सुविधाएं प्रदान की गई। इसमें 1092 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जिसमें 107 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणी में चिह्नित किया गया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डा. आरबी शरण ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर पहली बार गर्भवती हुई महिलाओं की जांच के साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण भी किया जाता है। इस दिवस पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाली गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व सभी जांच, ब्लड टेस्ट, यूरिन जांच, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हीमोग्लोबिन जांच, अल्ट्रासाउंड की निःशुल्क सुविधा दी गई। साथ ही परिवार नियोजन, खुशहाल परिवार के बारे में परामर्श भी दिया गया। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता मनोज कुमार ने बताया कि हर महीने की नौ तारीख को गर्भवती की निरूशुल्क प्रसव पूर्व जांच की जाती है। जांच में मधुमेह का स्तर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, अल्ट्रासाउंड के साथ गर्भवती के खतरे के लक्षण का पता लगाया जाता है। इसमें भ्रूण का कम हिलना या न हिलना, तेज बुखार, त्वचा का पीलापन, हाथ पैरों व चेहरे पर सूजन, दौरे पड़ना, उच्च रक्तचाप, तेज सिर दर्द व धुंधला दिखना, योनि से रक्त स्त्राव आदि लक्षण की जानकारी प्राप्त की जाती है। ताकि कोई भी जोखिम भरी स्थिति की संभावना हो तो उससे बचने के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

## नगर पंचायत के चुनाव में दमखम से उतरेगी सुभासपा

सकलडीहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी विधानसभा सकलडीहा व सैयदराजा की समीक्षा बैठक गुरूवार को नईबाजार पार्टी कार्यालय पर हुई। इस दौरान जिलाधयक्ष बबलू राजभर ने बूथ, सेक्टर, व न्याय पंचायत में बार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने की चर्चा किया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को बूथ व सेक्टर को मजबूत बनाने का निर्देश दिया गया। सुभासपा जिलाध्यक्ष बबलू राजभर ने बताया कि संगठन पंचायत चुनाव के बाद नगर पंचायत चुनाव में दमखम के साथ चुनाव की तैयारी शुरू कर दिया है। जनपद के नगर निगम चुनाव में भी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इस दौरान चन्द्रशेखर फौजी को सकलडीहा विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद राजभर, मंडल अध्यक्ष जगरोपन राजभर, श्रीनाथ चौधरी, आनन्द राजभर, वकील राजभर, प्रवेश राजभर, अनिल राजभर, अमरनाथ राजभर आदि मौजूद रहे।

# थोड़ी सी सावधानी जीवन को रखती है खुशहाल व सुरक्षितः प्राचार्य



सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में अतिथियों का वक्तव्य सुनते छात्र-छात्राएं।

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कॉलेज में गुरूवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी रखने से हजारों जिंदगियों को बचाया जा सकता है। यातायात नियमों का पालन नहीं करने से बहुत से लोग अपनी अपनी जिंदगी गवा देते हैं। इसलिए आवश्यकता है सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दयाशंकर सिंह यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसमें प्रमुख रूप से पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव, प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह, प्रोफेसर महेंद्र प्रताप सिंह, डा.सीता मिश्रा, डा.श्याम लाल यादव, डा.अनिल तिवारी सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सिपाही के खिलाफ मुगलसराय थाने में पीड़ित ने दी तहरीर

पड़ाव। स्थानीय पुलिस चौकी जलीलपुर में तैनात कांस्टेबल आशुतोष पांडेय के खिलाफ मढ़िया निवासी पीड़ित ने मुगलसराय थाने में तहरीर दिया है। तहरीर के अनुसार मढ़िया निवासी हरि शंकर पटेल पुत्र स्वर्गीय राम अवतार और बहादुरपुर निवासी सुभाष पुत्र छेदी साहनी के बीच जमीन का विवाद चल रहा है जिसको लेकर पूर्व विधायक छब्बू पटेल और चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में बुधवार की सुबह में राजस्व संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाकर नापी कराने के पश्चात जिसके हक में आएगा उसी का जमीन पर कब्जा होगा सुलह हुआ, लेकिन इसके बावजूद दोपहर बाद कांस्टेबल आशुतोष पांडेय ने पीड़ित हरि शंकर पटेल के परिजनों को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए और जेल भेजने की धमकी के साथ सुभाष की गुमटी रखवा दी। इससे भयभीत पीड़ित ने दबंग कांस्टेबल के खिलाफ मुगलसराय थाने में तहरीर दिया है। इस संबंध में जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसा मामला हमारे संज्ञान में नहीं है अगर यह बात सच है तो कार्रवाई की जाएगी।

## आवारा कुत्ते ने 17 ग्रामीणों को काटा, दहशत

कंदवा। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में गुरूवार को 17 लोगों को आवारा कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। जख्मी लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर पहुंचकर एंटी रैबीज लगवाई। वहीं कुछ लोगों ने दवा-ईलाज के बजाय झाड़-फूक कराना ही मुनासिब समझा। विदित हो कि इन दिनों क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है, जिससे ग्रामीण दहशत में है। गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 17 लोग आए, जिन्हें आवारा कुत्तों द्वारा काटा गया था। इन सभी लोगों को स्वास्थ्य कर्मियों ने सभी घायलों को एंटी रेबीज लगाई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र कुमार, डा.गौरव नंदन, डा.एसपी त्याग, संजय कुमार, सुदामा, तेजप्रताप, मृदुल, विनय आदि ग्रामीणों का दवा-ईलाज किया।

# पीयू एनएसएस के आधा दर्जन स्वयं सेवक बिलासपुर छत्तीसगढ़ रवाना




स्वयं सेवकों को रवाना करती कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**जनसंदेश न्यूज**

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के आधा दर्जन स्वयंसेवकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने हरी झण्डी दिखाकर 12 से 21 नवम्बर तक गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित दस दिवसीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया।

संबोधन में कुलपति ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर अच्छे प्रदर्शन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की उम्मीद व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने सभी चयनित स्वयंसेवकों का परिचय कुलपति से कराया। इस अवसर चयनित स्वयंसेवक/स्वयंसेविका आंचल मौर्या, लक्ष्मी गुप्ता, दीक्षा मिश्रा, विशाल यादव, मनीष पांडेय, सचिन सिंह तथा टीम का नेतृत्व कर रहे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोमारू राम, जगत नारायन सिंह, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, डॉ. विनय कुमार वर्मा, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. अवधेश कुमार मौर्य, सर्वेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## 6 मतदेय केन्द्रों पर होगा पन्द्रह वार्डों का चुनाव

**बदलापुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के पन्द्रह वार्डों का चुनाव छः मतदेय केन्द्रों पर कराया जाएगा। यह जानकारी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि मतदेय केंद्र जूनियर हाईस्कूल श्रीकृष्णनगर पर वार्ड नम्बर 1, 3, 4, 9, 14, 15 प्राथमिक विद्यालय श्रीकृष्ण नगर पर वार्ड नम्बर 2, 5, 8 प्राथमिक विद्यालय सरोखनपुर पर वार्ड नम्बर 6, प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार पर 7, 13 प्राथमिक विद्यालय कस्तूरीपुर पर वार्ड नम्बर 12 तथा प्राथमिक विद्यालय बदलापुर में वार्ड नम्बर 10, 11 के मतदाता मतदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर निरीक्षण के बाद पाया गया कि वहाँ मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प आदि की मुकम्मल व्यवस्था मौजूद है। इन सभी मतदेय केन्द्रों पर सभी पन्द्रह वार्डों का मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन वार्डों में 1200 से अधिक मतदाता वाले बूथ हैं उनके लिए अलग बूथ बनाया जाएगा। नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 2 हकारपुर ऊदपुरघाटमपुर में 1501, वार्ड नम्बर 3 बरौली में 1279, वार्ड नम्बर 8 भलुआही प्रथम में 1660, वार्ड नम्बर 9 सरोखनपुर तृतीय में 1335 मतदाता हैं इन बूथों के लिए अतरिक्त बूथ बनाया जाएगा।

# चेयरमैन ने सिविल एडीएन को लगाई फटकार

**कार्रवाई**

### चार सदस्यीय टीम के साथ किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**बदलापुर।** गुरूवार को रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर का रेलवे बोर्ड भारत सरकार के यात्री सेवा समिति (पीएससी) के चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न ने अपनी चार सदस्यीय टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीधे प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित कैंटीन मालिक से खाद्य सामग्री के बारे में बात करते हुए दूध की बिक्री आदि के बारे में जानकारी ली और प्लेटफार्म पर जगह-जगह लोहे का राड खुला पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल अधिकारी एडीएन को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यात्रियों को ठोकर से बचाव के लिए सात दिन के भीतर उखड़े लोहे के राड को ठीक कराएं। उन्होंने पेयजल टोंटी को बदलने के साथ ही वहाँ स्वच्छ पेयजल लिखवाए जाने के साथ ही हैण्डपम्प का पानी परीक्षण कराए जाने का निर्देश दिया और स्टेशन पर साफ सफाई के लिए उन्होंने स्टेशन अधीक्षक से कर्मचारियों की संख्या व उनको मिलने वाली पारश्रमिक के बारे में जानकारी ली। स्टेशन के प्लेटफार्म को जन सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरकेटिंग कराने को कहा। चेयरमैन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दो दर्जन बेंच, एक दर्जन फैन तथा दो दर्जन लाइट देने की घोषणा की। उन्होंने स्टेशन की साफ सफाई, अभिलेखों के रखरखाव तथा स्टेशन की कुशल मानीटरिंग करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्टेशन अधीक्षक मनोज यादव को पांच हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। इस दौरान उमाशंकर पाल, जेएन पाल, राजदेव पाल, अनिल सिंह शक्ति, धनन्जय सेठ, वैभव सिंह आदि लोगों ने चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते हुए बेगमपुरा एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन श्रीकृष्णा नगर पर ठहराव, कोरोना काल से बन्द अमृतसर हावड़ा तथा जौनपुर सुल्तानपुर पैसेंजर ट्रेन चलवाए जाने, मालवा एक्सप्रेस ट्रेन का नाम बदल कर अहिल्याबाई होल्कर नाम से ट्रेन चलाए जाने से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चेयरमैन ने बताया कि भारत के सभी स्टेशनों के आधुनिकीकरण कराये जाने के लिए हमारी सरकार का प्रयास है। इसी को मद्देनजर भारत के सभी स्टेशनों का निरीक्षण कर पैसेजरों से जुड़ी समस्या के बारे में जानकारी की जाएगी। इससे पूर्व स्टेशन अधीक्षक मनोज यादव ने चेयरमैन सहित उनकी चार सदस्यीय टीम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। टीम में बेबी चंकी, रामकिशन, प्रमोद सिंह तथा यतींद्र सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## संक्षेप

### बकाया पैसे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ दी नामजद तहरीर**

**कोतवाली थाना क्षेत्र के सरौनी पश्चिम पट्टी गांव का मामला**

**केराकत।** बकाया पैसे को लेकर गुरूवार को दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। मामला सरौनी पश्चिम पट्टी गांव का है। कोतवाली थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव के राजनरायण की पत्नी मीरा देवी की शिकायत है कि उसके गांव के छांगुर सरोज के यहां उसका पैसा बकाया है। उसके पति राजनारायण उर्फ राजू ने पैसे का तकादा किया तो छांगुर के बेटे बंटी और सचिन सबेरे 8 बजे उसके घर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे और मना करने पर दोनों ने उसकी व उसके पति की पिटाई की। बेटों गणेश और महेश ने बीच बचाव किया तो मनबढ़ों ने उनकी भी पिटाई कर दी। दूसरी ओर छांगुर सरोज का कहना है कि मीरा उसके पति राजनारायण उर्फ राजू साहनी ने उसके बेटों मोहन उर्फ बंटी सरोज और सचिन सरोज को धोखे से अपने घर बुलाया और उनकी पिटाई की। मारपीट के इस मामले में मीरा और सचिन ने एक दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

### युवक हुआ जहर खुरानी का शिकार

**शाहगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक युवक बेहोशी की हालत में प्लेटफार्म नंबर एक पर पड़ा हुआ था। यात्रियों की सूचना पर जीआरपी ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। सरपतहां थाना क्षेत्र के करीमपुर निवासी 40 वर्षीय दिनेश यादव पुत्र राम अकबाल यादव लुधियाना से कमाकर घर जाने हेतु स्टेशन पर उतर कर बैठा हुआ था और जहर खुरानी का शिकार हो गया। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। साथ में रखा सारा सामान गायब था। यात्रियों की सूचना पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के आदेश के अनुपालन में गैरजमानती वारंटी रविकान्त पाण्डेय, शशिकान्त पाण्डेय पुत्रगण श्रीनाथ निवासी भटेवरा थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की दोपहर दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### नगर में फर्जी मतदाताओं का नाम दर्ज होने पर एसडीएम से शिकायत

**शाहगंज।** नगर पालिका चुनाव में मतदाता सूची में फर्जी नाम होने की शिकायत सपा नेताओं ने उपजिलाधिकारी अंकित कुमार से किया। इस बाबत उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा गया। सपा नेताओं ने उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंप कहा है कि बाहरी लोगों का नाम फर्जी तरीके से मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं जिंदा मतदाताओं को मृत घोषित कर उनका भी नाम काट दिया गया है। जिनकी मौत हो चुकी है वह मतदाता सूची में जिंदा है। सपा नेताओं ने सत्ता पक्ष के नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी तरीके से अपने चहेतों को वोट बढ़ाने व मनमाने तरीके से कुछ मतदाताओं की सूची पर आपत्ति लगाकर सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरशद अंसारी, युवा नेता वीरेन्द्र सिंह बंटी, शेखर साहू, पंकज गुप्ता, अखिलेश यादव, मकसूद अहमद, राम प्रसाद मोदनवाल, संदीप आदि मौजूद रहे।

### जल्द केवाईसी करवा लें दिव्यांगजन

**जौनपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में कुल 19790 दिव्यांगजनों के आधार आथेन्टीकेशन (केवाईसी) हो गयी थी जिनकी दिव्यांग पेंशन की द्वितीय तिमाही की धनराशि उनके खाते में अन्तरित हो गयी है। अभी भी 6226 दिव्यांगजनों द्वारा अपनी केवाईसी) नहीं करवाई गयी है जिसके कारण उनके दिव्यांग पेंशन की द्वितीय तिमाही की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं हुई है एवं दिव्यांग पेंशन से वंचित है।

### निगरानी समिति के सदस्य का आगमन कल

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल ने बताया कि सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन, कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग भग्गूलाल बाल्मीकि 12 नवंबर को पूर्वाह्न 11 अपर जिला अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, पीओ डूडा, मंडी समिति सचिव एवं सफाई कर्मी यूनियन/संगठन प्रमुखों के साथ हाथ से मैला साफ करने की कुप्रथा से विमुक्त स्वच्छकारों के पुनर्वासन तथा सफाई कर्मियों की समस्याओं के संबंध में विशेष समीक्षा बैठक करेंगे।

### कृषि ऋण प्रवाह में वृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन

**जौनपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जनपद को ऋण की कमी वाले जिला के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें प्रति व्यक्ति प्राथमिकता प्राप्त ऋण की सीमा रू. 6000/- से कम है। जनपद में ऋण-जमा अनुपात तथा कृषि ऋण एवं अनुषंगी कृषि ऋण की गतिविधियों के लिए ऋण प्रवाह में अपेक्षित वृद्धि हेतु नाबार्ड के दिशा निर्देशन व मार्गदर्शन में बड़ौदा यूपी बैंक द्वारा स्थानीय होटल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़ौदा यूपी बैंक के अध्यक्ष दविंदर पाल ग्रोवर थे। कार्यशाला में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राघवेन्द्र मौर्या, बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह, शाखा प्रबंधकगण, क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी तथा जिला कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला में नाबार्ड एवं बैंक के उच्चाधिकारियों ने शाखा प्रबंधकों एवं अधिकारियों को जनपद में ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने तथा कृषि ऋण एवं अनुषंगी कृषि ऋण की गतिविधियों के लिए ऋण प्रवाह में वृद्धि के लिए अधिकाधिक ऋण वितरित के लिए प्रेरित किया जिससे जिला ऋण की कमी वाले जिले की श्रेणी से जल्द से जल्द बाहर हो जाए। कार्यशाला के पश्चात बैंक अध्यक्ष दविंदर पाल ग्रोवर ने शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने, ऋण आवेदनों के त्वरित निस्तारण एवं अधिकतम एनपीए वसूली करने हेतु निर्देशित किया।




# परमिशन दस की, वनमाफिया ने काटे दर्जनों पेड़



वनमाफियाओं द्वारा काटे गये पेड़

**केराकत।** योगी सरकार पर्यावरण संरक्षण को संवेदनशील है लेकिन यहां तैनात वनकर्मियों के सहयोग से वन माफियाओं के परचम बुलंद है। क्षेत्र के नाउपुर, निहालापुर ग्रामसभा में प्रतिबंधित सूची में शामिल आम, सागौन के लगभग दो दर्जन हरे पेड़ों को काट दिया गया।

जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित किस्म के वृक्षों का परमिशन पांच सागौन, पांच आम के पेड़ का वन विभाग ने दिया है और मौके पर दर्जनों प्रतिबंधित पेड़ों को काटा जा रहा है। इस बात की पुष्टि करने के लिए जब हल्के के वन दरोगा लल्लन सिंह से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया की विभाग ने दस पेड़ों का परमिशन दिया है। लेकिन परमिशन से ज्यादा कट रहे अवैध वृक्षों के सवाल पर वे सकते में आ गए और फोन कट कर दिया। स्वीकृति दस वृक्षों की और वनमाफिया द्वारा दो दर्जन वृक्ष काटे जा रहे थे। इस पूरे मामले पर एसडीओ उमेश तिवारी ने कहाकि मामले की जांच कराई जाएगी, बिना स्वीकृति के वृक्ष काटे नहीं जाएंगे चाहे वनमाफिया रसूखदार क्यों न हो। वनमाफिया वृक्षों की कटाई करवाकर जेसीबी लगाकर जड़ों को निपटाने में लगा हुआ है। वन विभाग के स्थानीय कर्मियों की मिलीभगत से वन माफिया के हौंसले बुलंद है।

# स्कार्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**मछलीशहर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के कुरनी गाँव के डमरुआ तिराहा के निकट बाइक सवार पिता पुत्र की ट्रैक्टर से टक्कर के बाद मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसी बाइक पर सवार महिला व उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**हादसा**

### बाइक पर सवार बहन व उसकी बेटी की हालत भी गंभीर




रोते-बिलखते मृतक के परिजन

मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर, जमुहर गाँव निवासी गोरखनाथ यादव 38 वर्ष पुत्र विश्राम यादव गुरुवार को अपनी बहन आशा देवी 42 वर्ष को उसके घर सिकरारा थाना क्षेत्र के हजोशी गाँव अपनी बाइक से पहुंचाने जा रहा था। उसी बाइक पर उनका पुत्र दीपेश यादव 14 वर्ष और उनकी बहन की बेटी काजल 4 वर्ष भी बैठी थी। अभी वह लोग जौनपुर-रॉयबरेली हाइवे के कुरनी गाँव के निकट डमरुआ तिराहे के निकट पहुंचे थे कि सामने जा रही ट्रैक्टर ने अचानक ब्रेक मार दिया। ट्रैक्टर के पीछे पीछे चल रहे गोरखनाथ ने भी बाइक धीरे कर दी। इसी दौरान उनके पीछे से ओवरटेक कर रही एक स्कोर्पियो ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चला रहे गोरखनाथ यादव व उनके पुत्र दीपेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार बहन आशा व उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से सभी को मछलीशहर सीएचसी पहुंचाया। जहाँ चिकित्सक ने मां बेटी की गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना पर दो घंटे बाद पहुंची सिकरारा पुलिस दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर वापस चली गई जहाँ से कागजी कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची गोरखनाथ की पत्नी अंजू देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं वह बेटे की मौत पर बेहोश हो गई। पिता विश्राम यादव ने बताया गोरखनाथ मुंबई में सब्जी बेचने का कार्य करता था अभी कुछ दिन पूर्व ही गांव आया था।

# चेयरमैन ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**जनसंदेश न्यूज**

**शाहगंज।** यात्री सेवा समिति चेयरमैन रमेश चन्द्र रत्न ने स्टेशन का निरीक्षण किया। यात्री सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म नम्बर एक पर स्थित कैंटीन पर रेल यात्री को पानी का बिल न देने पर दस हजार रुपये जुर्माना लगाया। वहीं भोजनालय पर भी पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। भोजनालय में साफ-सफाई व कामर्शियल गैस प्रयोग करने का निर्देश दिया।

**सख्ती**

### कैंटीन व भोजनालय पर लगाया जुर्माना

### पानी की बोतल देने के बाद बिल न देने पर दस हजार रुपये पेनाल्टी



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे चेयरमैन रमेश चन्द्र

उन्होंने कहाकि वर्ष 2014 के पूर्व लोग रेल यात्रा से कतराते थे। लेकिन प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के चलते आज सुविधाओं में वृद्धि के बाद यात्रा आसान हो गया है। वंदे भारत व तेजस जैसी ट्रेनों का संचालन हो रहा है। सुरक्षा संरक्षा सुविधा से भारी बदलाव हुआ है। स्टेशन पर विद्युतीकरण हो चुका है। डबल लाइन कार्य प्रगति पर है। स्टेशन पर टिन शेड पेयजल आपूर्ति साफ-सफाई समेत मूलभूत आवश्यकता में वृद्धि किया जाय। कहाकि मैं चौबीस सदस्यों की टीम के साथ देश के कोने-कोने में निरीक्षण कर रहा हूं। इस वक्त हम चार सदस्यों की टीम निरीक्षण हेतु आये हैं। सफाई केवल अधिकारी कर्मचारियों के बस की बात नहीं। प्रधानमंत्री ने भी स्वच्छ भारत हेतु झाड़ू उठा लिया है। लिहाजा हम यात्रियों का भी दायित्व है कि यात्रा के सुखद आनन्द हेतु साफ-सफाई रखें। भाजपा नगर मंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू ने 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिल मोदनवाल डा. अभिषेक रावत, प्रशांत अग्रहरि आदि ने मिलकर समस्या निदान हेतु आग्रह किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनूप सिंहा, स्टेशन अधीक्षक वीरेंद्र कुमार यादव, जीआरपी प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## पारिवारिक प्रताड़ना से क्षुब्ध विवाहिता नदी में कूदी, मांझियों ने बचाया

**चंदवक।** आजमगढ़ जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के व्यवहरा गांव निवासी एक विवाहिता पारिवारिक प्रताड़ना से क्षुब्ध हो गुरुवार अपराह्न करीब दो बजे गोमती पुल से आत्महत्या की नियत से नदी में छलांग लगा दी। महिला के नदी में कूदने की जानकारी होते ही मछली मार रहे मांझियों ने उसे बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

खलियाखास गांव निवासी विनोद की पुत्री आँसू वर्मा की शादी देवगांव कोतवाली क्षेत्र के व्यवहरा गांव में रोहित वर्मा के साथ हुई है। इधर कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। कुछ दिनों पहले पंचायत भी हुई थी। परिवार के लोग प्रताड़ित कर रहे थे जिससे क्षुब्ध होकर उसने गोमती पुल से आत्महत्या की नियत से नदी में छलांग लगा दी। इसकी जानकारी होते ही मछली मार रहे किशन नाविक व शिव दयाल नाविक ने उसे बचा लिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बैंकों में पीएम स्वनिधि का विशेष कैंप 14 से

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** केन्द्र/राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व रजनीश राय के अध्यक्षता में देर सायं जनसुनवाई कक्ष में आयोजित हुई।

समीक्षा में शासन द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम एवं द्वितीय ऋण वितरण में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर उपस्थित अधिकारियों एवं बैंकर्स द्वारा लक्ष्यों की पूर्ति हेतु यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 नवम्बर दिन सोमवार एवं 15 नवम्बर दिन मंगलवार को सभी बैंकों में पीएम स्वनिधि का विशेष कैम्प आयोजित कर उसमें वेन्डरों में ऋणों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा तथा प्रत्येक सप्ताह के दिन शुक्रवार को पीएम स्वनिधि का कैम्प बैंकों द्वारा अपनी-अपनी शाखाओं में लगाया जायेगा ताकि सभी स्ट्रीट वेन्डर इससे लाभान्वित हो सके। अपर जिलाधिकारी से सभी नगर निकायों के स्ट्रीट वेन्डरों से अपेक्षा की है कि वे 14 व 15 नवम्बर को अपनी-अपनी-बैंक शाखाओं में पहुँचकर अपने स्वीकृत ऋणों को प्राप्त करें तथा इस योजना वंचित वेन्डर अपने-अपने नगर निकायों के माध्यम से आवेदन कर योजना के तहत मिलने ऋणों का लाभ उठाये और अपना आर्थिक उत्थान करें।

उन्होंने यह बताया कि इस योजनान्तर्गत प्रथम ऋण की समय से अदायगी करने वाले वेन्डरों को द्वितीय ऋण के रूप में 20 हजार तथा द्वितीय ऋण का ससमय अदायगी करने वाले वेन्डरों को तृतीय ऋण के रूप में 50 हजार रुपए का ऋण दिये जाने का प्राविधान है। बैठक में एलडीएम उमाशंकर, शहर मिशन प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह, ईओ संतोष मिश्रा, संजय कुमार, अनूप कुमार, संदीप कुमार, बृजनन्दन स्वरूप सहित सभी बैंकर्स उपस्थित रहे।

# दमखम के साथ निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : बृजलाल

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** शहर स्थित हिंदी भवन सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, विशिष्ट अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय शामिल हुए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की सूबे के आगामी निकाय चुनाव ने कांग्रेस जाति धर्म के बंधन को तोड़ते हुए सभी को साथ लेकर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेगी और प्रदेश में विजय पताका फहराएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर जनता में दिखने लगा है। आने वाला समय कांग्रेस का है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि प्रदेश में महामारी का दौर चल रहा है और भाजपा सरकार आँखे बंद किए बैठी है। स्वास्थ्य विभाग में डेंगू जैसी महामारी से निपटने के लिए ना तो व्यवस्था है ना बजट। सम्बोधन के क्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी और वरिष्ठ नेता देवव्रत मिश्रा ने कहाकि कांग्रेस कार्यकर्ता ही कांग्रेस की जान है हमारा एक एक कार्यकर्ता खुद में राहुल गाँधी है। नगर निकाय चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस दमदारी से लड़ेगी। सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खां, प्रदेश महासचिव सरिता पटेल, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, प्रदेश सचिव बृजेन्द्र मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज और संचालन शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मकसूद खान, सरिता पटेल, भगवती चौधरी, देवब्रत मिश्रा, लालजी चौहान, राजेश सिंह, मंगला मिश्रा, मुफ्ती मेहंदी, अंकित ठाकुर सप्पू आदि अपने विचार व्यक्त किये।



अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष

## उसरा शहीद बाबा का सालाना उर्स आज

**करंजाकला।** ब्लॉक क्षेत्र के सिद्दीकपुर में उसरा शहीद बाबा का 44वां सालाना उर्स शुक्रवार को होगा जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह छह बजे कुरान खानी से होगी। शाम पांच बजे चादरपोशी और सात बजे जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया जाएगा और रात्रि 9 बजे से विभिन्न जनपद से आई टीम कव्वाली का प्रदर्शन करेगी। उक्त बात की जानकारी आयोजन समिति के लोगों ने दी है।

## नीट में चयन होने पर छात्र को किया गया सम्मानित

**खेतासराय।** खेतासराय-शाहगंज मुख्य मार्ग पर उसरहटा स्थित मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज के होनहार छात्र का नीट में चयन होने के पश्चात कॉलेज परिवार ने प्रार्थना स्थल पर सम्मानित किया।

उक्त कॉलेज के छात्र उसरहटा निवासी मोहम्मद अहमद पुत्र सुहेल अहमद का उक्त इण्टर कॉलेज से माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के पश्चात डॉक्टर बनने का सपना सजोये नीट की परीक्षा दी थी। जिसमें उसका चयन होने से सुख-चिंतकों में खुशी की लहर छा गयी थी। उक्त छात्र की एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट लखनऊ कॉलेज मिला है। ऐसे में उक्त मिर्जा अनवर बेग इण्टर कॉलेज परिवार ने उक्त छात्र को प्रार्थना स्थल पर सम्मानित कर हौसला बढ़ाया है। इस दौरान प्रबंधक अल्तमश बर्लाश ने बताया कि इस तरह से सम्मानित करने पर कॉलेज के अन्य छात्राओं का हौसला बढ़ेगा। इस दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# किसानों और मजदूरों के मसीहा थे ठेंगड़ीजी : मंगला प्रसाद

**आयोजन**

### दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में मनाई गई दत्तोपंत की जयंती

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान की ओर से गुरूवार को दंतोपंत ठेगड़ी की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. मंगला प्रसाद ने कहा कि दत्तोपंत बाबूराव ठेंगड़ी एक कर्मयोगी थे और आजीवन उन्होंने किसान, मजदूरों के न्याय और हितों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने देश हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम का नारा दिया था। उन्हें पद्म विभूषण का सम्मान भी प्रदान किया गया था किंतु उन्होंने उसे लेने से इनकार कर दिया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन मजदूरों और किसानों की हक की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया और आजीवन उनके उत्थान के लिए संघर्ष किए। उनका नाम और काम देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक फैला था। विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग मिश्रा ने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा दत्तोपंत ठेंगड़ी सामाजिक व राजनीतिक कार्यों में आजीवन सक्रिय रहे और बहुत से सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। डॉ. दिनेश सिंह ने कहा दत्तोपंत ठेंगड़ी एक महान मजदूर नेता ही नहीं बल्कि बहुत बड़े समाज-सेवक, समाज-सुधारक, दार्शनिक एवं अर्थशास्त्री भी थे। कार्यक्रम में संस्थान की शिक्षक डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. राजित राम सोनकर, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. राहुल कुमार राय, श्री प्रकाश यादव एवं डॉ. अंकित कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधि संस्थान के सभी छात्रों ने भी हिस्सा लिया और दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचार एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



# साहू तेली समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** साहू तेली समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष सहित कुल 24 पदाधिकारियों ने शपथ ली। बुधवार को देर सांय नगर के महतवाना मोहल्ला स्थित एक निजी प्रतिष्ठान के प्रांगण में सर्वप्रथम साहू तेली समाज विकास ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजी साहू को मुख्य अतिथि और साहू कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष तथा अंबेडकरनगर के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने पद की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

तत्पश्चात अध्यक्ष रामजी साहू ने रतन लाल गुप्ता और पूर्व सभासद मुंशीलाल गुप्ता को महामंत्री पद की व आत्माराम गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. एसपी गुप्ता, लक्ष्मी शंकर गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, श्यामसुंदर गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, अजय गुप्ता को उपाध्यक्ष पद एवं राम मूरत गुप्ता, कैलाश नाथ साहू, राकेश गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, चंदन गुप्ता, रवि प्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, गोविंद प्रसाद गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता को मंत्री पद की शपथ तथा विशेष रूप से राम गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद की और राकेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी पद की जबकि राम प्रसाद गुप्ता को संयोजक पद की शपथ दिलाई गई।मुख्य अतिथि अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि साहू तेली समाज धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर है लेकिन आर्थिक रूप से मजबूत होने का कोई मतलब तब तक नहीं है जब तक कि हम राजनैतिक और शैक्षिक रूप से भी मजबूत न हो सके। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामजी साहू और उनकी टीम ने कहा कि साहू तेली विकास ट्रस्ट के माध्यम से समाज के गरीब बच्चों का उत्थान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम नारायण साहू तथा संचालन धरम चंद गुप्ता ने किया।

### व्यापार मंडल ने जेब्रा के सामूहिक विवाह को लेकर की बैठक

**जौनपुर।** जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में आगामी 18 दिसंबर को मोहम्मद हसन कालेज के प्रांगण में होने वाली सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह को लेकर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह इंदु के निर्देश पर व्यापार मंडल गौराबादशाहपुर की एक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से आये जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सेठ ने कहा कि संस्था हर तीसरे वर्ष सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गरीब व असहाय लोगों के बेटे बेटी की शादी संस्था अपने खर्च पर करता है। वास्तव में सराहनीय और पुण्य का काम है। इस सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने के लिये व्यापारियों ने अपना भरपूर समर्थन व सहयोग देने का निर्णय लिया। साथ ही पैसों के अभाव में कुछ गरीब की बेटियों व बेटों की जो शादियां नहीं हो पा रही है। ऐसे लोगों को तलाश कर इस सामूहिक विवाह समारोह में शामिल कराने के लिये प्रेरित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री मोहम्मद इकराम अंसारी, सतीश, याकूब, सर्वेश, आफताब आलम, तौसीफ अहमद, मोहम्मद फैज, संतोष गुप्त आदि उपस्थित रहे।

# आशाओं को बताया-कैसे पहचानें नवजात में खतरे के लक्षण

जानकारी

### हाथ धुलने, तापमान नापने, वजन करने और सांस अवरुद्ध होने पर देखभाल करने का ढंग बताया

**जौनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में 17 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक आशा कार्यकर्ताओं के तीन बैच का प्रशिक्षण हुआ। इसमें उन्हें माड्यूल 6 और 7 के तहत प्रसव के बाद गृह आधारित नवजात की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। हर बैच में 30-30 आशा कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने नवजात शिशु में खतरे के संकेतों को पहचान कर शिशु को सीएचसी रेफर करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब शिशु स्तनपान करने में असमर्थ हो, खानपान पर उल्टी कर दे, शरीर में ऐंठन हो, सुस्त/बेहोश हो तो यह स्थितियां खतरे का संकेत करतीं हैं। ऐसी स्थिति स्थिति में उसे तुरंत सीएचसी रेफर कर देना चाहिए। चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीन सिंह ने बताया कि नवजात के घर पहुंचने पर आशा कार्यकर्ता की सबसे पहली जिम्मेदारी साबुन और पानी से अपना हाथ धुलने की है। इसके लिए सुमन-के विधि का प्रयोग करना चाहिए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार चौबे ने थमार्मीटर से नवजात का तापमान मापने, वजन मशीन के माध्यम से वजन करने, शिशु को कंबल में लपेटने का तरीका बताया। प्रशिक्षकों ने सांस अवरुद्ध हो जाने पर म्यूकस एक्सट्रैक्टर मशीन से बच्चे की नाक और मुंह साफ करने का ढंग बताया। साथ ही दस्त, बुखार आदि से बचाव व मलेरिया जैसे संक्रमण से उनका बचाव करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने चार्ट के अनुसार बालक-बालिकाओं में कुपोषण के स्तर का पता लगाने के बारे में भी बताया। गैर सरकारी संगठन के संजय कुमार सिंह और दिनेश कुमार सिंह ने भी आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जलालपुर, नेहरू नगर, केराकत और रामनगर की आशा कार्यकर्ता शामिल हुईं।

## संक्षेप

### भोजपुरी फिल्म दिशा में एक साथ दिखाई देंगे आदित्य और श्रुति

**जलालपुर।** क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव निवासी भोजपुरी फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के निवास स्थान पर आए भोजपुरी फिल्म के जाने-माने अभिनेता आदित्य ओझा व फिल्म अभिनेत्री श्रुति राव ने प्रेसवार्ता में बताया कि वह जिले में बन रही भोजपुरी फिल्म दिशा के शूटिंग के लिए मुम्बई से आए है। श्री ओझा ने बताया वह बचपन में क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन पीठ में गंभीर चोट के कारण वह क्रिकेटर के रूप में अपना करियर नही बना सके। अभिनेता बनने से पहले उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा थिएटर कलाकार प्रदीप झा के साथ अभिनय की कार्यशालाएं कीं। उन्होने बताया कि 2011 में भोजपुरी फिल्म सुगना से शुरूआत किया। इसके बाद एक के बाद एक फिल्मों के ऑफर आने शुरू हो गए। इनकी प्रमुख फिल्में सुगना, रिहाई, सुगना-2, शादी करके फंस गया यार, बॉर्डर, आशीर्वाद चाहता मैया के सहित दर्जनों भोजपुरी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। फिल्म अभिनेत्री श्रुति राव एक अभिनेत्री और गायिका है। उन्होंने बताया पराग पाटिल द्वारा निर्देशित भोजपुरी फिल्म लिट्टी चोखा में खेसारी लाल यादव के साथ काम किया है। श्रुति ने अपने करियर की शुरूआत गायन से की और दर्जनों से अधिक गाने गाए और विभिन्न यूट्युब चैनल पर रिलीज हुए। श्रुति ने बताया की वो अब तक एक दर्जन से अधिक फिल्मों में काम कर चुकी है। इनकी प्रमुख फिल्में लाल, अफवाह, उड़ल ओढ़निया प्यार में, सैंया सवरका, लव लेटर, इश्क हसाय इश्क रूलाय, जलवा सहित और कई भोजपुरी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ, सतीष वर्मा, विनय वर्मा, गायक राजेश तिवारी रत्न, प्रेमधनी विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चन्दन ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### एआरएम ने कस्बे से रोडवेज बसों के संचालन के लिए मांगा समय

**गौराबादशाहपुर।** नगर पंचायत में रोडवेज बसों का कस्बे से संचालन न होने का कारण जब अपराध निरोधक कमेटी अध्यक्ष डॉ. जयसिंह राजपूत द्वारा एआरएम जौनपुर से पूछा गया तो उन्होंने असमर्थता व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि इस समय हमारे यहां चेकिंग बैन उपलब्ध नहीं है जिसके कारण हम बसों की चेकिंग कराने में असमर्थ हैं। हमें दो चार दिन का समय दीजिये जल्द ही बैन उपलब्ध होने की संभावना है जैसे ही बैन उपलब्ध हो जाती है तत्काल चेकिंग करवाकर जो भी रोडवेज की बस बाईपास से गुजरती हुई मिलेगी उनको दंडित किया जाएगा एवं सारी रोडवेज की बसों का संचालन सुचारु रुप से कस्बे से कराया जाएगा ताकि यात्रियों की हो रही असुविधा को समाप्त किया जा सके।

### घायल नीलगाय का कराया गया उपचार

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित फरीदपुर गांव के समीप बाहर सुनसान जगह पर गुरुवार को घायलावस्था में बेसुध पड़ी नीलगाय का उपचार पशुचिकित्साधिकारी की देखरेख में हुआ। पशुचिकित्साधिकारी डॉ. विपिन सोनकर ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि विकास खण्ड सोंधी अंतर्गत स्थित फरीदपुर गांव के बाहर सुनसान जगह पर नीलगाय घायलावस्था में बेसुध पड़ी हुई है। सूचना के बाद टीम लेकर मौके पर पहुँचे घायलावस्था में नीलगाय का उपचार किया। टीम में जयराम गौतम, संजय शर्मा, अश्वनी, भूपेंद्र, राजेश आदि लोग शामिल रहे।

### ड्यूटी से नदारद शिक्षक का एबीएसए ने रोका एक दिन का वेतन

**ज्ञानपुर।** प्रदेश की योगी सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के क्रम में गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के आदेश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय तुलापुर रोही का खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।एबीएसए के निरीक्षण में गायब शिक्षक जय शंकर पांडेय का एक दिन का वेतन रोका गया और स्पष्टीकरण मांगा गया है। वही खंड शिक्षा अधिकारी ने जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी हैं।

### सालाना उर्स कल

**भदोही।** बाबूसराय बाजार डाक बंगला के पश्चिम हजरत बाबा निजामुद्दीन सैयद बाबा का सालाना उर्स 12 नवंबर दिन शनिवार को मनाया जाएगा। जिसमें जवाबी कव्वाली का मुकाबला नसरुद्दीन जौनपुर व रौनक जहां नागपुर के बीच होगा। उपरोक्त जानकारी मोहम्मद नईम ने दी है।

### पत्रकार के चाचा के निधन पर शोक

**सुरियावां।** क्षेत्र के ग्राम बलीपुर निवासी पत्रकार अशोक सिंह के चाचा रामधारी सिंह उम्र 79 वर्ष अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक का निधन गत बुधवार को हो जाने पर गुरुवार को शोकसभा आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में विनय चौरसिया, नंदलाल गुप्ता, शेषधर गुप्ता, स्वामीनाथ मिश्र एडवोकेट, डॉ. चंद्रेश मौर्य, मनोज शुक्ल, शिवा सिंह, धर्मराज सिंह, अशोक कुमार मिश्र, सिंपी सिंह, राज शेखर उपाध्याय, महेंद्र सिंह, केदारनाथ यादव, शिव शंकर यादव, मूलचन्द्र यादव, ए के सिंह आदि लोग शामिल रहें।

### जनसंवाद दिवस पर 57 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में उनके द्वारा शुरूआत किए गये प्रत्येक वृहस्पतिवार जनसंवाद दिवस में विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस का सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस व अन्य शिकायती पोर्टल पर लम्बित वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में असंतुष्ट फीडबैक वाले शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई कर त्वरित निस्तारण किया किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग में जनसंवाद दिवस का आयोजन कर बताया कि मुख्यमंत्री शिकायत पटल एवं अन्य पटल पर प्राप्त शिकायतों में असंतोषजनक, फीडबैक शिकायतों का त्वरित व गुणर्वत्तापूर्ण समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित सभी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक वृहस्पतिवार को जन संवाद दिवसह्लह्ल में असंतुष्ट फीडबैक में से गुरुवार को 125 शिकायतों का लगभग सभी कार्यालयध्यक्षों द्वारा असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं व अन्य रिपीटेड, डिफाल्टर, सी श्रेणी के शिकायतकर्ताओं से स्वयं एवं अधीनस्थ के द्वारा सुनवाई किया गया। विद्युत कार्यालय भदोही, जिला बेसिक अधिकारी आदि सभी विभागों द्वारा असंतुष्ट शिकायतों के संतुष्टि परक निस्तारण पर बल दिया गया।

### मेट्रो झांकी को मिला पहला पुरस्कार

**गौराबादशाहपुर।** अपने अनुशासन के लिए जानी जाने वाली रामलीला व भरत मिलाप वास्तव में ऐतिहासिक है। ऐसे ही आयोजनों से सनातन धर्म को स्थापित करने तथा भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलती है। उक्त बाते एक मैरिज हॉल में आयोजित नवयुवक रामलीला एवं ऐतिहासिक भरत मिलाप समिति द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रिंशु' ने कही। विशिष्ट अतिथि अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अनुपम सिंह ने सभी झांकियों को भव्य एवं अतुलनीय बताया। सर्वोत्कृष्ट झांकी का पुरस्कार जिवली को मिला, पुरस्कृत होने वालों में नवीन साहू, धर्मेंद्र गुप्ता, परम ज्योति संस्था, सुजीत जायसवाल, अजीत सोनकर, टीम 07, शीशवंश सिंह इत्यादि रहे। संचालन अमित प्रजापति ने किया। अध्यक्षता कमलेश ने की। कार्यक्रम में नवीन साहू बबलू, हरिशंकर सेठ, अजीत सोनकर, अमित गुप्ता, पप्पू चौरसिया इत्यादि मौजूद रहे।

# पीजी कॉलेज में रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड के स्टेशन रोड स्थित पीजी कालेज में रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय के हाथों किया गया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना हर हाथ को रोजगार के अंतर्गत गुरूवार को मडियाहूँ पीजी कॉलेज में जिला प्रमुख मनोज पांडे के नेतृत्व में कॉलेज में कार्यालय का उद्घाटन हुआ जिसमें विद्यार्थी परिषद के प्रमुख मनोज शुक्ला तथा महाविद्यालय में रोजगार सृजन केंद्र का कार्य देख रहे प्रोफेसर विवेक मिश्र के अथक परिश्रम से छात्र हित के लिए एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर एसके पाठक ने किया जबकि मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय रहे।

निश्चित रूप से यह कार्यक्रम छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बताया छात्र 40 साल तक कंप्टीशन की तैयारी ही नहीं करेंगे। अपने युवा ऊर्जा को यूं ही नष्ट करेंगे। अपितु छात्र जीवन में ही स्वरोजगार के माध्यम से धन अर्जन का कार्य प्रारंभ करेंगे। इस योजना का उद्देश्य चीन के बढ़ते हुए आर्थिक दबदबे को कम करना है। आज भारत वासियों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा चीन को जा रहा है जबकि हमारे छात्र बेरोजगार और लाचार होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय के शिक्षक या क्षेत्र के समस्त जागरूक नागरिकों की जिम्मेदारी बनती है कि स्वरोजगार के माध्यम से देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए इसकी पूरी संभावनाएं हमारे गांव क्षेत्र में उपलब्ध है। सिर्फ छात्रों को सही दिशा देने की आवश्यकता है और यह दिशा स्वरोजगार सृजन केंद्र के द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर विवेक मिश्र ने किया छात्रों छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ-साथ स्वरोजगार से जुड़े प्रेरणादाई गीत भी गाए गए। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अंजनी पांडे, प्रो. अजय वर्मा, प्रो. सुमन सिंह के साथ सुजीत पटेल, आशुतोष शर्मा, दया सिंधु, संजय सरोज राजपाल, डॉ. जेपी दुबे, डीजे चतुर्वेदी, डॉ. कुरील जैसे विद्वत प्रोफेसर ने छात्रों को इस दिशा में प्रेरित किया।

### फिल्म दरोगा नम्बर वन के लिए हुआ शुभ मुहूर्त

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम चौकियां नई बाजार में गुरुवार को पूर्वान्ह दस बजे भोजपुरी फिल्म दरोगा नम्बर वन के निर्माण के लिये शूटिंग की शुरूआत पूजा पाठ कर किया गया। फिल्म की शूटिंग का शुभारम्भ पूर्व जिला पंचायत शर्मिला यादव पत्नी रमेश यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। दरोगा नम्बर वन फिल्म का निर्माण कृष्णा फिल्म व उत्तीमराज प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है। फिल्म के बारे में बताते हुए निर्माता कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि फिल्म की कहानी में उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग और ग्रामीण परिवेश में नौकरी के दौरान आने वाली चुनौतियों और ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करने से जुड़ी है। वहीं अपराध नियंत्रण से पुलिस विभाग क्षवि सुधारने और दबंग बदमाशों से गाँव की गरीब जनता को बचाते हुये सबका विश्वास जीतने में कामयाब हो जाता है। वहीं ये पूरी फिल्म पारिवारिक परिवेश में देखने के योग्य होने के साथ ही एक कॉमेडी फिल्म है। मौके पर अर्चना सिंह, निर्देशक व कैमरामैन निरंजन सिंह व सहयोगी अंशुल, लेखक दीपक भगत, स्टोरी रिसर्चर सोनू सहगम, फिल्म अभिनेता शुभम तिवारी, अभिनेत्री प्रग्या तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लखनऊ में 15 नवंबर को शिक्षक भरेंगे हुंकार : अमित सिंह

बैठक

### धरने को सफल बनाने के उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की हुई बैठक



बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक हुसेनाबाद स्थित कैंप कार्यालय में हुई।

बैठक के सम्बंध में जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने अवगत कराया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पूर्व से घोषित आन्दोलन के क्रम में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर पूरे देश में निरन्तर चरणबद्ध आन्दोलन चल रहा है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) द्वारा उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर चरणबद्ध तरीके से विभिन्न आन्दोलन जैसे हस्ताक्षर अभियान/जनपदीय धरना प्रदर्शन सहित अन्य कई आन्दोलन किए गए। साथ ही अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा देश के समस्त राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन प्रस्तावित है। जिसके क्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य चार सूत्रीय मांग को लेकर 15 नवम्बर को ईको गार्डन लखनऊ में एक दिवसीय प्रदेशीय धरना प्रदर्शन आन्दोलन पूर्व से घोषित किया जा चुका है।

इस अवर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अतुल सिंह संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, नूपुर श्रीवास्तव, रामकृपाल यादव स्वतंत्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# वार्षिक निरंकारी संत समागम में रवाना हुए सैकड़ों सेवादार

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** संत निरंकारी मंडल द्वारा समदृष्टि के भाव को दशार्ते हुए 75 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 16 से 20 नवंबर को समालखा हरियाणा में भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी स्थानीय संयोजक राजेश कुमार ने देते हुए बताया कि निरंकारी संत समागम को भव्यता एवं दिव्यता के साथ सुंदर स्वरूप देने के लिए आज सैकड़ों सेवादार भक्त भदोही से अलग-अलग स्थानों से ट्रेन के माध्यम से रवाना हुए।



वार्षिक निरंकारी संत समागम में भाग लेने के लिए भदोही रेलवे स्टेशन से रवाना होते सेवादार

उन्होंने कहा कि जब हम सद्गुरु से साकार रूप में मिलते हैं तो हमें निराकार ईश्वर के ही प्रतिनिधि होने का बोध होता है। इसलिए सद्गुरु की पहचान निराकार से ही है। सद्गुरु संसार के सभी जाति धर्म नस्ल भाषा एवं संस्कृति से ऊपर होता है। ऐसे सभी बंधनों से मुक्त होता है और समस्त मानव जाति को विविधता में एकता के भाव से युक्त होकर मिलवर्तन एवं भाईचारे के साथ जीने की कला सिखाता है। उन्होंने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंकारी सेवादल के जवान हर समय मानवता की सेवा के लिए तैयार रहते हैं। इनको जब भी पुकारा जाता। यह सेवादार खुशी-खुशी निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए पहुंच जाते हैं।

इस दिव्य संत समागम का उद्देश्य मानवता एंव भाईचारे की भावना को दृढ़ता प्रदान करना तथा रूहानियत में इंसानियत के महत्व को दशार्ना है जो केवल ब्रह्मानुभूति से जुड़कर ही संभव है।

### जसवंत सिंह बने अध्यक्ष, महामंत्री की जिम्मेदारी शिवाकांत को

**ज्ञानपुर।** कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश शाखा भदोही में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, प्रांतीय कार्यकारिणी के अध्यक्षता में दो वार्षिक अधिवेशन कृषि भवन घराव में संपन्न हुआ।

वार्षिक अधिवेशन में गुरुवार को पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जसवंत कुमार सिंह, महामंत्री शिवाकांत, संगठन मंत्री यशवंत कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री धर्मराज यादव, डा विश्वंभर सिंह को संघ का संरक्षक निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह, उप संभागीय कृषि प्रसार के साथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष धर्मराज यादव, राधा रमण मिश्रा, प्रांतीय अध्यक्ष अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, एवं अंबा प्रकाश शर्मा प्रांतीय महामंत्री अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश, डॉ आदित्य कुमार मिश्र, फराज कबीर, अरविंद कुमार सिंह, अवधेश कुमार संत तथा समस्त सदस्य अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जनपद शाखा भदोही मौके पर उपस्थित रहे ।

# सहकारी समिति की एसडीएम ने की जांच



क्रय विक्रय सहकारी समिति का औचक निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय

**गोपीगंज।** नगर के पड़ाव स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति पर खाद न मिलने की शिकायत पर गुरुवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने सहकारी समिति की जाँच की। एसडीएम की जाँच के दौरान सहकारी समिति में हड़कंप मचा रहा।

बताया जाता है कि किसानों द्वारा समिति पर डीएपी उर्वरक न मिलने की शिकायत की गई थी। जिस पर एसडीएम अश्वनी पांडेय व नायब तहसीलदार संजय समिति पर औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। उप जिलाधिकारी ने सहकारी समिति के रजिस्टर, कंप्यूटर आदि की जांच करने पर पाया कि शिकायत निराधार है, और पर्याप्त मात्रा में डीएपी उर्वरक खाद यूरिया मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई शिकायत होती है तो संबंधित नंबर सहित उप जिला अधिकारी से संपर्क करें। सहकारी समिति पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि हमारे पास जितनी मात्रा में डीएपी खाद यूरिया मौजूद है, वह किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन किसानों को नहीं मिला है वह उपलब्धता होने पर दी जाएगी।

# औराई अग्निकांड में झुलसी परी की इलाज के दौरान गई जान

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### भदोही के जीवनदीप हॉस्पिटल में परी ने तोड़ा दम

**ज्ञानपुर।** दो अक्टूबर की रात हुई औराई ?दुर्गा पूजा पंडाल में अग्निकांड की घटना में गुरुवार को चार वर्षीय परी की भदोही के जीवनदीप हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परी की मौत से अग्निकांड में हुई मौतों की संख्या उन्नीस पहुँच गयी।भदोही मेडिकल टीम प्रशासन ने बताया कि 19 वी मृतका परी पुत्री चंदन उम्र चार वर्ष निवासी राजापुर औराई पचीस फीसदी आग से गंभीर रूप से जल चुकी थीं। मृतका का विगत दिनों से पूरी मेडिकल टीम गंभीरता से इलाज कर रही थी, लेकिन डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद भी उनको बचाया नहीं जा सका। जिलाधिकारी भदोही गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में ईश्वर से साहस संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# तीन अलग-अलग निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**भदोही।** नगर के पकरी व अयोध्यापुरी में तीन अलग अलग निर्माण कार्य का बृहस्पतिवार को पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने फावड़ा चला कर शिलान्यास किया। इस दौरान वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पुनीत मेहरा ने सिविल लाइन स्थित आधा दर्जन विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग किया। पालिकाध्यक्ष पहले अयोध्यापुर पहुचे। यहां प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी से रामचंदर गुप्ता के पेट्रोल पंप तक 17.82 लाख की लागत से बनने वाले सीवर विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एक और टेंडर हुआ है। जो पेट्रोल पम्प से सालिमपुर मोड़ तक सीवर विस्तार होना है। जिससे पकरी स्टेशन रोड के पटरियों पर जलभराव समस्या समाप्त हो जायेगा। यहां से पालिकाध्यक्ष पकरी वार्ड के प्रेम बहादुर के मकान से सभाशंकर यादव के मकान तक 13.63 लाख की लागत से दोनों तरफ नाली व इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। तत्पश्चात पकरी वार्ड में प्लेटफार्म नं. 2 के शुलभ शौचालय से सालीग्राम विश्वकर्मा के मकान तक 4.99 लाख की लागत से 500 मीटर पेयजल पाईप लाईन विस्तार का शिलान्यास किया। वार्ड सभासद मुन्नीलाल यादव व उपस्थित लोगो ने पालिकाध्यक्ष का फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस दौरान मुकेश दूबे, सभासद सुजीत यादव, जितेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, विमलेश सिंह डब्लू, अशोक श्रीवास्तव, इन्द्रजीत यादव, मुकेश दूबे, अशोक श्रीवास्तव, इन्द्रजीत यादव, मुन्नी गुप्ता, बसंत लाल मौर्या आदि उपस्थित रहे।



फावड़ा चला कर शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल व साथ मे खड़े पुनीत मेहरा व अन्य लोग

### शिकायतों में समयबद्ध निस्तारण न होने पर 15 कम्प्यूटर आपरेटरों को स्पष्टीकरण जारी

**भदोही।** आइजीआरएस शिकायतो के निस्तारण में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के ने समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने की दिशा में लगभग पन्द्रह कार्यालयो के कम्प्यूटर आपरेटरो,कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। आइजीआरएस शिकायत निस्तारण में शिथिलता व लापरवाही बरतने पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय डीघ, विद्युत कार्यालय ज्ञानपुर, भदोही, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय अभोली के कम्प्यूटर आपरेटरो, कर्मचारियों, सहित जिला ई गवर्नेन्स कार्यालय के ईडीएम, शिकायत लिपिक, प्रशान्त एवं संजय यादव को स्पष्टीकरण देते हुये पन्द्रह दिन के भीतर कार्यशैली में सुधार कराने का निर्देश दिया तथा अन्य उपर्युक्त सभी कम्प्युटर आपरेटरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश अपर जिलाधिकारी ने दिया। उन्होने समस्त विभागो के आइजीआरएस सम्बन्धित कम्प्यूटर आपरेटरो को 15 नवम्बर तक डिफाल्टर श्रेणी के शिकायतो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने निर्देश दिया।

# वाहन चेकिंग में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जनसंदेश न्यूज

चेकिंग अभियान

### फर्जी नंबर प्लेट लगे बोलेरो के साथ एक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोपीगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। बुलेरो पर कूटरचित नम्बर प्लेट व गलत स्टिकर लगा कर चल रहे आरोपी को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्टल मय जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्टीकर व बरामद पिस्टल लोगों पर रौब दिखाने के लिए करता था। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा जनपद में चुस्त.दुरुस्त कानून व्यवस्था एवं अपराधों पर अंकुश व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में नौ नवंबर की रात्रि में गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व वाहनों की चेकिंग राजमार्ग पर बड़ागांव मोड़ पर कर रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर बिना रजिस्ट्रेशन बुलेरो वाहन पर कूटरचित नम्बर प्लेट व आगे शीशे पर उत्तर प्रदेश सरकार का गलत तरीके से स्टीकर लगाए हुए आरोपी संतोष कुमार उपाध्याय निवासी बेलहुआ थाना ऊंज को बोलेरो सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज पिस्टल 32 बोर मय 4 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि बरामद पिस्टल व गलत तरिके से लगाये हुए स्टीकर का उपयोग लोगों पर रौब दिखाने के लिए करता था। उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना मे मुअसं.325/2022 धारा.170, 420, 467, 468, 471भादवि मुअसं. 326/2022 धारा.3/ 25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर पूछताछ व आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# कर्नाटक में भी 'ज्ञानवापी'

## आखिर क्यों अदालत को कहना पड़ा, बंद हो निर्माण

## मस्जिद के नीचे से मंदिर निकलने की बात उठ चुकी है

**बंगलुरु।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद का मसला अभी हल नहीं हुआ है कि अब कर्नाटक में भी कुछ ऐसा ही मामला उठ खड़ा हुआ है। वहां भी एक मस्जिद के नीचे मंदिर होने की बात आई तो पेशबंदी शुरू हो गयी। मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे को मस्जिद कमेटी तोड़वा रही थी कि कोर्ट में याचिका दाखिल कर मांग की गई कि ढांचे को कोई खास पक्ष नहीं तोड़ सकता। वक्फ बोर्ड से जुड़े लोगों ने कहा कि यह वक्फ की सम्पति है और यह उसके अधिकार क्षेत्र में है। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता पहुंचे और ढांचा तोड़ने का काम बंद करने की मांग की। सिविल कोर्ट ने कहा है कि मलालीपेटे मस्जिद से जुड़ी याचिका की सुनवाई करना उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। असल में याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित मलालीपेटे मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे को तोड़ने पर स्थाई रूप से रोक लगाने का आग्रह किया था। लेकिन मस्जिद समिति ने इसे सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर करार दिया था। हालांकि, अतिरिक्त सिविल जज निकिता अक्की ने अपने फैसले में अधिकार क्षेत्र से जुड़े तर्क को खारिज कर दिया। समिति की ओर से तर्क दिया गया था कि मस्जिद के वक़्फ़ बोर्ड की जमीन पर स्थित होने की वजह ये मामला सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से बाहर और सिर्फ वक़्फ़ ट्राइब्यूनल इस मामले में सुनवाई कर सकता है। याचिकाकर्ताओं के वकील चिदानंद केदल्या ने बताया है कि अदालत ने कहा है कि यह मामला उसके अधिकार क्षेत्र में आता है। वहीं, मस्जिद समिति के वकील एमपी शिनॉय ने बताया है, हम अधिकार क्षेत्र का मसला कर्नाटक हाई कोर्ट में लेकर जाएंगे। हमने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे तमाम मामलों को सामने रखा है जिसके तहत ये मामला वक़्फ़ ट्राइब्यूनल के सामने जाना चाहिए। इस मस्जिद के नीचे मंदिर जैसे ढांचे निकलने के मामले की तुलना वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद विवाद से की जा रही है।



## ये शाही मस्जिद क्या कभी हनुमान मंदिर थी ?

तटीय क्षेत्र में बनी ये मस्जिद एक साधारण टाइल्स वाली पारंपरिक संरचना है जो 4,350 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली है। इस मस्जिद में स्थानीय निवासी नियमित तौर पर प्रार्थना में शामिल होते हैं। मस्जिद के बगल में एक कब्रिस्तान है। कहा जाता है कि लगभग 500 साल पहले उल्लाल अब्बाकदेवी के शासन के दौरान ये मस्जिद अस्तित्व में आयी थी। एक स्थानीय निवासी ने गुमनामी की शर्त पर कहा कि यह साबित करने के लिए दस्तावेज हैं कि ये मस्जिद मौजूद थी क्योंकि सड़क को मस्जिद रोड के रूप में वर्णित किया गया है। मंगलुरु के पास थेनका उलपडी गांव के मलालीपेटे में बने असैद अब्दुल्लाही मदीन मस्जिद को लेकर विवाद इसी साल 21 अप्रैल को सामने आया था।इस मस्जिद की मंदिर जैसी संरचना पर लोगों का ध्यान तब गया जब जीर्णोद्धार के लिए निर्माण सामग्री को अंदर लाने के लिए दीवार के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा था। ये लगभग तभी हो रहा था उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद चर्चा के केंद्र में थी। दशकों से सांप्रदायिक तौर पर संवेदनशील समझे जाने वाले इस इलाके में कोई असहज स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए स्थानीय पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस मामले के दोनों वादियों धनंजय और मनोज कुमार के बारे में उनके वकील एम. चिदानंद केदल्या ने कहा, मस्जिद के अंदर एक पुराने मंदिर को देखकर वे लोग अचरज में थे। इन दोनों ने मस्जिद समिति के सदस्यों से मंदिर जैसी संरचना नहीं गिराने की अपील की। जब मस्जिद समिति ने इनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया तो दोनों वादियों ने पुलिस, तहसीलदार और जिला उपायुक्त को सूचित किया। इसके बाद स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रोक दिया गया। वादियों के वकील के मुताबिक, पुलिस प्रशासन ने वादियों को बताया कि मस्जिद समिति के पास निर्माण कार्य कराने की अनुमति है, इसलिए कोर्ट के आदेश के बिना निर्माण कार्य को लंबे समय तक रोका नहीं जा सकता है। अगले ही दिन धनंजय और मनोज कुमार ने निर्माण कार्य और पुराने ढांचे को गिराने के काम पर रोक लगाने की अपील सिविल अदालत से की। इसके बाद 21 अप्रैल को सिविल अदालत ने मस्जिद में निर्माण कार्य पर अस्थायी तौर पर रोक लगा दी। हालांकि, बाद में स्थानीय सर्वेक्षण के लिए अदालत ने आयुक्त की मांग को स्वीकार नहीं किया गया। हाई कोर्ट ने इस मामले में सिविल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

### क्या कह रहे हैं दोनों पक्ष

इस मामले में वादी धनजंय और मनोज कुमार और प्रतिवादी मलालीपेटे मस्जिद समिति के अध्यक्ष मामू मानेल ने ये दलीलें दी हैं। 30 साल के युवाओं धनजंय एवं मनोज कुमार ने कहा है, वे स्थानीय निवासी हैं और उनकी दिलचस्पी इस मंदिर में है जो एक प्राचीन विरासत है. उनके पूर्वज इस मंदिर में पूजा उपासना करते थे। इन दोनों के मुताबिक, इस मस्जिद का निर्माण सरकारी जमीन पर हुआ है और दोनों पुराने मंदिर को ऐतिहासिक स्मारक घोषित करने और उसे संरक्षित करने के लिए पुरातत्व विभाग को सौंपने की मांग कर रहे हैं।

---

# आखिर डिम्पल को ही क्यों अखिलेश ने उतारा?

## एक तीर से सपा प्रमुख ने कई निशाने साधे हैं

## खानदान की रस्साकशी पर भी लगाम लगा दी है



*लखनऊ। क्या आपको याद है कि अखिलेश ने यह साफ कर दिया था कि डिम्पल अब भविष्य में कोई चुनाव नहीं लड़ेंगी। लेकिन उन्हें तब नहीं पता था कि उनकी राह कुछ ही साल में कांटों भरी हो जाएगी। पिता मुलायम सिंह यादव उन्हें अकेला छोड़ जाएंगे और 2022 का विधानसभा चुनाव वह हार जाएंगे। उन्होंने जो सोचा था, वह पूरा नहीं हुआ। नेताजी के निधन से सारा बवाल उनके कंधे पर आ गया है। चचा सिर पर सवार हैं कि अब नेताजी की विरासत में सेंध लगाउंगा। मैनपुरी का चुनाव लड़ना था क्योंकि सपा का सबसे मजबूत व विश्वस्त किला है यह। अखिलेश यूपी नहीं छोड़ सकते और यह उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़कर बता दिया था। आजमगढ़ की हार ने उनके कदमों के नीचे से दरी खींच ली थी। अब वो मैनपुरी की विरासत किसी और को नहीं देना चाहते। सबसे सेफ सीट है यह तो सबसे विश्वस्त भी उसे संभाले। निगाह दौड़ाई और दिमाग से सोचा तो डिम्पल ही उपयुक्त लगीं। आखिर जीवन संगिनी हैं और आगे जो फैसला अखिलेश लेंगे, उसे आसानी से स्वीकार वह कर सकेंगी। डिंपल सियासी दंगल में 3 साल बाद वापसी कर रहीं हैं। 2019 में उन्होंने कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां वह भाजपा के सुब्रत पाठक से हार गई थीं। तब से वह सीधे तौर पर राजनीति में नहीं उतरीं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कौशांबी समेत कुछ सीटों पर प्रचार किया था। डिम्पल के साथ कमजोरी यह है कि वह सधी हुई राजनीतिज्ञ नहीं हैं और न लच्छेदार भाषण में माहिर। जनता को अपनी ओर खींचने के लिए नेताओं को भाषण में माहिर होना होता है। अखिलेश की समस्या यह है कि वह अपने चचेरे भाइयों या चाचा पर भरोसा नहीं कर सकते। इसका कारण है मुलायम सिंह यादव का न होना। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साधने और उन्हें राह पर लाने का काम वही करते थे। अब अखिलेश की समस्या यह है कि वरिष्ठ नेताओं की इगो कैसे सहलाएं। वरिष्ठ भी थोड़े ऐंठ गए हैं। ऐसे में डिम्पल से बेहतर उन्हें मैनपुरी से कोई नहीं लगा और फिर आगे कभी लोकसभा में जाना हुआ तो यह सीट उन्हें हर तरह से मुफीद साबित होगी।*



### 2012 में कन्नौज से सपा ने डिंपल पर ही जताया था भरोसा

अखिलश यादव के कन्नौज लोकसभा सीट छोड़ने के बाद 2012 में उपचुनाव हुआ। सपा ने इस बार भी डिंपल यादव पर भरोसा जताया। वहीं, इस चुनाव में बसपा, कांग्रेस, भाजपा ने उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। जबकि, दो लोगों के नामांकन वापस लेने के बाद डिंपल निर्विरोध चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। वहीं 2014 लोकसभा चुनाव में भी वह कन्नौज सीट बचा ले गईं। वैसे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि डिंपल को मैनपुरी से प्रत्याशी बनाए जाने का कारण यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में उनका चुनाव प्रचार रहा। चुनाव प्रचार में डिंपल यादव हिट रहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें आखिरी चरणों में मुश्किल सीटों पर प्रचार के लिए उतारकर सीटें अपनी झोली में डलवा ली। कौशांबी और जौनपुर में हुई जनसभाओं में सिर्फ एक सीट ही भाजपा के खाते में जुड़ सकी। वो भी बहुत कम मार्जिन के साथ। विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में पहली जनसभा डिंपल ने सिराथू में पल्लवी पटेल के लिए की। पल्लवी के सामने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य खुद चुनाव मैदान में थे। डिंपल की जनसभा होने के बाद यहां पल्लवी टक्कर में आ गई। वो इस सीट से जीत गईं। कौशांबी की चायल विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी पूजा पाल के समर्थन में सभा की। पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी हैं। यहां पूजा का मुकाबला अपना दल (सोनेलाल) के नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल से था। 88818 वोट लेकर पूजा पाल ने जीत दर्ज की। यहां भाजपा की तरफ से लाल बहादुर चुनावी मैदान में थे। भाजपा संगठन उनके लिए प्रचार कर रहा था। डिंपल ने यहां इंद्रजीत सरोज के लिए सिर्फ एक जनसभा की थी। यहां भी सपा प्रत्याशी ही जीता। जौनपुर की मड़ियाहू सीट पर अपना दल (सोनेलाल) के प्रत्याशी डॉ. आरके पटेल को सपा की प्रत्याशी सुषमा पटेल से चुनौती थी। यहां डिंपल ने जनसभा की। यहां कांटे की टक्कर ऐसी कि पूरी बाजी सिर्फ 1206 वोटों से ही सुषमा ने जीत दर्ज की। मछलीशहर से डॉ. रागिनी चुनाव लड़ रही थीं। डिंपल ने प्रचार किया। नतीजा ये रहा कि रागनी को 91659 वोट मिले। भाजपा के प्रत्याशी महिलाल 83175 वोट पाकर हार गए थे। जानकारों का कहना है कि समाजवादी पार्टी को परिवार पर भरोसा है। यह रणनीति वह मैनपुरी पर लागू की गई है। सपा की यह रणनीति पहले भी कामयाब हो चुकी है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर 2014 में मुलायम ने जब मैनपुरी सीट छोड़कर आजमगढ़ की सीट संभाली थी। तब भी उपचुनाव में परिवार के तेज प्रताप यादव को मैनपुरी से उतारा था। तेज प्रताप ने तब 3 लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीता था। इससे पहले 2004 उपचुनाव में धर्मेंद्र यादव भी मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत चुके हैं। तब भी मुलायम ने यह सीट खाली की थी। यानी इस बार भी सपा इसी पर भरोसा कर रही है। 2019 में जब मुलायम आजमगढ़ लोकसभा सीट छोड़ मैनपुरी गए तो आजमगढ़ से अखिलेश यादव लोकसभा पहुंचे। हालांकि, 2022 में वह यह सीट छोड़ करहल से विधायक बने। धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ उपचुनाव लड़ाया, लेकिन वह हार गए।

### 2009 में फिरोजाबाद उपचुनाव में उतरीं थीं

विधानसभा चुनाव 2022 में डिंपल ने सपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था। विधानसभा चुनाव 2022 में डिंपल ने सपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था। 2009 लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की दो सीटों फिरोजाबाद और कन्नौज से चुनाव लड़ा। बाद में अखिलेश ने फिरोजबाद सीट छोड़ दी और उपचुनाव में डिंपल को वहां से उम्मीदवार बनाया। लेकिन, डिंपल कांग्रेसी नेता राज बब्बर से चुनाव हार गईं।

### डिंपल 5वीं बार चुनाव लड़ेंगी

44 साल की डिंपल 5वीं बार चुनाव लड़ेंगी। मैनपुरी सपा की पारिवारिक सीट है। 1996 में यहां मुलायम सिंह ने पहली बार चुनाव लड़ा था। तब से इस सीट पर सपा का कब्जा है। तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव ने भी अपनी सियासी पारी की शुरुआत इसी सीट पर जीत से की थी। मुलायम के निधन के बाद इस सीट पर तेज प्रताप यादव और धर्मेंद्र यादव का नाम भी चल रहा था। हालांकि, अखिलेश ने डिंपल के नाम पर आखिरी मुहर लगाई है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि मुलायम की सीट यानी उनकी विरासत पर डिंपल के उतारने के गहरे सियासी मायने भी हैं। डिंपल अब फिर सक्रिय राजनीति में आएंगी।

### भाजपा से अपर्णा की चर्चा शुरू

डिंपल यादव के चुनावी मैदान में उतरने के बाद समीकरण बदले हैं। भाजपा ने अभी अपने उम्मीदवार का चेहरा स्पष्ट नहीं किया है। यहां से शिवपाल यादव के नाम पर की चर्चा चल रही थी। यादव वोटर उनका समर्थन कर सकते हैं, अगर पिछली जाति के कद्दावर नेता का सपोर्ट उन्हें मिले, तो मैनपुरी सीट निकाल सकते हैं। उनके अलावा मुलायम की बहू अपर्णा यादव पर भी सबकी नजर है। अपर्णा यादव को वोटर्स की सहानभूति मिल सकती है। दरअसल, मैनपुरी लोकसभा में सबसे ज्यादा यादव मतदाता हैं। इनकी संख्या 4 लाख से भी ज्यादा की है। इसके बाद शाक्य मतदाता लगभग 2.25 लाख के आसपास हैं। ऐसे में एक चर्चा ये भी है कि भाजपा यहां कोई शाक्य नेता बतौर उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतार सकती है।

### कन्नौज से दो बार सांसद रहीं

15 जनवरी 1978 को महाराष्ट्र के पुणे में पैदा हुईं डिंपल कन्नौज से दो बार सांसद रह चुकी हैं। उनका परिवार मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। उनके पिता रिटायर कर्नल हैं।

---

# आखिर क्यों पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम ने कहा, चुनाव नहीं लड़ेंगे

## गुजरात में क्या हो रहा

### जिस तरह से रूपाणी और नितिन पटेल को हटाया गया, उससे दोनों हैं क्षुब्ध

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की मीटिंग बुधवार की रात 11.30 बजे तक चली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में पहुंचे थे। मीटिंग से पहले ही पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल और सीनियर विधायक भूपेंद्र सिंह चुडास्मा ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। यह कुछ लोगों के लिए अचरजभरा हो सकता है, पर आलाकमान के लिए ऐसा कुछ नहीं था। मोदी व शाह की जोड़ी यह फैसला ले चुकी थी कि जिन्हें नाकाम कहकर कुर्सी से हटाया था, उन्हें किस मुंह से जनता के सामने ले जाते। कोरोना को संभालने में चूक का ठीकरा अपने सिर लिए अब भी घूम रहे हैं विजय रूपाणी। हकीकत वह जानते हैं पर सामने कुछ नहीं कह सकते।

### रूपाणी ने सीनियर नेताओं को भेजा लेटर

गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी ने पार्टी के सीनियर लीडर्स को लेटर भेजकर कहा– सभी के सहयोग से पांच साल सीएम के रूप में काम किया। इन चुनावों में नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए। मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। पार्टी द्वारा चुने गए उम्मीदवार को जिताने के लिए काम करूंगा। विजय रूपाणी 7 अगस्त 2016 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे। 2017 का चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा गया था। तब भाजपा ने 99 सीटें जीती थीं। रूपाणी ने 26 दिसंबर 2017 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।



### नितिन चार बार सीएम बनने से चूक गए थे

पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल वित्त, स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, सिंचाई और शहरी विकास मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। उनके हाथ से चार बार गुजरात का मुख्यमंत्री बनने का मौका निकला है। पहली बार 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने। उस समय गुजरात सीएम के लिए उनका नाम चल रहा था, लेकिन पार्टी ने आनंदीबेन पटेल को मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद 2015–16 के पाटीदार आंदोलन के बाद जब आनंदीबेन पटेल को सीएम पद से हटाया गया, तब भी उनका नाम उछला, लेकिन विजय रूपाणी को मुख्यमंत्री बनाया गया। 2017 का चुनाव परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं आने के बाद ऐसा लग रहा था कि अब नितिन पटेल का सीएम बनना तय है, लेकिन रूपाणी दोबारा सीएम बने। इसके बाद 2021 में बीजेपी ने विजय रूपाणी को हटाकर भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बना दिया। तब भी उनका नाम चर्चाओं में था।

### रूपाणी और पटेल ने कहा- युवाओं को मिले मौका

रूपाणी और नितिन पटेल ने कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे, ताकि युवाओं को मौका मिले। हालांकि चर्चा है कि पार्टी ने इन दोनों नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देकर विधानसभा चुनाव से दूर किया है। विजय रूपाणी को पंजाब की जिम्मेदारी दी गई थी। नितिन पटेल को भी दूसरे राज्य में बड़ी जिम्मेदारी देकर गुजरात चुनाव से दूर रखा जाएगा।